

# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, शनिवार
07 जून 2025
वर्षः 38, अंकः 182
पृष्ठः 12, मूल्यः 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961



देश

पीएम मोदी ने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी



झारखंड

विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरणविद ने वन वृक्षों पर राखियां बांधते हुए कहा कि....



हज़ारीबाग

आए दिन मिल रहे शिकायतों को लेकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल


## तालाब में नहा रही युवती का बना रहा था वीडियो! लोगों ने कर दी धुनाई, निकला बड़ा अपराधी



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**धनबाद:** कहा जाता है इंसान अपना सबकुछ बदल सकता है लेकिन नेचर और सिग्नेचर को नहीं बदला जा सकता है। ऐसा ही एक मामला धनबाद में सामने आया है। यहां एक खतरनाक अपराधी जो अपना नाम और पहचान बदलकर लंबे समय से पुलिस से छुपकर रह रहा था। लेकिन आज अपनी करतूत से पुलिस के गिरफ्त में आ गया।

दरअसल, धनबाद सदर थाना क्षेत्र के विशनपुर दुर्गा मंदिर के पास एक तालाब में स्नान कर रही एक युवती का चुपके से वीडियो बना रहे एक लड़के को पकड़कर स्थानीय लोगों ने जमकर धुनाई कर दी। लोगों ने पिटाई के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन पुलिस जिसे मामूली लफड़ेवाज समझ रहा था। वो युवक कोई साधारण नहीं, बल्कि अपहरण और फिरौती जैसे संगीन अपराधों में वांछित कुख्यात अपराधी निकला। बताया जा रहा है कि जब विशनपुर दुर्गा मंदिर के पास एक युवती स्नान कर रही थी। उसी दौरान रमेश करमाली नामक युवक ने वीडियो बनाना शुरू किया।

**युवती ने संदेह होने पर मचाया शोर :** युवती ने संदेह होने पर शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग जमा हो गए। गुस्साई भीड़ ने पकड़ा और जमकर पिटाई की। सूचना मिलते ही धनबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से बचाकर हिरासत में लिया। पुलिस ने जब उसकी पहचान की, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

पकड़ा गया युवक रमेश करमाली झारखंड के चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र में हुए एक अपहरण कांड का मुख्य आरोपी था। उसने एक ठेकेदार के मुंशी धरमेंद्र गुप्ता को अगवा कर नौ लाख रुपये की फिरौती वसूली थी और तब से फरार था।

पुलिस को उसके घर से फिरौती की रकम भी मिली थी, लेकिन वो गिरफ्तारी से बच निकला था। फिर धनबाद में नाम और पहचान बदलकर यहां छुपकर किराए के मकान में रह रहा था। धनबाद पुलिस ने चतरा पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद चतरा थाना की टीम धनबाद पहुंची और रमेश को अपने साथ ले गई। वह बोकारो के चतरोचट्टी, हुरलुंग का निवासी है।

## सरना धर्म कोड पर सत्ता पक्ष कर रहा राजनीतिः रघुवर दास



**संवाददाता द्वारा**

**धनबादः** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने धनबाद के बीसीसीएल कोयला नगर स्थित गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं और विधायकों के साथ मुलाकात के दौरान राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा. धनबाद से दुमका जाते समय गेस्ट हाउस में रुके रघुवर दास का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया. इस दौरान धनबाद विधायक राज सिन्हा और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने उनसे मुलाकात की.

**भ्रष्टाचार पर प्रहार :** रघुवर दास ने झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक भ्रष्टाचार व्याप्त है. बिना पैसे दिए आम जनता का कोई काम नहीं हो रहा. उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में न तो आदिवासी सुरक्षित हैं और न ही आम जनता.

**कानून व्यवस्था की चरमराई स्थितिः** पूर्व मुख्यमंत्री ने रांची में जमीन विवाद को लेकर बढ़ती हत्याओं पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है. हर दिन जमीन विवाद के कारण हत्याएं हो रही हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही.

**सरना धर्म कोड पर राजनीति का आरोपः** रघुवर दास ने सरना धर्म कोड के मुद्दे पर कांग्रेस और झामुमो पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि ये दल केवल राजनीति कर रहे हैं. जब केंद्र और राज्य में उनकी सरकार थी, तब उन्होंने इसे लागू नहीं किया और अब इस मुद्दे पर वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं.

**माफियाओं के इशारे पर चल रही सरकार :** बीजेपी नेता ने आरोप लगाया कि कोयला और जमीन माफियाओं का सिंडिकेट सरकार चला रहा है. उनके इशारे पर ही सरकार काम कर रही है. रघुवर दास ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी झारखंड की स्थिति खराब है, लेकिन सरकार सुधार के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही.

**उद्योगों की अनदेखी और उग्रवाद का खतरा :** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में उद्योगों के नहीं आने का मुख्य कारण बढ़ती आपराधिक घटनाएं और व्यापार के लिए अनुकूल व्यवस्था का अभाव है. उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में सिंगल विंडो सिस्टम और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में झारखंड देश में चौथे स्थान पर था, लेकिन अब यह 27वें स्थान पर पहुंच गया है. साथ ही, उन्होंने उग्रवाद के फिर से पनपने की चेतावनी दी और कहा कि ऐसी स्थिति में कोई भी निवेशक झारखंड में निवेश नहीं करना चाहेगा.

**अबुआ राज में असुरक्षाः** रघुवर दास ने कहा कि अबुआ राज में न तो महिलाएं सुरक्षित हैं और न ही आदिवासी महिलाएं. उन्होंने जोर देकर कहा कि न जल, न जंगल, न जमीन और न ही जनमानस सुरक्षित है. सरकार केवल बयानबाजी कर रही है, जबकि धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा.

## झारखंड में सात स्कूलों के सभी बच्चे हो गए फेल, शिक्षा विभाग ने दिया जांच का आदेश




**शिक्षा प्रतिनिधि द्वारा**

**रांची :** जैक की मैट्रिक परीक्षा में सात स्कूलों के शत-प्रतिशत बच्चे फेल हो गए हैं। वहीं, 54 स्कूलों में आधे से अधिक बच्चे फेल हो गए। इस परीक्षा के परिणाम में इस वर्ष सुधार होने के बाद इन स्कूलों की यह स्थिति रही। सबसे चिंताजनक बात कि इन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक भी कार्यरत थे। इन स्कूलों में एक स्कूल देवघर का आर मित्रा हाई स्कूल भी है जहां 33 शिक्षक कार्यरत हैं। इस स्कूल से आठ परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें सभी फेल हो गए।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा परिणाम के विश्लेषण में यह मामला सामने आने के बाद विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने इसे गंभीर स्थिति बताते हुए इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को स्पष्टीकरण पूछकर वहां से हटाने तथा अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश संबंधित उपायुक्तों को दिए हैं।

सचिव ने इन सभी स्कूलों की स्थलीय जांच का भी आदेश दिया है। उन्होंने परिणाम के विश्लेषण के बाद पूरी रिपोर्ट सभी जिलों के उपायुक्तों को भेजी है। इसमें कहा गया है कि इस परीक्षा के परिणाम में सुधार के बाद भी 35,729 परीक्षार्थी फेल हो गए हैं। इनका विश्लेषण जरूरी है ताकि कारणों की पहचान की जा सके।

# 'मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है'

### राहुल गांधी ने बिहार को कहा 'क्राइम कैपिटल'

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**नालंदा।** मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है. मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं. अब तो जमाना बदल गया है, चिट्ठी नहीं, व्हाट्सएप कर देंगे. ट्रंप ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया. मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है. कुछ इसी अंदाज में राहुल गांधी ने पीएम मोदी और केन्द्र सरकार पर बिहार के नालंदा से निशाना साधा.

**जाति जनगणना के बहाने PM मोदी को घेराः** एक दिवसीय दौरे पर राहुल गांधी बिहार पहुंचे. इस दौरान उन्होंने राजगीर अंतर्राष्ट्रीय समागम केंद्र में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया. मेरा लक्ष्य जाति जनगणना है. मैंने लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि जाति जनगणना होगी. बीजेपी वाले कभी असली जाति जनगणना नहीं कराएंगे क्योंकि इन्होंने जिस दिन असली जाति जनगणना करा दी, उसी दिन इनकी राजनीति खत्म हो जाएगी.




नरेंद्र मोदी हर भाषण में कहते थे- मैं OBC हूं. फिर जातिगत जनगणना पर कहते हैं कि हिंदुस्तान में तो जाति ही नहीं है, अगर हिंदुस्तान में जाति नहीं है, तो नरेंद्र मोदी कैसे OBC हो गए.- राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता

**बिहार बना क्राइम कैपिटल :** राहुल गांधी ने बिहार की वर्तमान स्थिति, जातिगत जनगणना, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय पर केंद्र व राज्य सरकारों को कठघरे में खड़ा किया. उन्होंने कहा कि बिहार सत्य, न्याय और अहिंसा की भूमि है, लेकिन आज इसे क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया बना दिया गया है.

मैं 2004 में राजनीति में आया. मैंने जब भारत को गहराई से समझा, तब पाया कि देश की राजनीति में 90त्न लोगों की कोई भागीदारी ही नहीं है. पहले सरकार इलाज कराती थी, अब लोगों को लाखों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं. सरकार निजी अस्पतालों को ज़मीन देती है, लेकिन आम आदमी की सेहत की जिम्मेदारी से भाग रही है.- राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता

**BJP का करारा पलटवारः** इधर, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बिहार दौरे पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, राहुल गांधी सिर्फ चुनाव के समय ही चुनावी राजनीति में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए बाहर निकलते हैं. वे और उनके परिवार के लोग लंबे समय तक सरकार में रहे, न तो उन्होंने दलितों, न महिलाओं और न ही बिहार के उत्थान के लिए काम किया.

बिहार को बर्बाद करने वालों, बिहार में हत्या, लूट, अपहरण और बलात्कार का उद्योग चलाने वालों के साथ सत्ता में बैठकर उन्होंने बिहारियों को कैसे अपमानित किया. ऐसी मानसिकता वाले लोग सिर्फ सत्ता की लोलुपता में घड़ियाली आंसू बहाते हैं. बिहार के लोग सब जानते हैं, इसका कोई असर नहीं पड़ेगा.- विजय कुमार सिन्हा, उपमुख्यमंत्री, बिहार

**दशरथ मांझी के घर पहुंचे राहुल गांधीः** बता दें कि राजगीर पहुंचने से पहले गया जिले के गहलौर गांव पहुंचे. माउंटेन मैन दशरथ मांझी के परिवार से मुलाकात की. दशरथ मांझी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की. दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी और उनके परिवार के लोगों के साथ कुछ वक्त बिताया.

## हेमंत सोरेन के एक मास्टरस्ट्रोक से चारों खाने चित्त हुई विपक्ष

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** हेमंत सोरेन 2014 वाला वाले नहीं है. 2019 से उन्होंने जो शासन की बागडोर संभाली है, उनमें परिपक्वता और बेहतर सूझबूझ का साफ प्रभाव देखा जा रहा है. जिस प्रकार से उन्होंने कई ऐसे ठोस कदम उठाए हैं, उससे उनके भविष्य और अच्छे हो सकते हैं.

फिलहाल हम एक ही उदाहरण की चर्चा करेंगे जिससे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दृढ़ता और परिपक्वता नजर आती है. राजेंद्र चौक-सिरम टोली फ्लाईओवर का जिस प्रकार से उन्होंने उद्घाटन किया, वह चर्चा का विषय बना हुआ है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता को साफ संदेश दे दिया है कि उनके लिए विकास भी बहुत महत्वपूर्ण है.

सिरम टोली सरना स्थल के पास बने रैंप को लेकर आदिवासी संगठन विरोध कर रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री ने बहुत स्मार्ट तरीका अपनाया. विरोध को नजरअंदाज करते हुए इसका उद्घाटन कर दिया. हां, यह जरूर है कि इस उद्घाटन कार्यक्रम का बहुत ढिंढोरा नहीं पीटा गया. यह भी मुख्यमंत्री की सूझबूझ का प्रतीक है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह चाहते थे कि फ्लाईओवर चालू हो जाए क्योंकि यह बनकर तैयार था. राज्य की जनता को इससे लाभ मिलेगा और यह काम उन्होंने कर दिखाया. ज्यादा हल्ला हंगामा या ढिंढोरा पीटने से विवाद बढ़ सकता था



और फिर विधि व्यवस्था की समस्या खड़ी हो सकती थी.इसलिए बहुत ही बुद्धिमानी से उन्होंने फ्लाईओवर को चालू करवा दिया. विरोध करने वाले हवा हवा हो गए.

जिन्हें किसी प्रकार की राजनीति करनी थी वह भी चुप्पी साध गए तो विपक्षियों को भी उन्होंने इस काम से पटखनी दे दी. राजनीतिक क्षेत्र में इस बात की चर्चा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने क्या स्मार्ट एक्सरसाइज किया है. उधर प्रशासनिक महकमे में भी कतिपय निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री की दृढ़ता और परिपक्वता की चर्चा हो रही है. मजबूत आंकड़ों से बनी यह साझेदारी सरकार पूरे आत्मविश्वास के साथ चल रही है और राज्य की जनता भी महसूस कर रही है. मुख्यमंत्री निर्णय लेने में ठोस तरीके से आगे बढ़ रहे हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि विकास के लिए सभी को मिलजुल कर काम करना होगा.

## नक्सलियों के नाम पर मांगी थी तीन करोड़ की रंगदारी, मुंशी ने ही दी थी टिप!

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** जिला के नामकुम थाना क्षेत्र में पुल निर्माण में लगी एक कंपनी से तीन करोड़ की लेवी की डिमांड करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व आपराधिक इतिहास भी रहा है.

**तीन करोड़ की लेवी की डिमांड :** रांची के नामकुम इलाके में भाकपा माओवादी के नाम पर रंगदारी मांगने वाले दो पूर्व नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 22 मई को पुल निर्माण में लगी कंपनी के द्वारा यह बताया गया कि नामकुम के गरुडपीढ़ी स्थित पुल निर्माण स्थल पर भाकपा माओवादी के नाम पर लेवी की डिमांड की गई साथ ही साथ मौके पर नक्सल पर्चा भी छोड़ा गया है.

इसके अलावा कुछ बाइक सवार भी साइट पर पहुंचे थे और पार्टी का पर्चा मुंशी को देते हुए काम बंद करने की धमकी दी. इस दौरान यह भी धमकी दी गई की अगर लेवी की रकम नही दी गई तो फौजी कार्रवाई की जाएगी. धमकी देने के बाद भी अपराधियों के द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबर से ठेकेदार को लेवी देने को धमकी दी गई और नहीं देने पर अंजाम भुगतने का तैयार रहने को कहा गया था.




जिसके आधार पर नामकुम थाना कांड सं0-166/25 दिनांक-22/05/2025 धारा-308(3)/308(4) बीएनएस एवं 17 सीएलएक्ट दर्ज किया गया था. इसी मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है.

**मुंशी ने ही दी थी टिप :** डीआईजी सह एसएसपी रांची ने बताया कि जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनका पूर्व में नक्सली संगठन से संबंध रह चुका है. इस कांड में ठेकेदार का मुंशी भी अपराधियों के साथ मिला हुआ था. डीआईजी सह एसएसपी ने बताया कि थाना में मामला दर्ज होने के बाद अनुसंधान के क्रम मे वादी सह ठेकेदार एवं मुंशी को धमकी देने में प्रयोग किए गया मोबाइल को शिवा पाहन के घर से जब्त किया गया. जो पूर्व में भी उग्रवादी घटना के केस में जेल जा चुका है.

इसके साथ ही तकीनीकी शाखा रांची के सहयोग से इस कांड में शामिल सुखलाल मुंडा और सुखराम भेंगराज को गिरफ्तार किया गया है. इन लोगों के पास से कांड में प्रयोग मोटरसाइकिल एवं मोबाइल को विधिवत बरामद किया गया. दोनों अपराधियों ने अपने-अपने स्वीकारोक्ति ब्यान मे कांड की संलिप्तता को स्वीकार किया है.

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया है कि इस कांड में कुल सात लोग शामिल थे. जिनमें से कुछ अपराधकर्मी का पूर्व में भी 17 सीएलए का अपराधिक इतिहास रहा है, साथ ही इन लोगों के द्वारा खूंटी जिला के अड़की थाना अन्तर्गत बेडाहातु मे बन रहे पुल के ठेकेदार तथा मुंशी को भी लेवी को लेकर पर्चा एवं धमकी दी गई है. इस संबंध में अड़की थाना कांड सं0-37/25 दर्ज किया गया है.

## फ्लाइओवर के उद्घाटन से आदिवासियों को दिया धोखाः बाबूलाल मरांडी

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पांच जून को गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाइओवर का लोकार्पण किया, जिससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि फ्लाइओवर का लोकार्पण पर्यावरण दिवस के दिन किया गया। लेकिन इस मौके पर प्रकृति और पर्यावरण के उपासक आदिवासी समाज की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।

सिरमटोली फ्लाइओवर रांची के यातायात को सुगम तो बनाएगा, लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ही पास स्थित पवित्र सरना स्थल के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था।

बाबूलाल ने कहा कि आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर, बिना कोई वैकल्पिक समाधान निकाले इस फ्लाइओवर का उद्घाटन करना आदिवासियों के साथ धोखा है। विकास की दौड़ में आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और परंपराओं का सम्मान




भी जरूरी है।

इधर, बाबूलाल ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट कर राज्य में सड़क निर्माण में बरती जा रही गंभीर अनियमितता पर सवाल खड़ा किए हैं। मरांडी ने लिखा है कि सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछाई जा रही हैं।

लोहरदगा जिले के पेशरार गांव में जिस सड़क का निर्माण हो रहा है, वहां गिट्टी, डामर का नामोनिशान नहीं है, सीधे मिट्टी डाली जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से दोषी लोगों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

इसके साथ- साथ : झारखंड में राजनीति के कब कौनसे रंग देखने को मिल जाए ये बात कोई नही जनता. ऐसे में यूं तो एक ही पार्टी के नेताओं को हमेशा एक ही बोली बोलते हुए देखा गया है अब झारखंड में इन दिनों हालात कुछ विपरीत है. दरअसल आज जेठ शुक्ल निर्जला एकादशी के दिन राजधानी रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, साथ ही कांग्रेस पार्टी के नेतागण एवं सामाजिक कार्यकर्ता पूजा अर्चना करने पहुचे थे. इसी दौरान पत्रकारों से बात चीत के दौरान जब सिरमटोली फ्लाईओवर के बारे में विधायक डॉ रामेश्वर उरांव से पूछा गया तब उन्होंने अपनी ही सरकार के खिलाफ बड़ी बात कह दी है. लगता है शायद रामेश्वर उरांव ये भूल गए थे की कल उनकी ही सरकार ने सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया है.

दरअसल सिरमटोली फ्लाईओवर के बनने के बाद सिरमटोली सरना स्थल के समीप रैंप को उतारे जाने को ले कर आदिवासी संगठनों के द्वारा लगातार विरोध किया जाता रहा है, पर विगत 5 जून को झारखंड सरकार के द्वारा राजधानी रांची के सिरमटोली फ्लाई ओवर उद्घाटन विधिवत रूप से किया गया है.

## बस्तर अब डर से नहीं, डिजिटल बदलाव से पहचाना जा रहा हैः विष्णुदेव साय

### प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिले मुख्यमंत्री ने दिखाई छत्तीसगढ़ की नई तस्वीर

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने बस्तर में शांति व्यवस्था, विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके साथ ही हाल ही में छत्तीसगढ़ में आयोजित सुशासन तिहार की प्रधानमंत्री को जानकारी दी। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी उनके आवास पर मुलाकात की। जहां राज्य के विकास, नक्सल ऑपरेशन सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब बस्तर का चेहरा बदल रहा है, जो कभी बंदूक और बारूदी सुरंगों के लिए जाना जाता था, आज वहाँ मोबाइल टावर खड़े हो रहे हैं, जो सिर्फ संचार का माध्यम नहीं बल्कि विकास और विश्वास के प्रतीक बन चुके हैं। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि सरकार द्वारा विगत डेढ़ वर्ष में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की



गई है। इन सुरक्षा चौकियों के आसपास गांवों में न केवल पुलिस की उपस्थिति से सुरक्षा की भावना बनी है, बल्कि इन इलाकों में अब नेटवर्क भी पहुंच गया है। सरकार ने अब तक कुल 671 मोबाइल टावर चालू कर दिए हैं, जिनमें से 365 टावरों में 4त्न सेवा उपलब्ध है। यह न सिर्फ तकनीकी बदलाव है, बल्कि यह संकेत है कि अब आदिवासी क्षेत्रों में संचार क्रांति की शुरुआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बस्तर में सिर्फ मोबाइल टावर नहीं लग रहे हैं, बल्कि ये टावर इस बात का सबूत हैं कि वहां के बच्चे और युवा भी अब डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं। पहले जहां बच्चों को पढ़ाई या नौकरी की तैयारी के लिए शहर जाना पड़ता था, अब वही काम वे अपने गांव में मोबाइल नेटवर्क के ज़रिए ऑनलाइन कर पा रहे हैं। अब बस्तर का युवा भी स्मार्टफोन से अपनी दुनिया खुद बना रहा है। मुख्यमंत्री साय ने बताया सुरक्षा कैंपों के इर्द-गिर्द बसते गांवों में अब बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुँच रही हैं। नियद नेल्लानार योजना के तहत चिन्हित 146 ग्रामों में 18 सामुदायिक सेवाएं और 25 तरह की सरकारी योजनाएं एक साथ क्रियान्वित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया सुशासन तिहार के तहत अब तक सैकड़ों समाधान शिविर आयोजित किए गए हैं, जहां सांसद से लेकर विधायक तक गांव गांव पहुंचकर जनता की शिकायतों का समाधान किया। इन शिविरों में ग्रामीणों को राशन कार्ड, आधार, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, स्कूल प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस जैसी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर दिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण के लिए की जा रही योजनाओं और नवाचारों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जल संकट से निपटने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है, और जनभागीदारी से लेकर तकनीकी उपायों तक, हर स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ में अब बारिश के दिन कम हो गए हैं – पहले जहाँ लगभग 100 दिन बारिश होती थी, अब सिर्फ़ 65 दिन ही होती है। इस बदलते मौसम के असर को देखते हुए राज्य सरकार ने एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसका नाम है - 'जल संरक्षण पहल - सुरक्षित भविष्य का छत्तीसगढ़ मॉडल।'

## केंद्र सरकार का वक़्फ़ उम्मीद पोर्टल गैरकानूनी और अदालत की अवमानना

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने केंद्र सरकार के शुरू हो रहे वक़्फ़ उम्मीद पोर्टल को गैरकानूनी और अदालत की अवमानना बताया है।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इस सरकारी कदम के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने गुरुवार क एक बयान में कहा कि संसद से पास कराया गया वक्फ कानून इस समय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। सभी मुस्लिम संगठनों ने इसे खारिज कर दिया है। विपक्षी दलों, मानवाधिकार संगठनों, साथ ही सिख, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों ने भी इसे अस्वीकार्य करार दिया है। अफसोस की बात है कि इसके बावजूद सरकारवक़्फ़ उम्मीद पोर्टल की शुरुआत कर रही है और इसमें वक़्फ़ संपत्तियों के पंजीकरण को अनिवार्य बना रही है। यह पूरी तरह से सरकार की गैरकानूनी कार्रवाई है और स्पष्ट रूप से अदालत की अवमानना है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अनुसार यह पंजीकरण पूरी तरह उस विवादास्पद कानून पर आधारित है, जिसे न्यायालय में चुनौती दी गई है और जिसे संविधान के विरुद्ध बताया गया है। इसलिए मुस्लिम समुदाय एवं राज्य वक़्फ़ बोर्डों से अपील है कि जब तक न्यायालय इस संबंध में कोई निर्णय नहीं देता, तब तक वक़्फ़ संपत्तियों को इस पोर्टल पर दर्ज न किया जाए।

## मंत्री कपिल मिश्रा ने बवाना में श्रीकृष्ण गौशाला का दौरा किया, बोले- गौशालाओं के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के विकास एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने बवाना स्थित श्रीकृष्ण गौशाला सुल्तानपुर डबास का दौरा किया। मंत्री मिश्रा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गौशाला के दौरे के दौरान मंत्री मिश्रा ने वहां रह रहे गौवंशों की देखरेख, स्वच्छता, पोषण और पुनर्वास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। गौशालाओं के संचालकों से विस्तार से चर्चा भी की। मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण की रीढ़ हमारा पशुधन और गौमाता हैं। गौशालाएं केवल पशुधन की देखरेख का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत का प्रतीक भी हैं। दिल्ली सरकार गौवंश संरक्षण और गौशालाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पिछली सरकार के समय गौमाताओं के साथ हुए अन्याय को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मन में काफी पीड़ा है। इसलिए बेसहारा गौवंश की देखरेख, स्वच्छता, पोषण और पुनर्वास की व्यवस्थाओं के लिए जल्द गौसेवा आयोग अस्तित्व में आएगा। मंत्री मिश्रा ने मौके पर मौजूद गौ-सेवकों को बताया कि दिल्ली सरकार ने गौशालाओं को आधुनिक बनाने के लिए बजट 2025-26 में बड़ी धनराशि का प्रावधान किया है। दिल्ली की सभी गौशालाओं से जुड़ी जो भी देनदारियां हैं, उस बकाया राशि को चुकता किया जा रहा है। सरकार ने पहली किस्त के रूप में 10 करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि जारी की है।

## दिल्ली विधानसभा में सौंदर्यीकरण अभियान की शुरुआत, पर्यावरणीय जागरूकता और सुंदरता का प्रतीक बनेगी विधानसभा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज विश्व पर्यावरण दिवस पर विधानसभा में सौंदर्यीकरण अभियान की शुरूआत की घोषणा की। उन्होंने विधानसभा परिसर में आयोजित एक पौधारोपण कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली विधानसभा को पर्यावरणीय जागरूकता और सुंदरता का प्रतीक बनाया जाएगा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विधानसभा सिर्फ एक राजनीतिक केंद्र नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह एक ऐसा सुंदर और प्रेरणादायक स्थान बने, जो दिल्ली के नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे। उन्होंने बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अनुरूप है, जिसमें हर नागरिक से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का आह्वान किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विधानसभा परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। इनमें फूलदार और सजावटी वृक्ष, सुंदर झाड़ियां, ताड़ के पेड़, बांस के गुच्छे, लताएं और ग्राउंडकवर्स शामिल हैं। साथ ही खुशबूदार पौधों की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे विधानसभा परिसर का वातावरण सुंदर ही नहीं बल्कि सुगंधित बने। गुप्ता ने कहा कि इस ऐतिहासिक परिसर को सुंदर बनाकर हम जनता का ध्यान पर्यावरण की ओर आकर्षित करना चाहते हैं।


## हैदराबाद में ऑटो-रिक्शा चालक की मौत पर एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार को हैदराबाद के तेलंगाना में एक 35 वर्ष के ऑटो-रिक्शा चालक की मौत के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने पुलिस महानिदेशक तेलंगाना को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने पुलिस की कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 13 मई को राजेंद्रनगर पुलिस स्टेशन में पुलिस द्वारा कथित तौर पर शारीरिक यातना दिए जाने के बाद एक 35 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक की मौत हो गई थी। पीड़ित का अपनी पत्नी के साथ कुछ विवाद था। जो उसे इस मुद्दे को सुलझाने के लिए पुलिस स्टेशन ले गई थी। दंपति की काउंसलिंग के बाद व्यक्ति को एक कमरे में ले जाया गया। जहाँ पुलिसकर्मियों ने उसे रबर बेल्ट से बुरी तरह पीटा।

# 'कश्मीर में खुशहाली' वाले बयान पर खुर्शीद का यू-टर्न, तल्ख अंदाज में दिया जवाब - 'मैं वहां नहीं रहता'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने अपने उस बयान पर यू-टर्न ले लिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद समृद्धि आई है। उन्होंने कहा कि वह केंद्र शासित प्रदेश में नहीं रहते और इसलिए इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। समाचार एजेंसी से बात करते हुए कांग्रेस सांसद सलमान खुर्शीद ने कश्मीर में खुशहाली वाले बयान के बारे में पूछे जाने पर तल्ख अंदाज में कहा, मुझे नहीं मालूम, आप ही बताइए कि विकास हुआ है या नहीं। आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं? मैं कश्मीर में नहीं रहता। मैं कभी-कभी ही वहां जाता हूं। कश्मीर में असली मुद्दा राज्य का दर्जा है। चुनाव में वहां से चुने गए लोग मांग कर रहे हैं कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। इस मुद्दे पर हम सब



एकमत हैं। इसलिए, बेहतर होगा कि हम इस मुद्दे पर ध्यान दें। उन्होंने ऐसे वक्त में बयान दिया है, जब कश्मीर पर उनके बयान को लेकर कांग्रेस नेताओं में फूट देखने को मिल रही थी। सलमान खुर्शीद से पहले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को सही बताया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भेजे गए प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे सलमान खुर्शीद ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'मेरा मानना है कि यह बहुत सफल रहा। हमारा उद्देश्य स्पष्ट था और हमने पांच देशों के साथ जो बातचीत की और हमारा उद्देश्य आतंकवाद को हमेशा के लिए समाप्त करना था। भारत के साथ विश्व का भी एक लक्ष्य है, आतंकवाद आज भारत के लिए समस्या बना है, कल दूसरे देश के लिए समस्या बन सकता है। हमने उनसे कहा - आपके देशों में भी समय-समय पर आतंकवादियों ने प्रहार किया है, इसलिए साथ मिलकर ऐसा कदम उठाना होगा जिससे आतंकवाद को हमेशा के लिए समाप्त किया जा सके।' उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के दौरे को सफल बताते हुए कहा कि वह अपनी पार्टी और सरकार को इसके बारे में जानकारी देंगे। पार्टी भी उस सफलता को स्वीकार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में वह खुद नहीं गए थे, पार्टी ने उन्हें भेजा था।

इसके लिए उन्होंने पार्टी का आभार जताया है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने राहुल गांधी के पीएम मोदी के सरेंडर वाले बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सही हैं। मैं उनका समर्थन करता हूं।

मैं उनकी पार्टी से जुड़ा हूं और अपने राजनीतिक दिशा-निर्देश लेकर ही अपनी राजनीति करता हूं। मेरे लिए बहुत स्पष्ट है, मैं राहुल गांधी की पार्टी में हूं, मैं उनका समर्थन करता हूं और उनके निर्देशों के अनुसार काम करता हूं।

## एनसीपीसीआर ने अलग-अलग घटनाओं में 32 बच्चों को तस्करी से बचाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** ।राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने अलग-अलग घटनाओं में 32 बच्चों को बाल तस्करी से सफलतापूर्वक बचाया। यह बचाव अभियान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सहयोग से चलाए गए। इन बच्चों को पश्चिम बंगाल और बिहार से बाल श्रम के उद्देश्य से राजस्थान, पंजाब और हरियाणा जैसे अन्य राज्यों में तस्करी कर ले जाया जा रहा था।आयोग ने बताया कि बिहार और पश्चिम बंगाल से बच्चों की तस्करी के बारे में शिकायत मिली थी। इसपर कार्रवाई करते हुए एनसीपीसीआर ने आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर काम किया। अभियान के दौरान सासाराम रेलवे स्टेशन पर हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस से 8 बच्चों और मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर कर्मभूमि एक्सप्रेस ट्रेन से 24 बच्चों को बचाया गया। इन मामलों में सात आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015, बाल और किशोर (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी 32 बच्चों को आगे की देखभाल और पुनर्वास के लिए संबंधित बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया गया है।

# पर्यावरण दिवस पर बायो प्लास्टिक को किया लॉन्च

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने बायो प्लास्टिक को लॉन्च किया। विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सचिव अभय करंदीकर सहित कई देशों के राजनयिक, पर्यावरण विद और पर्यावरण को संरक्षित बनाने में लगी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर कंपनी (उखी इंडिया) के प्रबंध निदेशक विशाल विवेक ने बताया कि वर्ष 2019 में दो और सहयोगियों संदीप त्यागी और प्रियंका सिंह के सहयोग से यह स्टार्ट अप शुरू हुआ। उन्होंने देखा कि सामान्य दिनचर्या में उपयोग होने वाली प्लास्टिक कभी नष्ट नहीं होती, बल्कि और समस्या बन जाती है। बायो प्लास्टिक किसानों द्वारा उत्पादित भूसी, उच्छ घास आदि द्वारा बनाई जाती है। इसका उपयोग सामान्य प्लास्टिक के जैसा ही होता है। एक समय के बाद वह स्वतः नष्ट हो जाता है। हमने इसके उत्पादन के लिए आईआईटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग और कई संस्थानों से सहयोग मिलने उपरांत किया है। इस कंपनी को कई ई-कॉमर्स कंपनी से ऑर्डर मिल रहे हैं। भारत में हर साल लगभग 9.46 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक वेस्ट निकलता है। सिंगल



यूज प्लास्टिक से सभी नदियां प्रदूषित हो रही हैं। बायो प्लास्टिक के उपयोग से किसानों की आर्थिक स्थिति सही होगी, फसलों की सहायता से ही प्लास्टिक बना ली जाएगी और बाहर से इंपोर्ट होने वाली बायो प्लास्टिक को कीमत भी कम रहेगी। तकनीकी से किसान, व्यवसाय, पर्यावरण और बायो इकोनॉमी में प्रमुखता से लाभ होगा।

इस उत्पाद की विशेषता है कि इसे आईआईटी मंडी और दिल्ली ने सराहा है। कंपनी का दावा है 180 दिनों में इस प्लास्टिक के उत्पाद स्वतः खत्म होना शुरू हो जाते हैं।

# एआईआईए के छात्रों ने नाटक के जरिए प्लास्टिक के खतरों के प्रति किया जागरूक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) ने मेरी लाइफ अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया। एआईआईए की निदेशक डॉ. मंजूषा राजगोपाला के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी कार्यक्रम इस वर्ष की थीम-प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना के ईर्द गिर्द रही। इस कार्यक्रम में द्रव्यगुण विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण गतिविधियों की एक विस्तृत शृंखला शामिल रही जिसमें एक प्रभावशाली पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें स्नातकोत्तर और पीएचडी शोधार्थियों, संकाय सदस्यों, संस्थागत कर्मचारियों और स्थानीय पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। इस मौके पर छात्रों ने ÷प्लास्टिक की दुनिया, प्रकृति का विनाश÷ नामक एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को दर्शाया गया तथा आयुर्वेदिक ज्ञान को एक स्थायी विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता और मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता जैसे शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।




पर्यावरण दिवस के मौके पर एआईआईए परिसर में 500 से अधिक औषधीय और देशी पौधे लगाए गए और घर-आधारित हर्बल खेती को प्रोत्साहित करने के लिए मरीजों को 200 पौधे वितरित किए गए। छात्रों को प्लास्टिक के प्राकृतिक विकल्पों का प्रस्ताव करने के लिए एआईआईए मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक प्रो. एमएम राव, डीन पीजी प्रो. योगेश बडवे और द्रव्यगुण विज्ञान विभाग की प्रमुख और मेरी लाइफ अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. मीना एस. देवगड़े ने भाग लिया।

# दिल्ली को करोड़ों की सौगात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक की। बैठक में दिल्ली में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

इसमें राजधानी में वाहनों की भीड़भाड़ को कम करने और प्रदूषण से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को करोड़ों रुपये की सौगात दी है। इस बैठक में परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह के साथ-साथ दिल्ली भाजपा के सांसदों ने हिस्सा लिया। दिल्ली सरकार के सभी वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन करते हुए कहा




कि दिल्लीवालों को डंबल इंजन सरकार का लाभ मिला रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा 35,000 करोड़ रुपये की लागत से कई परियोजनाएं दिल्ली में कार्यान्वित की जा रही हैं। इससे पहले 64,000 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न प्रोजेक्ट पूरे किए जा चुके हैं। साथ ही 24,000 करोड़ रुपये की लागत से शुरू होने वाले आगामी प्रोजेक्ट्स की डीपीआर भी तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में वाहनों की भीड़ को कम करने (डीकंजेस्ट) करने और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। इनमें शिव मूर्ति से नेल्सन मंडेला रोड तक लगभग सात किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड टनल का निर्माण, आईएनए से एयरपोर्ट तक एलिवेटेड रोड, जो आगे फरीदाबाद और गुरुग्राम को जोड़ेगा। इस पर भी एलिवेटेड रोड बनाने का काम शुरू होगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली से कटरा व अमृतसर को जोड़ने वाला हाइवे, जो अर्बन एक्सटेंशन रोड-II से कनेक्ट होगा और अर्बन एक्सटेंशन रोड-II का दूसरा एक्सटेंशन जो अलीपुर से ट्रोनिका सिटी और दिल्ली-देहरादून मार्ग को जोड़ेगा। इससे हरियाणा से देहरादून और नोएडा तक बिना दिल्ली में प्रवेश किए यातायात सुगम होगा। इसके अलावा, सराय काले खां से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट तक टनल के निर्माण की भी फिजिबिलिटी स्टडी की जा रही है।

## दिल्ली के साकेत कोर्ट के लॉकअप में विचाराधीन कैदी की हत्या

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। साकेत कोर्ट में आज एक विचाराधीन कैदी की दो अन्य कैदियों ने जानलेवा हमला कर हत्या कर दी। मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है। साकेत कोर्ट के लॉकअप में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक विचाराधीन कैदी पर दो अन्य कैदियों ने जानलेवा हमला कर दिया। कैदी की पहचान अमन (24) निवासी गोविंदपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। वह वर्ष 2017 के हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित था। पुलिस के अनुसार अमन को कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था और घटना के समय खारजा नंबर-5 में कई अन्य विचाराधीन कैदी भी मौजूद थे। अचानक दो कैदी जितेन्द्र उर्फ जिट्टे (पुत्र जगदीश) और जयदेव उर्फ बच्चा पुत्र लालचंद ने अमन पर हमला कर दिया। जांच में सामने आया है कि जितेन्द्र और अमन के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। वर्ष 2024 में जब दोनों जेल के बाहर थे, तब अमन ने कथित तौर पर जितेन्द्र और उसके भाई पर चाकू से हमला किया था। उसी पुराने विवाद




के चलते यह झगड़ा हुआ। घटना के बाद अमन को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान अमन की मौत हो गई। पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर ली है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# दिल्ली में बकरीद पर गाय और ऊंट की कुर्बानी रोकने के लिए एडवाइजरी जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पशु कल्याण और सार्वजनिक स्वच्छता को बनाए रखने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने बकरीद के मौके पर गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की अवैध हत्या और बलि के खिलाफ सख्त एडवजाइजरी जारी की है। बकरीद 07 जून 2025 को मनाया जाएगा। जारी इस एडवाइजरी साफ कहा गया है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। दिल्ली सरकार की ओर से बकरीद के दौरान कानूनी और स्वच्छ तरीकों को सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि सभी बलि की रस्में सिर्फ निर्धारित जगहों पर ही होनी चाहिए। सड़कों, गलियों या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बलि देना सख्त मना है। इसके अलावा, बलि की रस्मों के फोटो या वीडियो लेने और सोशल मीडिया पर साझा करने पर भी रोक लगाई गई है, ताकि ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा न मिले। विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने सरकार के रुख को रेखांकित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें पशु कल्याण एक अभिन्न हिस्सा है। हम त्योहार के उत्सव के दौरान किसी भी अवैध बलि या क्रूरता को बर्दाश्त नहीं करेंगे। एडवकाइजरी का सख्ती से पालन अनिवार्य है और उल्लंघन करने वालों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तत्काल कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। यह एडवाइजरी मौजूदा कानूनों के अनुसार है, जिसमें पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम 1960, पशु परिवहन नियम 1978, स्लॉटर हाउस नियम 2001, और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम



2006 शामिल हैं। इसमें बताया गया है कि पशु परिवहन नियम 1978 का अक्सर उल्लंघन होता है, जिससे जानवरों को परेशानी होती है। साथ ही पशु क्रूरता रोकथाम (स्लॉटर हाउस) नियम, 2001 के नियम 3 के तहत निर्धारित स्लॉटर हाउस के बाहर हत्या/कुर्बानी पर रोक है, खासकर उन जानवरों की जो गर्भवती हैं, जिनके बच्चे तीन महीने से छोटे हैं।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत जेपी नड्डा ने लगाया पौधा




**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने निर्माण भवन में पौधारोपण किया। पौधारोपण के बाद एक्स पोस्ट में नड्डा ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत मां प्रकृति के प्रति कृतज्ञता के भाव से निर्माण भवन में एक पौधा लगाया। इस अवसर पर नड्डा ने सभी को इस अभियान में शामिल होने और हरित भविष्य की दिशा में सार्थक कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र एक मिशनः प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' के आह्वान के साथ, हम सभी प्लास्टिक कचरे को कम करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लें।

## दिल्ली में बिजली तारों के जाल से मुक्ति दिलाने का वादा सरकार ने नहीं किया पूरा : देवेंद्र यादव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र ने गुरुवार को कहा कि रेखा गुप्ता सरकार पर दिल्ली में बिजली तारों के जाल से मुक्ति दिलाने के वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि पुरानी दिल्ली, चांदनी चौक, सीलमपुर, करोल बाग, मुस्तफाबाद सहित दिल्ली भर की अनाधिकृत कालोनियों, झुग्गी बस्तियों, पुनर्वास कालोनियों में घरों के बाहर लटके बिजली तारों के मकड़ जाल अब भी वैसे ही है। मुख्यमंत्री ने बजट में बिजली तारों के जालों से निजात दिलाने का वादा किया है।

देवेंद्र यादव एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने अग्नि शमन सुरक्षा, उच्च जोखिम वाले भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुधार करने के लिए 100 करोड़ के बजट का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली की बर्बाद करने के बाद भी भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली को व्यवस्थित करने की बजाय सिर्फ घोषणाएं कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली की तारों के जाल से मुक्ति का वादा करके 100 करोड़ के बजट का



ऐलान तो कर दिया परंतु 2 महीने बीतने के बावजूद इस योजना पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा सरकार अभी तक दिल्ली में योजनाबद्ध तरीके से काम करने की कोई नीति ही तैयार नहीं कर पाई है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि अति असुरक्षित क्षेत्र चांदनी चौक, जामा मस्जिद, दरिया गंज, मटिया महल, शाहीन बाग, अलीपुर, जैसी अनाधिकृत कॉलोनियों वाले घनी आबादी वाले हैं, जहां सरकारें बार-बार घोषणा करने के बावजूद काम नहीं कर रही है। आंधी, बारिश में यहां लटकी तारे लोगों की जान को खतरा बन जाती है।

# संयुक्त राष्ट्र को पाकिस्तान के खिलाफ करनी चाहिए कार्रवाई - आनंद शर्मा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियान के तहत प्रमुख भागीदार देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने गुरुवार को कहा कि यह वैश्विक जनमत का निर्माण और उसे संगठित करने के लिए भारत द्वारा किया गया एक सामूहिक प्रयास था ताकि दुनिया को सीमापार से लगातार हो रहे आतंकवादी हमलों के बारे में जागरूक किया जा सके, जिनमें सबसे हालिया हमला पहलगाम में हुआ। यह भारत का सामूहिक प्रयास था ताकि दुनिया को हमारे दर्द और गुस्से से अवगत कराया जा सके। एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य आनंद शर्मा ने कहा कि सिर्फ प्रतिनिधिमंडल भेजने से बात पूरी नहीं हो जाती। उस देश की प्रकृति क्या है, उसका नैतिक अधिकार क्या है, उसका चरित्र क्या है, उसने अतीत में क्या किया और अब क्या कर रहा है, ये बातें ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। भारत ने कभी किसी पर हमला नहीं किया, भारत ने कभी किसी को धोखा नहीं दिया, भारत ने कभी किसी दूसरे देश पर हमला नहीं किया, उसने किसी की जमीन पर कब्जा नहीं किया तो, भारत और पाकिस्तान की तुलना कैसे की जा सकती है? यह गलत है। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए समर्थन जुटाने का एक प्रयास था। हमारे खिलाफ बार-बार आतंकवादी हमले किए गए हैं, जिसमें पहलगाम हमला सबसे हालिया हमला है। हम जहां भी गए, हमने उन देशों के नेतृत्व को इस स्थिति के बारे में सूचित किया। दक्षिण अफ्रीका, कतर, मिस्र और इथियोपिया जैसे देशों ने भारत के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाई है और आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की है। आतंकवादियों को पाकिस्तान और उसकी सेना से समर्थन मिलना जारी है और वे वहां अपने अड्डे बनाए हुए हैं। इसलिए, संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक समुदाय को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरीद त्यौहार को लेकर हजारीबाग उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया फ्लेग मार्च



**बड़कागांव संवाददाता**
**बड़कागांव।** प्रखंड में बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारीयां लगभग पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ बड़कागांव में फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने के लिए लोगों को संदेश दिया है। इस दौरान बड़कागांव थाना रोड ,बड़कागांव मुख्य चौक, अंबेडकर मोहल्ला, पंडित मोहल्ला, होते हुए मुस्लिम मोहल्ला व ठाकुर मोहल्ला तक फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान थाना परिसर में डीसी और एसपी ने बड़कागांव के एसडीपीओ पवन कुमार एवं थाना प्रभारी नेमधारी रजक से प्रखंड में विधि व्यवस्था को लेकर जानकारी प्राप्त किया। वहीं कई विशेष निर्देश भी दिया गया जिसमें समाज को गंदा करने वाले शरारती तत्वों और सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज डालने वालों पर नजर रखने की विशेष हिदायत दी गई है । ताकि प्रखंड में त्योहार के दिन किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटे और शांतिपूर्वक त्यौहार संपन्न हो सके। बताते चलें कि बकरीद त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से मस्जिद, संवेदनशील गांवों, चौक चौराहे पर मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। ताकि शांतिपूर्वक बकरीद का त्योहार संपन्न हो सके। मौके पर मुख्य रूप से एसडीओ बैजनाथ कामति, एसडीपीओ पवन कुमार ,बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल,सीओ मनोज कुमार थाना प्रभारी नेमधारी रजक, डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार के अलावा कई पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री इंद्रनाथ भगत की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सयुंक्त बिहार के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंद्रनाथ भगत की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष लखराज सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे एक कुशल राजनीतिज्ञ व समाज के सेवक थे। उन्होंने जाति और धर्म को कभी भी प्राथमिकता नही दी। अपने सेवाकाल में झारखंड के विकास के लिए सदा प्रत्यनशील रहे।
मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, अनिल कुमार भुईंया, मुस्ताक अंसारी, गोवर्धन विश्वकर्मा, अरूण कुमार, महेश पासवान, रोहन ठाकुर, बहादुर सागर, अजय गुप्ता, शिव नंदन साहु, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी आदि उपस्थित थे।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शनकी हुई बैठक



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** समाहरणालय अवस्थित उपायुक्त वेश्म में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन (DMCAE) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के द्वारा जिलास्तरीय निगरानी के कार्य दायित्वों एवं उनकी महत्ताओं पर चर्चा करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गई।
बैठक में उपायुक्त ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति की गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत करने हेतु समान अवसर प्रदान हो, इसके लिए सामाजिक, विधिक तथा प्रशासनिक रूप से दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आवश्यक पहल पर जोर दिया। भारत निर्वाचन आयोग के उक्त पत्र के निर्देशानुसार जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन किया गया। जिलास्तरीय निगरानी समिति के दिव्यांग व्यक्ति के प्रतिनिधि द्वारा विगत लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनाव के दौरान Home Voting तथा मतदान केन्द्र तक पहुंचाने हेतु छोटी वाहन की व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए किये गये व्यवस्था की सराहना की गई एवं बताया कि इससे मतदान के प्रति उदासीन व्यक्ति भी मतदान की प्रक्रिया के हिस्सेदार बने। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग को निदेशित किया गया कि दिव्यांग व्यक्तियों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि यदि वे मतदाता सूची में दिव्यांग श्रेणी में छुटे हुए है तो मतदाता सूची में उन्हें चिन्हित किया जा सके।
मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित हो रही है। बी0एल0ओ0 के माध्यम से छुटे हुए योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने/PwD Marking आदि कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा Civil Society के सदस्यों से आग्रह किया गया। साथ ही सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को इस संदर्भ में निदेशित किया गया कि किसी भी दिव्यांग व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित ना हो सके। बीएलओ, आंगनबाड़ी सेविका एवं सिविल सोसाइटी के संस्थान के माध्यम से डोर टू डोर दिव्यांग का सर्वे कर छूटे हुए दिव्यांग व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन एवं ERO-Net में flagging करने हेतु ईआरओ एवं एईआरओ को निर्देशित किया गया। बैठक में दिव्यांग मतदाताओं के लिए District Icon को चिन्हित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

# आए दिन मिल रहे शिकायतों को लेकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल

- सांसद से आमना-सामना नहीं हुआ अधीक्षक का मिले ग़ायब, प्रिंसिपल, एचओडी और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट से मांगी जवाबदेही, कई खामियां आई सामने
- मरीजों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे: मनीष जायसवाल



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे आए दिन मिल रहे शिकायतों को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को अधीक्षक से मिलने पहुंचे मगर सांसद से आमना सामना नहीं हो सका। उनके सवालों का जवाब नहीं देना पड़े। इसलिए वे सूचना के बावजूद अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुकुरन पुर्ती अस्पताल से गायब थे। सांसद ने मौके पर मौजूद प्रिंसिपल, एचओडी और डिप्टी सुपरिटेंडेंट से कई सवालों के जवाब मांग दिए। बीते बुधवार की रात्रि में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर रूम में घटी अमानवीय घटना को लेकर जमकर फटकार लगाई। मौके पर लापरवाही बरतने वाले लेबर रूम डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ.रामेश्वरी बेग, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ एके. सिंह से जवाब तलब किए गए। तब अस्पताल की व्यवस्था की पोल पूरी खुल गई। जानकारी मिली कि सुरक्षा का बहाना बनाकर महिला चिकित्सक अस्पताल से रात में गायब रहती हैं। सांसद ने सवाल उठाया कि अगर बुधवार की रात डॉ. आकांक्षा सुरक्षा की आड़ लेकर लापता थी तो इसका मतलब है कि हर रात को चिकित्सक इसी आड़ में लापता रहते होंगे। क्योंकि इसकी पुष्टि एचओडी डॉ. रामेश्वरी बेग ने खुद किया है। सांसद ने ऐसे लापरवाह चिकित्सको पर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद प्रिंसिपल सह शिक्षा स्वास्थ्य निदेशक डॉ एसके सिंह ने सुपरिटेंडेंट डॉ अनुकरण पूर्ति, एचओडी डॉ.रामेश्वरी बेग और ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाली डॉ.आकांक्षा से शो काउज किया।

**स्वास्थ्य मंत्री को सांसद ने फ़ोन पर दिया जानकारी**

मौके पर सांसद ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को फोन लगा दिया। फोन पर डॉ इरफान अंसारी ने भी असुरक्षा का हवाला देते हुए डॉक्टर के पक्ष में खड़े हो गए। तब सांसद ने बताया कि डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से ही अस्पताल में 20 होमगार्ड जवान 20 आउटसोर्स एजेंसी से सिक्योरिटी गार्ड तैनात हैं। अस्पताल परिसर में चार एक का पुलिस पिकेट संचालित है। जिसमें सरकार का हर माह 8 से 10 लाख रुपए उनके वेतन और मानदेय में खर्च हो रहा है। इसके बावजूद भी अगर अस्पताल के चिकित्सक और कर्मी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और इस बात की पुष्टि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री कर रहे है तो फिर इन सिक्योरिटी गार्ड और गृह रक्षक की तैनाती का क्या औचित्य है। यह खुद ही बड़ा सवाल खड़ा कर दे रहा है । सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जरूरतमंद मरीजों के साथ किसी भी प्रकार का चिकित्सीय खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हजारीबाग में जरूरतमंद मरीजों के हित में वह एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि के नाते सजग रहें हैं और आगे भी रहेंगे । संसद ने बताया कि बुधवार रात की घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रसव पीड़ा से तड़पती रही एक महिला और पति ओटी का दरवाजा खटखटाते रहे। तकरीबन एक घंटे तक प्रयास करते रहे। लेकिन प्रसव कक्ष का दरवाजा नहीं खुला। अंततः शहर के ही निजी अस्पताल चले गए। जहां प्रसव के बाद जच्चा - बच्चा स्वस्थ हैं।

**शो कॉज नोटिस जारी, 24 घण्टे में मांग स्पष्टीकरण**

सांसद के सुपरिटेंडेंट कार्यालय पहुंचने के बाद प्रिंसीपल ने तीन नोटिस जारी किया है। एक नोटिस में कहा गया है कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक की अनुपस्थिति में इनके स्थान पर डॉ. अजय कुमार सिंह, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी उनके कार्यों का संपादन करेंगे। वहीं महिला चिकित्सक से शो कॉज किया गया कि 4 जून की रात को प्रसव कक्ष में महिला मरीज मनीषा कुमारी , पति बिनोद कुमार साव , ग्राम दिगवार है , प्रसव घण्टो तक अस्पताल के प्रसव कक्ष का दरवाजा खटखटाते रहे। लेकिन महिला का इलाज नहीं किया गया।
मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, भाजपा नेता अर्जुन साहू, अजय कुमार साहू, मुकेश साव और पीड़ित मरीज के परिजन के साथ कई मीडियाकर्मी भी मौजूद रहें।

# बकरीद पर्व 2025 के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया फ्लैग मार्च

- पेलावल थाना क्षेत्र, कटकमसांडी थाना क्षेत्र, लोहसिंगना थाना क्षेत्र, बड़कागांव एवं इचाक के प्रमुख चौक चौराहों पर किया गया फ्लैग मार्च



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** बकरीद पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हज़ारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। शुक्रवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन सहित सदर एसडीएम वैद्यनाथ कामती व अन्य वरीय अधिकारियों ने हजारीबाग के विभिन्न स्थानों यथा पेलावल थाना क्षेत्र, लोहसिंगना थाना क्षेत्र, कटकमसांडी क्षेत्र एवं बड़कागांव एवं इचाक के संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया।
उपायुक्त ने बताया कि इसका उद्देश्य शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को संपन्न कराना है। उन्होंने आम जनता से पर्व को शांतिपूर्वक मनाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की है। इसके अतिरिक्त बरकट्ठा, बरही, विष्णुगढ़ और चलकुशा जैसे क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किए गए हैं। जिला प्रशासन ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की है।

**शांति और सौहार्द की अपील**

जिला प्रशासन ने सभी समुदाय के लोगों से बकरीद का पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

**फ्लैग मार्च**

संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा फ्लैग मार्च किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और लोगों में सुरक्षा का भाव बना रहे।

**शांति समिति की बैठकें**

जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें की गई हैं, जिसमें पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

**सोशल मीडिया पर निगरानी**

अफवाहों और दुष्प्रचार को रोकने के लिए सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। ऐसी किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती**

विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।
संक्षेप में, प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाया जाए, और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों से भी सहयोग की अपील की जा रही है।

# त्रिवेणी सैनिक माइनिंग ने किया वृक्षारोपण, कर्मचारियों ने ली प्लास्टिक मुक्त जीवन की शपथ




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**बड़कागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने पकरी बरवाडीह कोल माइंस में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए पर्यावरण दिवस मनाया। इस वर्ष की थीम ÷प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना÷ को प्रमुखता देते हुए, कंपनी ने न केवल बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया, बल्कि प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाने की शपथ भी ली।
कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी द्वारा एक पौधा लगाना रहा, जिसके परिणामस्वरूप कुल 6000 से अधिक फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया।
कंपनी के सीईओ ने कहा कि त्रिवेणी सैनिक परिवार पर्यावरण को संरक्षण करने को लेकर प्रतिबद्ध है प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस पर हजारों पेड़ पौधे लगाई जा रहे हैं।
टीएसएमपीएल ने पिछले वर्ष 270,000 से अधिक पौधे लगाए थे और इस संख्या को हर वर्ष बढ़ाने का हमारा लक्ष्य है।
कार्यक्रम के दौरान सभी कर्मचारियों को कंपनी की ओर से एक-एक इको-फ्रेंडली जूट बैग भेंट किया गया, जो प्लास्टिक के विकल्प के रूप में एक स्थायी संदेश था। यह पहल कंपनी की पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सतत विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ महाप्रबंधक, जीएम प्लानिंग, सीनियर जीएम क्लाइंट एंड कॉर्पोरेट मैनेजमेंट, पर्यावरण विभाग के प्रमुख, सुरक्षा विभाग के प्रमुख सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की

- शिक्षकों को ग्रेड 2 और ग्रेड 4 में प्रोन्नति जल्द: उपायुक्त



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने शिक्षकों के ग्रेड 2 एवं ग्रेड 4 में प्रोन्नति से संबंधित मामले पर निर्णायक चर्चा की और कहा कि जल्द ही शिक्षकों को प्रोन्नति का लाभ दिया जाएगा।
उपायुक्त ने एकल विद्यालय संबंधी मामले, विभागीय कार्रवाई की समीक्ष, माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामले आदि विषयों पर समीक्षा की। उन्होंने सतत पेशेवर विकास प्रशिक्षण के मामले पर जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि वैसे शिक्षक जो उक्त प्रशिक्षण में भाग नहीं लिए हैं उनकी सूची तैयार करें। वर्ष 2024-25 में विद्यार्थियों के नामांकन पर गहन चर्चा की गई, इसमें दारू,पदमा तथा बड़कागांव में पिछले वर्ष से कम नामांकन के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने इन प्रखंडों के विद्यालयों में विशेष अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। इन प्रखंडों में जिला शिक्षा अधीक्षक को स्वयं अनुश्रवण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान जीईआर एवं ट्रांजिशन पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने वैसे विद्यालय जहां ट्रांजिशन कम है वैसे विद्यालयों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया।
समीक्षा के क्रम में बरही प्रखंड के पांच विद्यालय का विशेष अनुश्रवण करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में आयोजित प्रोजेक्ट रेल (ऋहरूरेगुलर असेसमेंट फॉर इंप्रूवमेंट लर्निंग) जांच परीक्षा की सुक्ष्म मॉनिटरिंग करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन विषयों में विद्यार्थियों का परीक्षा फल अपेक्षाकृत खराब रहा है,उन विषयों पर अतिरिक्त ध्यान देने का निर्देश दिया गया।
नेताजी सुभाष चंद्र आवासीय विद्यालय, बनाहापा के विद्यार्थियों का साप्ताहिक स्वास्थ्य चिकित्सा जांच हेतु सिविल सर्जन को पत्र देने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम एवं सहायक कंप्यूटर प्रोग्रामर उपस्थित थे।

# महानगर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने नियुक्ति पत्र दिया

- सारना धर्मकोड को लेकर कांग्रेस पार्टी कटिबद्ध है: केशव महतो कमलेश
- सभी कांग्रेस जनों को संकल्पित होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगा: नगर निगम चुनाव पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** महानगर कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन कार्यक्रम और नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ कार्यकारणी की बैठक बृहस्पतिवार को कृष्ण वल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यालय में हजारीबाग महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विशिष्ट अतिथि में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर, एस सी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव रहे और हजारीबाग नगर के चुनाव पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह और प्रदेश और जिला के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले नवनियुक्त नगर के पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आज नगर कमेटी का प्रदेश और जिला से अनुमोदन प्राप्त हुआ। जिसमें मुख्य रूप से उपाध्यक्ष परवेज अहमद, मुंगेश्वर चौधरी, महासचिव सीताराम यादव, अजय मेहता, बबलू सिंह, सोनू वर्मा, मो. मौजीब, अभय यादव, गणेश रजक, गोपाल कृष्ण मिश्रा बनाए गए। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त नगरनिगम चुनाव के पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह का स्वागत माला, पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। बैठक में विशेष तौर पर कांग्रेस संगठन की विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा परिचर्चा की गई।
इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उपस्थित पार्टी के पदाधिकारीयों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए यह जरूरी है कि वार्ड से लेकर बूथ स्तर तक ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जाए। प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जाति जनगणना कराने के मांग को अंततः केंद्र सरकार मान ली है इसके लिए राहुल गांधी का विशेष योगदान रहा है इस बात को हर एक वार्ड,हर एक मोहल्ला में पहुंचाना है। कांग्रेस की नीति और सिद्धांत को आम जनता तक पहुंचाना है।
कहा कि आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कमर कस ली है हम लोगों ने इसे चुनौती के रूप में लिया है। आगामी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। इसके लिए नगर निकाय और नगर परिषद में पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। संगठन सृजन के जरिए संगठन को मजबूत किया जा रहा है। सरना धर्मकोड को लेकर कहा कि कांग्रेस सरना धर्म कोड को लेकर कटिबंध है। कहा कि झारखंड आदिवासी बहुत क्षेत्र है और आदिवासी प्रकृति पूजा होते हैं प्रकृति की संरक्षण को लेकर आदिवासी समाज शुरू से संकल्पित है। केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड लागू करना होगा इसके लिए कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार को कुंभकर्णीय नींद से जगाने का काम कर रही है। अगर केंद्र सरकार सरना धर्म कोड लागू नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी सरना धर्म कोड की मांग को लेकर जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करेगी कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में सरना लागू करना होगा। सरना धर्मकोड को लेकर कांग्रेस पार्टी कटिबद्ध है।
इस अवसर पर नगरनिगम पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह ने कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में जोश और नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि अब समय आ गया है नए बदलाव का, सभी कांग्रेस जन मिलकर वार्ड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक वृहद स्तर पर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण अभियान चला कर संगठन का विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण करने का काम करेंगे। ताकि आगामी नगरनिगम, लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को मेयर, पार्षद,सांसद और विधायक बनाया जा सके इसके लिए सभी को संकल्पित होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगा। इसके अलावा नगरनिगम क्षेत्र में जय हिंद सभा और सदर विधानसभा में संविधान बचाओ रैलियां भी की जाएगी।
इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा की पार्टी के संगठन को हर वार्ड स्तर पर पुराने लोगों के साथ साथ नए लोगों को भी जोड़ना है और सरकार के लाभकारी योजना लाभ अंतिम वर्ग तक पहुंचे इसके लिए संगठन को मदद करना है ।
इस कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान और सहकारिता के जिला अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने की । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव, आबिद अंसारी, अशोक देव,अजीम खान, संजय गुप्ता ,राजू चौरसिया ,जावेद इकबाल, साजिद हुसैन, प्रमुख प्रतिनिधि गोविंद सिंह, बाबर अंसारी, दिलदार अंसारी, नरेश गुप्ता, संजय कुमार तिवारी, सदरुल होदा, मिथलेश दुबे, बेबी देवी, रिंकू कुमार, साजिद अली खान, के अतिरिक्त सभी वार्ड के अध्यक्ष भी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नौडीहा के विभिन्न पंचायत में महिलाओं ने आयोजित की चूपी तोड़ो स्वस्थ कार्यक्रम



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता-पप्पू यादव**

**पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के पंचायत सरईडीह में महिला और किशोरियों ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया प्रखंड जेएसएलपीएस के सखी मंडल ने किया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महामारी स्वच्छता व महिला समाज में व्याप्त कुर्तियों की चुपी को तोड़ना है जिससे महिलाओं के बीच स्वच्छता व मेहनत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकता है महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल है उपस्थित महिला ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रखंड वाश समन्वक का लगातार वैचारिक सहयोग मिला है वहीं मुखिया रेखा कुमारी, पंचायत सचिव नरेंद्र पांडे ने पंचायत स्तर पर सामुदायिक भस्मक के निर्माण को प्राथमिक देने का भरोसा दिया झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष उ4दय पासवान, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद, जेंडर सीआरपी आभा कुमारी ने इस अभियान को सशक्त संचालित किया जाने की जरूरत बताई है इस पंचायत सचिवालय में शपथ दिलाया गया। पंचायत के सभी कर्मियों कार्यकर्ता ,जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहाईका ,पंचायत प्रतिनिधि और समाजसेवी भी स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### बकरीद पर्व को लेकर उंटारी रोड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

- बकरीद में किसी दूसरे धर्म की भावनाएं आहत नहीं हो इसका रखें खास ख्याल




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- मोहम्मद शमीम**

**उंटारी रोड, पलामू।** जिले के उंटारी रोड थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी वासुदेव राय एवं संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। कल की शांति समिति की बैठक में दोनों समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि बकरीद कुर्बानी का त्योहार है इस त्योहार में आपसी सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। किसी दूसरे धर्म को भावनाएं आहत ना हो इसका विशेष ख्याल रखें। वहीं थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी भाई चारे के साथ मर्यादा में रहकर मनाएं ओर असामयिक तत्वों की जानकारी पुलिस प्रशासन को दें अफवाहों से दुर रहे। मौके पर , उंटारी रोड प्रखंड के पत्रकार बंधु , एवं , एसआई संजय कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, सत्यनारायण तिवारी, सदर खताबुद्दीन अंसारी,प्रमुख प्रतिनिधि अरुण वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि पारस कुमार, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह , केयामुद्दीन शेख,के साथ दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### डिग्री कॉलेज छतरपुर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

- एक पेड़, हजारों जिंदगीया पक्षियों को घर दो, पेड़ लगाओ
- हर हाल एक पौधा लगाए धरती को हराङ्गभरा बनाएं.. प्राचार्य



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**पलामू।** जिले के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत डिग्री कॉलेज छतरपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को छतरपुर डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य, प्रो0 अखिलेश कुमार यादव के अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राए ने भाग लिया प्रभारी प्राचार्य प्रो0 अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण में हम सब की भूमिका पेड़ पौधा लगाना महत्वपूर्ण है उन्होंने बताया कि सभी छात्र-छात्राए महाविद्यालय से संकल्प लेकर यहां से जाएं पर्यावरण की संरक्षण हर हाल करें.. प्रभारी प्राचार्य, प्रो0 अखिलेश कुमार यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी इस कार्यक्रम में अभय कुमार, सुबोध कुमार, पूजा कुमारी, फियाज हुसैन, प्रीति कुमारी, दीपक कुमार अन्य लगभग 20 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### इटखोरी में भीषण दुर्घटना में तीन हुए घायल, किया गया रेफर



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी-हजारीबाग मुख्य मार्ग में परोका मोड़ के पास शुक्रवार सुबह एक गंभीर सड़क हादसा हुआ बताया जाता है कि इस कार दुर्घटना में एक परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार चालक को भी चोट आई है। घटना शुक्रवार दिन में 11:00 बजे की है। दुर्घटना में सागर राज 18 वर्ष व उसके पिता सुनील कुमार एवं उनकी पत्नी जयंती कुमारी 53 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने इटखोरी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वे लोग नयी कार में सवार होकर मां भद्रकाली मंदिर पूजा करने आ रहे थे, इसी क्रम में उक्त स्थान चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और कार सड़क के किनारे शीशम के पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कर के परखच्चे उड़ गए। उक्त स्थल पर दुर्घटना इस भीषण दुर्घटना में हताहत हुए तीनों घायल रांची के रहने वाले हैं।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरणविद ने वन वृक्षों पर राखियां बांधते हुए कहा कि**

# बढ़ते प्रदूषण ,भीषण गर्मी ,जल संकट व जलवायु परिवर्तन को रोकने की दवा है पर्यावरण धर्मः डॉ कौशल

- पर्यावरणविद ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला के लाइब्रेरी, सिक्का, डाली व केरकी गांव में लगाए 500 पौधे
- जिंदा रहने के लिए पौधा लगाना , वनों को बचाना व पर्यावरण धर्म को होगा अपनानाः पर्यावरण धर्मगुरु
- वृक्ष खेती को आकाल सुखाड़ का भय नहीं होता वह किसानों को फिक्स्ड डिपॉजिट के समान होता हैः डॉ कौशल

**छतरपुर पलामू झारखंड**

छतरपुर अनुमंडल के केरकी कला के वनों में विश्व पर्यावरण दिवस के 53 वां और विश्व पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 49 वां स्थापना दिवस पर प्रकृति, पर्यावरण और प्राण बचाने के लिए वनों में प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें आसपास के करीब 20 गांव के सैकड़ो पर्यावरण प्रेमी शामिल थे। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने बतौर मुख्यातिथि कन्या पूजन और पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पक्षियों के भोजन के लिए बरगद का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया।



वनों पर राखी बांधते वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल व पर्यावरण प्रेमी

पर्यावरणविद डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट से निजात पाने के लिए किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत है । क्योंकि वृक्ष खेती को आकाल सुखाड़ का भय नहीं है। वृक्ष की खेती किसानों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह काम आता है। इतना ही नहीं इससे जल संकट और ऑक्सीजन संकट भी उतपन्न नहीं होगी। उन्होंने जिला के लाइब्रेरी, सिक्का, डाली और केरकी कला गांव के लोगों के बीच 500 पौधा वितरण व रोपण करते हुए कहा कि जहां भी वनों की कटाई होती है वहां विनाश होता है। कोरोना काल इसका गवाह है। दिल्ली और महाराष्ट्र और उत्तराखंड के त्रासदी में अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ का ही परिणाम है कि वहां बेकाबू गर्मी, जल संकट और प्रदूषण बेतहासा बढ़ा है। जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं।

वन राखी मूवमेंट के अगुआ डॉ कौशल किशोर ने वन बचाने वाले सभी 500 पर्यावरण प्रेमी महिलाओं को साड़ी एवं पुरुष को शॉल ओढ़ा कर उन्हें फलदार पौधा व मिठाईयां देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में संचालन कर रहे सिंगर शिवनाथ सुरीला अध्यक्ष कपिल देव सिंह,चराई मुखिया रविंद्र राम, मुरुम दाग उप मुखिया डोमन यादव,डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि, सुचित कुमार,डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल के प्रतिनिधि, जुबेर अंसारी, पर्यावरणविद के प्रतिनिधि डाली के संतोष जायसवाल,हरिराम, रामजी सिंह, नागेश्वर सिंह, श्याम बिहारी सिंह,कृष्ण प्रसाद,सत्येंद्र सिंह,बनारसी देवी , पनपत्ति देवी, मुनिया देवी, गीता देवी, ने वन राखी मूवमेंट से होने वाले वनों की सुरक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा पर अपना विचार व्यक्त किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आज 45 वर्षों से केरकी कला में पर्यावरण विद डॉ कौशल के द्वारा चलाया गया वनरखी मूवमेंट के कारण क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता आयी है यही कारण है कि इस क्षेत्र के हजारों एकड़ उजड़े वन आज सघन वन का रूप ले लिया है। मौके पर वन राखी मूवमेंट के सदस्यों में सोहर कुमार, चूल्हा सिंह, बिरजू सिंह, बृक्ष सिंह, कपिल देव यादव, मनोज गुप्ता, अर्जुन सिंह, सूरज नाथ सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष मनजीत कुमार सिन्हा, राजू सिंह, अरूप बनर्जी,शोभा रानी व अमरेंद्र सिंह, निशीकांत कुमार,आदि उपस्थित थी।

# सामाजिक कार्यों में सहयोग हेतु युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरतः धीरज मिश्रा

**जरूरतमंद लोगों के सहयोग हेतु नयी संस्कृति सोसाइटी को किया वस्त्र खिलौने का वितरण**

पलामू के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक सामाजिक संस्था व्हाट्स एप ग्रुप इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने पलामू डाल्टनगंज में संचालित सामाजिक संस्था नई संस्कृति सोसाइटी के कार्यालय में संस्था के संचालक अजीत कुमार पाठक को जरूरतमंद लोगों के लिए वस्त्र, खिलौने वितरण करने हेतु सौंपा।

इस अवसर पर धीरज मिश्रा ने कहा कि सभी लोगों को ख़ास कर आज की युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा लेकर जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने का सराहनीय कार्य जाना चाहिए जिससे कि आम जनमानस के साथ ही जरूरतमंद लोगों को चेहरे पर भी मुस्कान लाने के साथ ही पुण्य का भागी बना जा सके। श्री मिश्रा ने प्रमंडल के पलामू सभी लोगों से सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा लेकर जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि आगे भी जरूरत मंद लोगों को सहयोग करने का कार्य किया जाएगा।




इस अवसर पर संस्था के संचालक अजीत पाठक ने धीरज मिश्रा द्वारा किया जा रहा सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया। एवं अन्य लोगों से भी सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा लेकर जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य उदय कुमार झा, हिमांशु त्रिवेदी एवं सामाजिक कार्यकर्ता परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, शशिकांत तिवारी उपस्थित रहे।

## आम का पेड़ लगाकर और आम का फल बेचकर किसान हो रहे हैं मालोमाल, लगडा आप

- बंजर जमीन में आम बागवानी लगाकर कमा रहे हैं लाखों रुपए.. किसान



**पलामू।** जिले के छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के हुटूकदाग पंचायत में, बटाने नदी के समीप ,बंजर जमीन में लगभग 4 एकड़ में आम बागवानी लगाकर किसान कमा रहे हैं आम बेचकर लाखों रुपए.. अपने बंजर जमीन में जदू सिंह ने परिवार के गुर्जर बसर के लिए प्रखंड के तहत आम बागवानी योजना कराई उसके बाद 6 साल खून पसीने एवं लगन के साथ आप के पेड़ को मेहनत किया और सातवा साल फल देना शुरू हो गया जदू सिंह ने बताया कि एक आम 250 ग्राम का यह आप लगड़ा है काफी संख्या में गांव के ग्रामीण आम लेने आते हैं खाने के लिए एवं अचार लगते हैं एवं अन्य कामों में प्रयोग करते हैं जदू सिंह के चार पुत्र हैं सभी व्यक्ति खेती किसानी करते हैं घर पर ही आम को पक्कार अपने से बेचते है और अच्छा दाम मिलता है और पूरा परिवार इसी से भरण पोषण कर लेते हैं हर साल मेहनत करते हैं और सीजन के समय आम अच्छा फल लगता है और उसे बेचकर परिवार के गुजर बसर करते हैं उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में काफी संख्या में नीलगाय के आतंक के वजह से देखभाल ज्यादा करना पड़ता है न तो सब आम खा जाती है नीलगाय।

## हाईवा और बाइक में भीषण टक्कर, घटना स्थल पर बाइक चालक की दर्दनाक मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने नौड़ीहा -छतरपुर मुख्य पथ को किया जाम

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**पलामू।** जिले के नौड़ीहा- छतरपुर मुख्य पथ मे पीपरा थाना क्षेत्र के बडका पीपरा निवासी भैरों राम के 22 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार विपरीत दिशा मे आ रहा हाइवा की चपेट में आने बाइक चालक की घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक अपने भाई के ससुराल छतरपुर थाना के तेलियाडीह आया हुआ था। घटना करीब 12:30 बजे की बताया जा रहा है। बाइक चालक सड़क किनारे गाड़ी खड़ा कर फोन के द्वारा अपने परिजन से बात कर रहा है। हाईवा चालक नींद में की धुत में था। मृतक के परिजन ने बताया कि भाभी के मायके छोड़ने आया था। मृतक के भाई की शादी स्व नंदू राम के पुत्री से विगत 30 मई की हुआ था। आक्रोशित ग्रामीणों नौडीहा राजद प्रखंड अध्यक्ष सह विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, बसपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार ,पूर्व मुखिया कमलेश राम सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने मृतक के परिजन को दस लाख रुपये की मुआवजा की मांग पर अड़े हुए थे। राजद प्रखंड अध्यक्ष श्री भारती ने मृतक परिजन को पुलिस प्रशासन से दस लाख रुपये व मृतक परिजन के सदस्य की नौकरी की मांग किया। अंचल पदाधिकारी श्री रामनारायण खलको व अंचल पुलिस निरीक्षक श्री द्वारिका राम के द्वारा समझा बुझाकर जाम को हटाने की अथक प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखें जाने तक जाम नहीं हटाया गया है। छतरपुर थाना प्रभारी श्री प्रशांत प्रसाद, नौड़ीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, अवर पुलिस निरीक्षक रामदयाल महतो, सहायक ,अवर पुलिस निरीक्षक आशीष कुमार, सहायक पुलिस निरीक्षक प्रमोद राय -नागेंद्र प्रसाद सहित अन्य आरक्षी मौजूद थे।



## हुसैनाबाद विधायक के सौजन्य से मोहम्मदाबाद में मिला ट्रांसफार्मर

**आदिवासी एक्सप्रेस/लालू कुमार यादव**



**हुसैनाबाद, पलामू।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड के मोम्मदाबाद में ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके कारण ग्रामीणों को बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ रहा था, आज दिनांक 06/06/2025 को राजद प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री संजय कुमार सिंह यादव जी के सौजन्य से ग्रामीणों को 200kVA ट्रांसफार्मर का व्यवस्था कराया गया। इस पहल से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

## बकरीद के त्योहार को लेकर टंडवा प्रशासन अलर्ट, चौंक चोराहों पर पुलिस बल की कड़ी नजर

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**टंडवा- (चतरा)** ईद उल अजहा. कुर्बानी का त्योहार बकरीद सात जून को मनाया जा रहा है। बकरीद को लेकर टंडवा प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में देखने को मिला, शुक्रवार को टंडवा अंचल अधिकारी विजय कुमार दास, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश कुमार के साथ भारी संख्या में पुलिस बल टंडवा के चौंक चोराहों में फ्लेग मार्च के बाद भी कड़ी निगरानी में थे।बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक तैयारियां की गयी इसके साथ सभी इलाकों में लगातार गश्ती व निगरानी पर अलर्ट अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर लिया गया। शांति समिति के सदस्यों से फीडबैक लेने के बाद इस तरह की तैयारियां की गई है। लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। सभी स्थानों पर पुलिस बल देखने को मिला ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो, ईदगाहों और मस्जिदों में तैयारियां अंतिम चरण में इधर, बकरीद की नमाज को लेकर जिलेभर की ईदगाहों और मस्जिदों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं, नमाज के लिए समय-सारणी जारी कर दी गयी है। सभी जगह सफाई अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही धूप से बचाव के लिए नमाज स्थलों पर टेंट और तिरपाल लगाने का काम भी पूरी कर ली गई है, प्रशासन और जनता दोनों मिलकर त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की दिशा में जुटे हैं।



## बकरीद के पूर्व संध्या प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों का किया भ्रमण

**विकाश कुमार कान्हाचट्टी**



बकरीद के पूर्व संध्या राजपुर पुलिस और प्रखंड प्रशासन ने संयुक्त रूप से प्रखंड के कई स्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आगामी शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर दोनों समुदायों से विशेष चर्चा की। वही त्यौहार को हर्षौल्लास के साथ और भाईचारे के साथ मनाने का निर्देश दिया। वही यदि किसी प्रकार की कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस और प्रशासन को देने के लिए कहा गया। कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी मनोज गोप ने कहा कि प्रशासन और पुलिस प्रखंड के सभी क्षेत्रों में पैनी नजर बनाए हुए है। खासकर असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यदि कोई भी असामाजिक तत्व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**हथियार और जिंदा गोली के साथ युवक गिरफ्तार - सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शन की थी मंशा**

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में दिनांक 2 जून को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि छतरपुर थाना अंतर्गत ग्राम डाली में एक युवक अवैध हथियार लेकर खुलेआम घूम रहा है तथा हथियार को लहरा रहा है। इस गंभीर सूचना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम डाली से तौफीक अंसारी (उम्र 20 वर्ष), पिता - गुलाम गौस, ग्राम - डाली, थाना - छतरपुर, जिला - पलामू को एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया।



छत्तरपुर थाना कांड संख्या 94/25, दिनांक 03.06.2025
धारा - 25 (1-b)a / 26, आर्म्स एक्ट

**पूछताछ के मुख्य बिंदु**

गिरफ्तार अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने यह हथियार 5000 में एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था। पूछताछ में उसने बताया कि उसे अवैध हथियार रखने का शौक था तथा वह अपने क्षेत्र में धौंस जमाने और पहचान बनाने के लिए हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करना चाहता था। इसी उद्देश्य से वह गांव में हथियार लहराकर लोगों को दिखा रहा था।

पुलिस टीम अन्य संभावित सहयोगियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी कर रही है।

**बरामद सामान**

1. एक देसी कट्टा
2. एक जिंदा गोली
3. एक मोबाइल फोन

**छापामारी दल**

1. पु0 अ0नि0 प्रशांत प्रसाद - थाना प्रभारी, छतरपुर
2. पु0 अ0नि0 राहुल कुमार - छतरपुर थाना
3. पु0 अ0नि0 सुशील उरांव - छतरपुर थाना
4. स0 अ0नि0 राजीव कुमार - अनुसंधानकर्ता
5. सशस्त्र बल - छतरपुर थाना, पलामू

पलामू पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि समाज में भय और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सूचना देकर कानून व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग करें।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरीद पर्व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर निकाला गया फ्लैग मार्च



**सौरभ भगत**

**अमड़ापाड़ा।** प्रखंड में बकरीद पर्व के मद्देनजर अमड़ापाड़ा पुलिस पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रही है। कुछ दिन पूर्व में ही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई थी। जिसमें आपसी भाईचारा के साथ पर्व मनाने के लिए कहा गया था। वहीं शुक्रवार को अमड़ापाड़ा बाजार में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च अमड़ापाड़ा मुख्य बाजार,पोखरिया रोड़,मंदिर टोला, का भ्रमण करते हुए पुनःथाना पहुँचा। इस दौरान अधिकारियों ने आम लोगों से अपील किया कि बकरीद पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। सभी लोग सामाजिक नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाएं। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने कहा कि शांति व सुरक्षा को लेकर पुलिस हमेशा तैनात रहेगी। असामाजिक तत्व पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्व को लेकर सरकार से जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करें। मौके पर एसआई पप्पू कुमार, एसआई सनी सुप्रभात, एसआई कविंद्र मिश्रा,एएसआई गेब्रियल आइन, नंदेश्वर सिंह, प्रदीप कुमार, धनंजय कुमार मंडल, सुरजमल पासवान, सलवाहन भगत सहित अन्य पुलिस दल-बल मौजूद थे।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं बकरीद का पर्व: उपायुक्त

- आमजन किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे, संदिग्ध होने पर अविलंब करेंगे सूचित
- सभी थाना प्रभारी- बीडीओ/सीओ रहेंगे अलर्ट पर, सोशल मीडिया पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर, टीम करेगी निगरानी



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** बकरीद के मद्देनजर विधि व्यवस्था के सफल संधारण हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी थाना प्रभारियों/ बीडीओ - सीओ एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा की गई।सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद का पर्व संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त 32 शिक्षकों को किया सम्मानित



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी द्वारा कृषि बाजार समिति प्रांगण में अक्टूबर 2024 से माह मई 2025 तक हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुल 32 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल ओढ़ाकर एवं छाता, रेनकोट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपायुक्त मनीष कुमार ने सेवानिवृत शिक्षकों से कहा की सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी शिक्षक अपने व्यक्तिगत कार्य करते हुए अपने स्वास्थ्य के ऊपर ज्यादा ध्यान दें। आप सभी सेवानिवृत्ति के बाद बैठे नहीं बल्कि ज्यादा सक्रिय रहे। कोई ना कोई गतिविधि जारी रखें। आपके आस-पास वैसे बच्चें जिन्हें विशेष शिक्षा की जरूरत है, उन्हें शिक्षा जरूर दें। साथ ही आप सभी समाज में क्या-क्या हो रहा है इस पर ध्यान दें और बेहतर समाज बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करें।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण




**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। उल्लेखनीय हो कि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्री - मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं रखरखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग रांची को समर्पित करना होता है।

इसी संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए निर्वाचन विभाग के कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा प्रतिवेदन मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग रांची को भेजने का निर्देश दिया।

# चतरा सांसद कालीचरण सिंह जी का आवासीय कार्यालय का दरवाजा जनता के लिए 24 घंटे खुले रहते हैं

- सांसद कालीचरण सिंह जनता के उम्मीदों पर खरा उतर रहे हैं: रौशन सिंह
- शिक्षा , चिकित्सा , कृषि , रोजगार , सुरक्षा एवं यातायात के क्षेत्र में जनहित के लिए आशा से बढ़कर काम किया सांसद कालीचरण सिंह ने
- क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सांसद की अहम भूमिका रही
- जनप्रतिनिधि के साथ जन सेवक के रूप में एवं सच्चे पहरेदार के रूप में काम कर रहे हैं सांसद काली चरण सिंह

**आदिवासी एक्सप्रेस/**
**संतोष कुमार दास**



**चतरा।** चतरा लोकसभा चुनाव 2024 में चतरा के स्थानीय उम्मीदवार के रूप में कालीचरण सिंह जी ने एनडीए से चुनाव लड़ा और जीते। जनता के विचारों पर खरा उतरे । उक्त बाते हंटरगंज भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की चुनाव हुए 1 साल हो चुके और विगत 1 साल में सांसद कालीचरण सिंह ने चतरा लोकसभा के पांचो विधानसभा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए जनहित में छाए रहे। जनता की सेवा में कोई कोर कसर उन्होंने नहीं छोड़ा।लातेहार, पांकी, मनिका, सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र सभी क्षेत्रों में अपनी दमदार और क्रियाशील उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक-एक जनता की आवाज को उन्होंने सुना और त्वरित कार्रवाई भी करवाया। सांसद कालीचरण सिंह ने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात , रोजगार, सुरक्षा के क्षेत्रों में आमूल-चूल परिवर्तन किया। चतरा जिला के प्रशासनिक व्यवस्था को जनता के हित के लिए कार्य करने पर विवश किया। सांसद कालीचरण सिंह जी का दरवाजा 24 घंटा जनसेवा में खुल रहा। ये ऐसे सांसद हुए जिसे जनता कभी भी किसी समय मुलाकात कर सकते हैं। कोई भी कहीं से फोन करें तो जनता के समस्या पर यह त्वरित संज्ञान लेते हुए विभागीय पदाधिकारी को अविलंब निर्देश देते हैं और कार्य संपादन करवाते हैं । श्री रौशन सिंह ने आगे बताया कि किसानों के लिए योजना छात्र-छात्राओं के लिए योजना बेरोजगारों के लिए योजना कई प्रकार की योजनाओं पर इन्होंने अपनी दमदार आवाज लोकसभा में उठाया। लोकसभा के संसदीय सत्र में कालीचरण सिंह जी ने चतरा का लगातार ज्वलंत मुद्दों पर प्रश्न करते गए एवं केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षण करने मे सफल हुए। चतरा में रेलवे लाइन के लिए रेलवे मिनिस्टर से , स्वास्थ्य सुविधा के लिए स्वास्थ्य मंत्री से , यातायात सुविधा के लिए यातायात मंत्रालय से मिलकर के चतरा की स्थिति से अवगत कराया एवं केंद्र सरकार से उन्हें अपेक्षित भरोसा भी मिला। सांसद कालीचरण सिंह जी ने केंद्र सरकार के द्वारा जनता के दिए जाने वाले तमाम प्रकार की योजनाओं को ढंग से क्रियान्वित करवाया और कर रहे हैं। एक साल में चतरा जिला में दिखने लगा स्थानीय सांसद का क्या महत्व होता है। शादी विवाह का मौके हो या कोई अन्य समारोह सांसद कालीचरण सिंह रात को रात ना देखते हुए अपने उपस्थिति दर्ज करते हैं । सांसद कालीचरण सिंह जी की लोकप्रियता क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। उनकी भाषा शैली मधुर स्वभाव एवं लोगों के प्रति आदर भाव उन्हें और ज्यादा प्रसिद्ध करते जा रहा है। वे जनता से बहुत ही विनम्र तरीके से बात करते हैं और कार्य को अपना कार्य समझ करके पदाधिकारी से कार्य करवाते रहते हैं। एक साल में चतरा का दृश्य बदल गया। आप इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि चतरा घाटी चतरा-हंटरगंज पथ मे विगत 5 वर्षो से सड़क निर्माण में अवरोध के कारण आवाजाही में काफी समस्या महसूस हो रही थी। कितने दुर्घटनाएं हो रही थी। लेकिन संसद कालीचरण सिंह जी परिणाम आने से पूर्व ही सड़क को दुरुस्त करवा दिया इससे उनका कार्य करने की क्षमता एवं कार्य करने के उद्देश्य परिलक्षित होता हैं। सांसद कालीचरण सिंह जी ने पंचायत से लेकर के लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा में क्षेत्रों में अपनी कार्य योजनाओं को लेकर के जनता के बीच जा रहे हैं। किसी के द्वारा दूरभाष पर बात किए जाने पर तुरंत फोन उठाकर बात करते हैं और समस्या पूछ करके त्वरित संज्ञान लेकर कार्य सम्पन्न कराते है।जनता के काम के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हैं।सांसद महोदय जनप्रतिनिधि के साथ जन सेवक के रूप में एवं सच्चे पहरेदार के रूप में काम कर रहे हैं।

# केंद्रीय स्वास्थ्य टीम ने कालाजार उन्मूलन कार्यक्रमों की सराहना की

- 2026 तक कालाजार को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रशासन कटिबद्ध- डीसी
- कालाजार उन्मूलन की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर हुई चर्चा

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



उपायुक्त ने कालाजार उन्मूलन के सफल क्रियान्वयन को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य टीम एवं स्वास्थ्य विभाग पाकुड़ के साथ उच्चस्तरीय बैठक की कालाजार उन्मूलन को लेकर पाकुड़ जिला में चल रहे कार्यक्रमों एवं छिड़काव इत्यादि का हाल जानने केन्द्रीय स्वास्थ्य दल पाकुड़ पहुंची है।
बैठक में सर्वप्रथम फील्ड वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, वर्कर्स ने प्रोजेक्ट जागृति के तहत बालू मक्खी के नियंत्रण और आईआरएस छिड़काव कार्यों में उत्कृष्ट कार्य किए थे। वहीं एमपीडब्ल्यू, सहिया को ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर जागरूकता फैलाने को लेकर पौधा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कालाजार चैंपियन को राशन किट और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।
उपायुक्त मनीष कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमड़ापाड़ा में कालाजार अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों को केन्द्रीय टीम के साथ साझा किया। बैठक में मुख्य रूप से कीटनाशक छिड़काव अभियान और सक्रिय मामलों की पहचान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि एमओआईसी द्वारा कालाजार उन्मूलन के कार्यों की निगरानी की गई है जिसका परिणाम इस बार कोई भी घर छिड़काव एवं सर्वे से छूटा नहीं है। स्वास्थ्य टीमों द्वारा घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया हैं जिसमें ग्रामीणों को छिड़काव कार्यक्रम के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई और छिड़काव के बाद 75 दिनों तक घरों में सफेदी या पलस्तर न करने की सलाह दी गई ताकि कीटनाशक का प्रभाव बना रहे।
बैठक के दौरान उपायुक्त ने केंद्रीय और राज्य टीमों को बेहतर मामला पहचान और रिपोर्टिंग प्रणालियों के बारे में अवगत कराया। केंद्रीय स्वास्थ्य टीम ने पाकुड़ जिले में हो रहे कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम का प्रशंसा किया। उपायुक्त ने कहा कि केंद्र और राज्य की संयुक्त टीम जिला प्रशासन के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्य कर रही है। लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और रोग की पहचान को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि कालाजार से प्रभावित गांव के लोग मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें। उपायुक्त ने जीतेगा पाकुड़- हारेगा कालाजार का नारा देते हुए सभी को इस जनसंघर्ष में भागीदार बनने की अपील की।
इसके पश्चात प्रकृति हूल महोत्सव के तहत सीएससी परिसर में उपायुक्त व केन्द्रीय स्वास्थ्य टीम ने पौधारोपण किया। साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाकर कालाजार के खिलाफ जन जागरुकता का संदेश दिया।
बैठक में निदेशक, एनभीबीडीसीपी डॉ तनु जैन, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, भीबीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, डब्ल्यूएचओ की राज्य और जोनल टीम, राज्य और जिला पिरामल टीम, राज्य कालाजार सलाहकार सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रखंड परिसर में आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन

**सौरभ भगत**



**अमड़ापाड़ा-** प्रखंड परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन किया गया।बिरसा हरित ग्राम (मनरेगा) योजना के तहत प्रखंड सभागार में आयोजित आम उत्सव सह बागवानी मेले में विभिन्न पंचायतों के लाभुकों ने विभिन्न प्रकार के आम फल की प्रदर्शनी लगाई, उत्पादक किसान सहित स्वयं सहायता समूह के दीदी ने मेले में पहुंचकर मेले को सफल बनाया।मेले का शुभारंभ अमड़ापाड़ा संथाली पंचायत के मुखिया गयालाल देहरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ( जेएसएलपीएस) के बीपीएम राजेश कुमार,तथा प्रखंड के कई पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि गण, बीपीओ अजय कुमार गुप्ता, सीसी (जेएसएलपीएस) जतन बेसरा, बीपीआरओ जुलूर रहमान,सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, मुखियागण, पंचायत सचिव एवं रोज़गार सेवक ने मेले का उद्घाटन किया। स्थानीय कृषकों एवं महिला समुह को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण को बल देने के उद्देश्य से अलग-अलग पंचायत से पहुंची महिलाओं ने मनरेगा योजना के तहत लगाए गए आम के बागानों से उत्पन्न आम्रपाली, मल्लिका, हिम सागर, अल्फानसी, सिंदूरी, बम्बईया, लंगड़ा मालदा, फजली, चौसा, खिरसा पति, दशहरी, नीलम, बीजू, जैसी बेहतरीन किस्मों के आमों का स्टाल पर प्रदर्शन किया। मेले में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने संबोधन में कहा कि आम बागवानी से किसान आत्मनिर्भर होंगे।आम बागवानी से पर्यावरण सुरक्षा के साथ लोगों के लिए स्वरोजगार व आजीविका का अच्छा साधन है। इसलिए अधिक से अधिक लोग इस योजना से जुड़कर लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बने। आम उत्पादक किसान आधुनिक तकनीकि अपनाकर मनरेगा से रोजगार प्राप्त कर आम बागवानी बनाने के साथ- साथ पर्यायवरण को संतुलित करके स्वरोजगार को बढ़ावा देने का काम किया है। यह मेला न सिर्फ बागवानी को बढ़ावा देने का मंच है, बल्कि यह आम उत्पादक किसानों सहित महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल के साथ स्वरोजगार का अवसर प्रदान कर रहा है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आम उत्पादक किसानों को अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 10 पंचायतों में 143 एकड़ भूमि का चयन कर आम बागवानी कराने के लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया हैं, जिससे किसानों को रोजगार और आत्मनिर्भरता मिलेगी साथ ही जो आम उत्पादक किसान प्रखंड क्षेत्र में आम बागवानी कर अपनी आय संवर्धन कर रहे हैं वे अन्य सभी आम उत्पादक किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## दुर्गा सोरेन सेना के द्वारा बुजुर्ग महिला कि की गई समुचित व्यवस्था



**पाकुड़।** महिला की वर्तमान गंभीर स्थिति को देखते हुए, उज्ज्वल भगत ने सोनाजोड़ी, पाकुड़ स्थित वृद्धाश्रम में उनके सम्मानजनक आवास, भोजन, चिकित्सा तथा मानसिक देखभाल की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करवाई है। दुर्गा सोरेन सेना की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि भविष्य में महिला की हर प्रकार से निगरानी और सहायता की जाएगी। यह घटना समाज में बुजुर्गों के प्रति व्यवहार और जिम्मेदारी पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। दुर्गा सोरेन सेना द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई निश्चित रूप से समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

# नशा मुक्ति को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**उपायुक्त के निर्देश पर सभी प्रखंड में चलाया गया नशा उन्मूलन कार्यक्रम**

**विकाश कुमार कान्हाचट्टी**



शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में नशा मुक्ति को लेकर एक अहम बैठक की गई। बैठक में नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताते चले कि चतरा उपायुक्त कीर्ति श्री के निर्देश पर जिला के सभी प्रखंडों में एक दिवसीय नशा उन्मूलन कार्यक्रम सह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। वही जागरूकता के दौरान प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षक ने नशा से होने वाले समस्याओं को विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि यदि कोई भी नशा करते होंगे तो उन्हें खुद में यह बदलाव सबसे पहले लाना है और नशा को सदा के लिए त्याग करना है। उन्होंने तरह - तरह के नशीले पदार्थों जैसे दारू, सिगरेट, खैनी, पान मसाला, गांजा, चरस, भांग से होने वाले नुकसान को विस्तार पूर्वक बताया। वही नशा से बच्चों को दूर रखने को कहा गया। चतरा में आए दिन घटनाओं से पता चलता है कि नशा ने किस प्रकार जिले में अपना कब्जा जमाते जा रहा है। तथा जल्दी ही यदि इस में काबू नहीं पाया गया तो चतरा की भविष्य को बड़ा नुकसान हो सकता है। इसी को देखते हुए उपायुक्त कीर्ति श्री ने प्रशासनिक कार्रवाई के साथ साथ जागरूकता पर भी विशेष जोर दे रही है। वहीं कार्यक्रम में कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी मनोज गोप, बीपीओ सुबोध पासवान,15वीं वित बीसी बैजनाथ कुमार, मनरेगा कनीय अभियंता शशिकांत कुमार, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# पायोनियर कंपनी ने किया गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



मधुपुर के चरपा प्रखंड में एक भवन में पायोनियर कंपनी द्वारा गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मधुपुर और सारवां प्रखंड के लगभग एक सौ किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कंपनी के उत्पाद 27पी37 धान की खेती से अधिक उपज प्राप्त करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया।
कंपनी के टेरेटरी मैनेजर मनीष पाण्डेय ने बताया कि 27पी37 धान 1 और 2 नंबर खेतों के लिए सबसे अधिक उत्पादन देने वाली किस्म है। इस धान में लंबी और वजनदार बालियां होती हैं, जिससे अन्य धान की तुलना में 3 से 4 क्विंटल अधिक पैदावार प्राप्त होती है। क्षेत्रीय प्रतिनिधि भीम वर्मा और मिंटी तांती ने किसानों को धान की खेती के उन्नत प्रबंधन के तरीके बताए।
कार्यक्रम में मनोज वर्मा, बिगन पंडित, गोत्तम वर्मा, जनार्धन वर्मा, पंचानन मंडल, रंजीत यादव, मंटू वर्मा सहित कई अन्य किसान उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा ने किया पौधरोपण

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



**पाकुड़-** भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून से 15 अगस्त तक चलने वाले एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकुड़ रेलवे कॉलोनी स्थित नवनिर्मित बगीचा में भाजपा नेता हिसाबी राय के नेतृत्व में फलदार एवं जीवनपयोगी पौधों का वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम के साथ किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष-सह-भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्षा सम्पा साहा सहित निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद,भाजपा नगर महामंत्री सुशील साहा,अनिकेत गोस्वामी, मुरारी मंडल, रूपेश राम मौजूद थे।
कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां के नाम पर एक-एक पौधारोपण किया।
कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष सम्पा साहा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक सांकेतिक भाव है।अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का उद्देश्य जहां जीवन पोषित करने में माता की भूमिका का सम्मान करना है। एक पेड़ मां के नाम अभियान देश के स्थाई और पर्यावरण के प्रति जागरूक भविष्य के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संगठनात्मक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के आह्वान और माता के प्रति सम्मान की भावना के साथ-साथ यह पहल नागरिकों को एक हरित ग्रह बनाने में अपना योगदान देने का अवसर प्रदान करती है।
भाजपा नेता हिसाबी राय ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण अभियान में संपूर्ण भारत वर्ष में लोगों को अपनी माताओं के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करने की भावना के निहित यह अभियान न सिर्फ प्रकृति और मातृत्व के पोषण शक्ति के सम्मान का प्रतीक है,बल्कि भविष्य में की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और टिकाऊ विश्व की आश्वासन भी है।
एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में मनोरमा देवी रंजीत राम,पिंटू हजरा विक्रम राय, मिथिलेश मंडल, सोमनाथ मंडल श्यामल साहा मौजुद थे।

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति करना होगा जागरूक



रमेश सर्राफ धमोरा

**विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबंध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी।**

हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता हैं। यह एक वैश्विक संदेश देता है कि अब वह समय आ गया है जब मनुष्य और प्रकृति के बीच खोए हुए सन्तुलन को फिर से स्थापित किया जाना चाहिए। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का थीम है विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी।

हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बिना इसके स्वस्थ रहने की कल्पना करना मुश्किल है। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव



के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें।

पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के परि उपसर्ग (चारों ओर) और आवरण से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है जिसका अर्थ है घेरना, घेरना या घेरना। पर्यावरण को उस परिवेश या परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पौधे, जानवर और मनुष्य जैसे जीवित जीव रहते हैं। पर्यावरण की एक सरल परिभाषा में कहा जा सकता है कि मानव जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों को शामिल करने वाली एक प्रणाली है। जैविक या जीवित घटकों में सभी वनस्पति और जीव शामिल हैं और अजैविक घटकों में पानी, सूरज की रोशनी, हवा, जलवायु आदि शामिल हैं।

देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लाकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पड़ो को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हे कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ो को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं।

मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दें रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है।

पांच वर्ष पूर्व लाकडाउन का वह समय पर्यावरण की दृष्टि से अब तक का सबसे उत्तम समय रहा था। उस दौरान शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घटकर न्यूनतम स्तर पर आ गया है। देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी।

भारत का पहला पर्यावरण आंदोलन बिश्नोई आंदोलन था। अमृता देवी ने इस प्रयास का नेतृत्व किया था। जिसमें 363 लोगों ने अपने जंगलों के संरक्षण के लिए अपनी जान दे दी। पेड़ों की सुरक्षा के लिए उन्हें गले लगाने या आलिंगन देने की अवधारणा स्थापित करने वाला यह अपनी तरह का पहला आंदोलन था। इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हे इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमे व हमारी आने वाली पीढियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है। हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पायेगें। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां शुद्ध हवा में सांस ले पायेगी। यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं।

## संपादकीय

### युद्ध और अ-शांति

यूक्रेन और रूस के बीच तुर्किये में शांति वार्ता का दूसरा दौर चल रहा है। इस खबर से दुनिया भर में राहत की सांस ली जानी चाहिए थी, लेकिन कोई इसके सार्थक परिणामों की उम्मीद नहीं कर रहा। दोनों देशों में अभी तक मृत सैनिकों के शवों और घायल सैनिकों की अदला-बदली पर ही सहमति बनी है, जबकि युद्ध तीन साल से बदस्तूर जारी है। दोनों देशों में हो रही वार्ता की तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान अध्यक्षता कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से पहले ही संकेत मिल चुके हैं कि युद्ध को रोकने की दिशा में फिलहाल कोई ठोस प्रगति नहीं होने जा रही है। जंग का हाल ये है कि रोज इसकी गंभीरता बढ़ती जा रही है। अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई चल रही है और दोनों पक्ष एक-दूसरे के क्षेत्र में भीतर तक हमले कर रहे हैं। पहले इस युद्ध में यूक्रेन को कमजोर समझा जा रहा था और पूरी दुनिया मान बैठी थी कि यूक्रेन जल्द ही हथियार डाल देगा और रूसी राष्ट्रपति पुतिन अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे, लेकिन यूक्रेनी सेना इस युद्ध को तीसरे साल तक खींचने में कामयाब रही है। रविवार को तो यूक्रेन ने रूस को एसा सबक सिखाया जिसे पुतिन और रूसी सेना कभी नहीं भूल पाएगी। यूक्रेनी सेना ने ड्रोन हमले करके रूस के भीतर कई अहम एयर स्ट्रिप को बरबाद कर 40 से अधिक रूसी विमानों की कब्रगाह बना डाली। खिसियाया रूसी रक्षा मंत्रालय मार गिराए गए यूक्रेनी ड्रोन की संख्या बताकर ही खीझ मिटा रहा है। यूक्रेन पर रूसी हमले पहले की तरह जारी हैं। युद्ध अब अत्याधुनिक पैंतरेबाजी तक पहुंच गया है। इसमें अब सैनिकों से ज्यादा ड्रोन की भूमिका हो गई है। युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र और बड़े देशों की भूमिका निंदनीय बनी हुई है। ये सभी इसे पुतिन का निजी मामला समझकर सुविधाजनक दूरी बनाए हुए हैं। यूक्रेन को सैन्य सामग्री देकर ही नाटो भी संतुष्ट है। अमेरिका रूस से तेल, गैस और यूरेनियम खरीदन वालों पर 500 फीसद शुल्क लगाने के विधेयक पर विचार की तैयारी कर रहा है। भारत और चीन इसका सीधा शिकार बनेंगे जो रूस से भारी मात्रा में ये सामान खरीद रहे हैं। इस युद्ध से पुतिन भी संकट में हैं, क्योंकि उन्होंने ऐसे युद्ध में गर्दन फंसा ली है जहां से निकलना संभव नहीं हो रहा। यूक्रेनी शहरों की तबाही और लाखों लोगों के विस्थापन के साथ दुनिया की भी सांस हलक में अटकी है। इस्तांबुल वार्ता का किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जरूरी है।

## चिंतन-मनन


### सच्चा पुरुषार्थ

यह बात उन दिनों की है जब स्वामी विवेकानंद की चर्चा दुनिया भर में फैल चुकी थी। उनके विचारों को लेकर हर जगह विचार-विमर्श चल रहा था। उन्हें एक आदर्श के रूप में स्थापित होता देख एक विदेशी महिला बहुत प्रभावित हुई। उसने स्वामी विवेकानंद से विवाह करने का मन बना लिया। बस, इसके बाद वह हरदम उन्हीं के बारे में सोचती रहती। संयोग से एक दिन स्वामी विवेकानंद एक सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे तो उसने उनसे मिलने की ठान ली। वह किसी तरह उसी स्थान पर जा पहुंची जहां सम्मेलन हो रहा था।


महिला स्वामी जी के समीप जाकर निर्भीकता से बोली,स्वामी जी, मैं आपसे विवाह करना चाहती हूं। स्वामी विवेकानंद ने उससे पूछा,क्यों, विवाह तुम आखिर मुझसे ही क्यों करना चाहती हो? क्या तुम यह नहीं जानती कि मैं तो एक संन्यासी हूं? महिला ने पूरी विनम्रता से कहा,देखिए, बात ये है कि मैं आपके जैसा ही गौरवशाली, सुशील और तेजमय पुत्र चाहती हूं। और वह तो तभी संभव होगा जब आप मुझसे विवाह करेंगे।

यह सुनकर स्वामी विवेकानंद ने उत्तर दिया, देखो, हमारी शादी तो संभव नहीं है, परंतु एक उपाय अवश्य है। महिला बोली,कैसा उपाय? स्वामी विवेकानंद बोले,आज से मैं ही आपका पुत्र बन जाता हूं और आप मेरी मां बन जाएं। आपको मेरे जैसा पुत्र मिल जाएगा। विवेकानंद की यह बात सुनकर विदेशी महिला उनके चरणों पर गिर पड़ी और बोली,स्वामी जी, सचमुच आप साक्षात ईश्वर के रूप हैं। इसे कहते हैं पुरुष और ये होता है पुरुषार्थ। सच्चा पुरुषार्थ तभी होता है जब पुरुष नारी के प्रति अपने मन में पुत्र जैसा भाव ला सके और उसमें मातृत्व की भावना उत्पन्न कर सके।

# कोरोना महामारी के मोर्चे पर सरकार की तैयारियां?



सनत जैन




भारत में एक बार फिर कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज हो गई है। केवल 13 दिनों में संक्रमण के मामले 257 से बढ़कर 4026 तक पहुंच गए हैं। इसमे सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है, सरकार की ओर से इस बार कोई ठोस गाइडलाइन या रणनीति सामने नहीं आई है। अस्पतालों में कोविड वार्ड नदारद हैं। ऑक्सीजन सिलेंडरों की किल्लत फिर हो सकती है। पहले से ही जर्जर स्वास्थ्य ढांचा चरमराने की कगार पर है। पीएम केयर फंड के माध्यम से जो अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगवाए गए थे, वे बंद पड़े हुए हैं। सरकार की ओर से अभी तक कोरोना के वायरस और इलाज को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है, जिसके कारण आम लोगों में डर और भय का वातावरण देखने को मिल रहा है। कोरोना की तीसरी लहर के विनाशकारी अनुभव के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें इस बार पूरी तरह बेपरवाह नजर आ रही हैं। न तो अस्पतालों में कोविड बेड आरक्षित किये गये हैं, ना ही कोरोना वायरस की टेस्टिंग को लेकर कोई दिशा निर्देश अथवा सख्ती शुरू की गई है। कई जिलों में आरटी-पीसीआर जांच सीमित हैं। ऐसे में असल संक्रमण की स्थिति का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो रहा है। सबसे गंभीर चिंता यह है, इस बार कोविड के नए वैरिएंट्स–जैसे जेएन-1, एक्सबीबी1.16 और बीए.2.86–तेजी से फैल रहे हैं। इन पर पहले की वैक्सीन कारगर नहीं है। इसका दावा खुद स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इलाज का कोई निष्कर्ष अभी तक सामने नहीं आया है। सरकार इस पर कोई संज्ञान लेते नहीं दिख रही है।

सरकारी अस्पतालों की हालत ऐसी है, कि वहां सामान्य मरीजों को भी ठीक से इलाज नहीं मिल पा रहा है। यदि संक्रमण और फैला तो सरकारी एवं निजी अस्पतालों मे कोरोना बीमारी के इलाज के नाम पर मनमानी एक बार फिर आम जनता की जेब पर भारी पड़ेगी। इससे निपटने के लिए कोई स्पष्ट नीति या तैयारी को लेकर केंद्र सरकार की चुप्पी लोगों को आश्चर्य में डाल रही है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में महामारी से निपटने के लिए पूर्व योजना, संसाधनों का भंडारण, पारदर्शी रिपोर्टिंग एवं केंद्र-राज्यों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक हैं। दुर्भाग्यवश, यह सब समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक ही सीमित है। अगर अब भी सरकार नहीं जागी, तो देश एक बार फिर उसी अराजकता और भय के दौर में लौट सकता है, जो दूसरी लहर के समय देखा गया था। कोविड-19 में दूसरी और तीसरी लहर में सबसे ज्यादा मौतें हुईं थीं। सरकार ने 4.60 लाख मौत होना स्वीकार की थी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा 30.7 लाख मौत भारत में होने की पुष्टि की थी। बीबीसी, टेलीग्राफ और कनाडा के टोरंटो विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना महामारी में बीमारियों के जो आंकड़े प्रस्तुत किए थे उसमें भारत में कम से कम 30.7 मौतें होना बताया गया था। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के अनुसार भारत की जनसंख्या के हिसाब से कोरोना में मरने वालों की संख्या 0.3 फीसदी थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे 0.6 माना गया था। 2021 में इस महामारी के कारण जो विनाश हुआ था, उसको देखते हुए भारत से दुनिया के देशों को कोरोना के नए वायरस को लेकर काफी सजग होने की जरूरत है। वह भी तब जब इसकी कोई वैक्सीन नहीं है। अभी तक विश्व स्तर पर इसके इलाज के बारे में कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुई है। ऐसे में चिंता और भी बढ़ जाती है।

सरकार को तुरंत कोरोना बीमारी के उपचार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। नए वैरिएंट्स पर वैज्ञानिक समीक्षा, उपचार, कोविड मरीज के लिए अस्पतालों में बेड आरक्षित करना, मुफ्त जांच, दवाओं की उपलब्धता और जनजागरूकता अभियान चलाना जल्दी से जल्दी शुरू करना होगा। यह समय आश्वासनों का नहीं, त्वरित कार्रवाई का है। महामारी को लेकर की गई लापरवाही की कीमत देश पहले ही भोग चुका है। केंद्र एवं राज्य सरकारों को कोरोना के इस नए वायरस को गंभीरता से लेना होगा। इसका इलाज किस तरह से हो जिसका लाभ मरीजों को मिले तथा कोरोना की बीमारी के जो विभिन्न किस्म के वायरस बार-बार नए-नए रूपों में जन्म ले रहे हैं। उसके लिए टीका विकसित करने जैसी स्थितियों पर विचार करना होगा। आशा की जाती है कि भारत सरकार और राज्य सरकारें त्वरित कार्यवाही करें। देश भर के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में कोरोना वायरस से निपटने के लिए नई गाइडलाइन जारी करें। वायरस से किस तरीके से निपटा जा सकता है। इसका उपचार कैसे होगा इसकी जानकारी निचले स्तर तक भेजने में सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दिशा में गंभीरता के साथ युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जानी चाहिए, यही समय की मांग है।

# मुद्दा : कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश



अमित बैजनाथ गर्ग

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है।

अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर कर रख देने वाले हैं। दरअसल, स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णोंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर शुभांकर दीक्षित की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुभांकर की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे। दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपये के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रु पये दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई।

बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत तामलुक मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णोंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने कुरकुरे नहीं चुराए। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।

असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं। आमतौर पर कुछ बच्चे काफी सहज और सरल होते हैं, तो कुछ बेहद ही संवेदनशील। ऐसे में उनके स्वभाव के अनुसार ही उनकी देखभाल करने की



जरूरत होती है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बात वह गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तो भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हर बच्चे को कृष्णोंदु बनने से बचाना होगा।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

# साहेबगंज में धान बीज सवा-7301 का वितरण, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मिला

● बागवानी, मत्स्य एवं यांत्रिकी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी; किसानों को आवेदन के लिए किया प्रेरित

● मक्का फसल में कीट नियंत्रण पर चर्चा, वैज्ञानिक खेती के लिए अधिकारियों ने दिए सुझाव

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** आत्मा सभागार, साहेबगंज में डीसी सह-अध्यक्ष, आत्मा, साहेबगंज हेमंत सती के द्वारा बीज विनिमय वितरण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना अन्तर्गत धान बीज प्रभेद सवा-7301 का वितरण जिले के किसानों के बीच किया गया। बीज वितरण के अवसर पर डीसी ने किसानों को धान की महत्ता, गुण, रोपण विधि एवं जल उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 22 किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थित किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया एवं कार्ड के प्रयोग की विधि, अनुशंसित उर्वरकों के उपयोग एवं वैज्ञानिक खेती को



अपनाने हेतु जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने धान बीज प्रभेद सवा-7301 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रभेद 120-125 दिनों में तैयार होता है, मध्यम भूमि के लिए उपयुक्त है तथा 6 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ की दर से लगाया जाता है। इसकी उत्पादन क्षमता 30-35 क्विंटल प्रति एकड़ है। यह बीज योजना अंतर्गत किसानों को प्रत्यक्षण हेतु निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने मिट्टी जांच कराकर उसी के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करने की भी सलाह दी। जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए बागवानी योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक किसान फलदार पौधे, सब्जी एवं फूलों की खेती के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उन्हें विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता ने जानकारी दी कि भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 50त्न अनुदान पर व्यक्तिगत ट्रैक्टर एवं पम्पसेट का वितरण किया जा रहा है। इच्छुक किसान कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले को धान बीज प्रभेद एमटीयू-7029 (स्वर्ण धान) की 998 क्विंटल मात्रा प्राप्त हुई है, जिसे निम्नलिखित लैम्पस केंद्रों से किसानों को 1950 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर 50त्न अनुदानित मूल्य पर वितरित किया जा रहा है।पतना-शिव पहाड़ लैम्पस, बड़हरवा-रामनगर लैम्पस, विशुनपुर लैम्पस, बरहेट-बोरबाँध लैम्पस, खिजुरखाल लैम्पस, कुसमा जेएसएलपीएस, उधवा-केलाबाड़ी लैम्पस, मंडरो-मंडरो लैम्पस, अम्बाडीहा लैम्पस। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि मछली बीज के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है। प्रशिक्षण उपरांत 20 लाख मछली बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, मछली पालन को बढ़ावा देने हेतु किसानों को 160 बत्तख, उनका चारा एवं दवा भी प्रदान की जाएगी।किसानों के प्रश्नों के क्रम में मक्का की खेती में लगने वाले फॉल आर्मी वर्म एवं अन्य कीटों से रोकथाम हेतु जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को प्रभेद चयन में सावधानी, फसल चक्र अपनाने एवं संतुलित रसायन उपयोग की सलाह दी गई। किसानों ने व्यक्त किया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से खरीफ एवं रबी सीजन में समय पर बीज प्राप्त होने से लाभ होता है। साथ ही उन्हें वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों से सीधे संवाद करने तथा विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी मिलती है, जिससे वे अपने क्षेत्र के पदाधिकारियों से खुलकर बात कर पाते हैं। इस अवसर पर जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरूण कुमार भोक्ता, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा, उप परियोजना निदेशक आत्मा मंटू कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक साहेबगंज अजय कुमार पुरी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मंडरो कंचन कुमार सुमन, सहायक तकनीकी प्रबंधक मंडरो राजेश्वर मुर्मू, सरिता, नेहा किस्कू सहित किसान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार कर बुरी तरह घायल कर दिया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा राय 70 वर्षीया बुजुर्ग महिला को झरना कॉलोनी सिद्धू कानू स्टेडियम के समीप पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार व घायल कर मौके पर से फरार हो गया। उक्त बुजुर्ग महिला को गंभीर चोट लगने से उसके मुंह और नाक से खून निकल रहा था। उक्त बुजुर्ग महिला को मूर्छित हालत में राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मुकेश कुमार पटेल बुजुर्ग महिला का इलाज कर रहे है। उक्त बुजुर्ग महिला को देखने वाला कोई नहीं है। वह गांव, घर, मोहल्ले, में मांग कर अपना गुजारा करती है। उक्त बुजुर्ग महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

### पुलिस प्रशासन ने बकरीद पर्व को लेकर शुक्रवार की संध्या 5 बजे तीनपहाड़ थाना के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस प्रशासन ने बकरीद पर्व को लेकर शुक्रवार की संध्या 5 बजे तीनपहाड़ थाना के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर श्याम लाल हासदा, एसआई महेन्द्र कुमार, एसआई अनिल कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस बल मौजूद थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर तीनपहाड़ बैंक मोड़ होते हुए नीचे टोला तक गई।उसके बाद थाना क्षेत्र के जोंका में भी फ्लैग मार्च किया गया। वही इंस्पेक्टर श्याम लाल हासदा ने कहा कि क्षेत्र के सभी लोगो से आग्रह है कि बकरीद का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। साथ ही उन्होंने कहा की लोगों से अपील है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट ना करे जिससे की किसी भी धर्म समुदाय को हानि हो। अगर किन्ही उपदर्वियो के द्वारा इस तरह का कार्य किया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वहीं एस आई महेंद्र कुमार ने फ्लैग मार्च के दौरान बताया कि हर साल की भांति इस साल भी शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए।

### अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ उदय टुडु की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में शुक्रवार को अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ उदय टुडु की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मई महिने में किए गए कार्यों का लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि का बारीकी से समीक्षा की गई साथ ही साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन साहिबगंज के द्वारा भीपीडी एवं एईएफआई पर एकदिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें बतौर प्रशिक्षण के बासुकीनाथ यादव एवं सुबोध कुमार शर्मा भाग लिए वहीं मौके पर उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल राजमहल द्वारा आगामी 9 जून 2025 को लगने वाले मोतियाबिंद स्क्रीनिंग कैंप हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का निर्देश संबंधित सभी कर्मियों को दिए एवं सभी बीटीटी एवं सहिया साथी को अधिक से अधिक लाभुकों को स्क्रीनिंग कैंप में लाकर लाभान्वित करवाने का निर्देश दिया गया वहीं वर्तमान में चल रहे विटामिन ए पखवाड़े के संबंध में सभी कर्मियों को विस्तृत जानकारी देते हुए साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रत्येक शनिवार को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, बीटीटी,सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य प्राधिकारी, एमपीडब्ल्यू सहिया साथी एवं अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### बकरीद को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**



**साहिबगंज।** बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में बकरीद को लेकर फ्लैग मार्च निकला गया। फ्लैग मार्च में बोरियो प्रभाग इंस्पेक्टर नुनू देव राय के अलावा अन्य पुलिस बल शामिल हुए.वही बरहेट पुलिस ने बकरीद को लेकर बरहेट बाजार, अस्पताल रोड, और तीन मोहानी चौक फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी भी प्रकार का अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया पर किसी तरह का अफवाह पोस्ट करने से परहेज करें। अगर कोई अफवाह फैलाता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। कहा कि क्षेत्र के लोग बकरीद का त्योहार धूमधाम से मनाएं, पुलिस प्रशासन पूरी तरह से लोगों के साथ हैं. मौके पर एस आई असीम कुजूर, महानंद ओझा,अशोक सिंह के अलावा अन्य मौजूद थे।

## दिव्यांगों एवं वृद्धों के बीच निःशुल्क मेडिकल उपकरणों का वितरण

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज:** आकांक्षी प्रखंड मंडरो में ए.एल.आई.एम.सी.ओ (आर्टिफीशियल लिंबस मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा पूर्व में आयोजित असेसमेंट कैंप के माध्यम से चयनित दिव्यांग तथा वृद्ध ग्रामीण लाभुकों को निःशुल्क मेडिकल उपकरणों का वितरण किया गया। यह वितरण ए.डी.आई.पी (असिस्टेंस टू डिसेबल्ड पर्सन्स फॉर परचेस/फिटिंग ऑफ एड्स एंड एप्लायंसेज) तथा आर.वी.वाई (राष्ट्रीय बायोश्री योजना) योजनाओं के तहत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय



सोरेन थे, जिनके द्वारा कुल 77 लाभुकों के बीच विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, कान की मशीन, छड़ी, स्मार्टफोन, चश्मा तथा अन्य दैनिक उपयोग में आने वाले सहायक उपकरण शामिल थे। इस अवसर पर विधायक ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक इस प्रकार की सहायता पहुँचाना सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने लाभुकों से उपकरणों का सही उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, स्थानीय प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा लाभुकों के परिवारजन उपस्थित रहे। आयोजन ने समाज के जरूरतमंद वर्गों को सम्मान एवं सहायता देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में कार्य किया।



**सौरभ भगत**

**अमडापाडा–** प्रखंड क्षेत्र के पचुवाड़ा पंचायत अंतर्गत बड़दाहा गांव में गुरुवार को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीवीबीडीसी) के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य की टीमों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण का नेतृत्व केंद्रीय निदेशक डॉ. तनु जैन कर रही थीं। उनका मकसद था कालाजार प्रभावित क्षेत्रों में सुधार की समीक्षा और लोगों को रोग के प्रति जागरूक करना। टीन के गांव में पहुंचते ही लोगों ने आदिवासी रीति रिवाज के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।केंद्रीय निदेशक तनु जैन ने लोगों को कालाजार के प्रति जागरूक किया। वहीं टीम ने गांव में जाकर हाल ही में कालाजार से पीड़ित एक बच्चे से मुलाकात की और परिजनों से जानकारी ली।वहीं मलेरिया तकनीकी सुपरवाइजर ज्योतिन मुर्मू ने बताया कि बच्चे की तबीयत में अब काफी सुधार है।डॉ. जैन ने ग्रामीणों को बताया कि कालाजार का संक्रमण बालू मक्खियों के काटने से फैलता है, कालाजार एक घातक बीमारी है। जिससे बचाव के लिए स्वच्छता, मच्छरदानी का उपयोग और नियमित छिड़काव जरूरी है। बालू मक्खी घर के अंदर शौचालय में चूहे के बिल में नमी वाले जगह फटी दीवार गौशाला एवं जहां सूरज की रोशनी नहीं पड़ती है वैसे जगह पर बालू मक्खी पनपते हैं।बालू मक्खी ज्यादा दूर तक नहीं उड़ पाते हैं।इसलिए वह दीवार पर ही चलते हैं।उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

**पर्यावरण को लेकर जागरूकता–** विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ. जैन ने अमृत सरोवर के पास पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति साल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखरेख भी अच्छे से करे।

**दौरे में शामिल अधिकारी**

केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल में डॉ. जयराम परासा, डॉ. शिखर चौधरी, डॉ. गवेन्द्र सिंह, डॉ. आरती रामा, बलबीर सिंह और सुरेश कुमार मौजूद थे। राज्य टीम की ओर से डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अंजुम इकबाल, नीलम कुमार, सिविल सर्जन मंटू टेकरिवाल, बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता, सीओ औसाफ अहमद खान, डॉ. खालिद अहमद समेत दर्जनों अधिकारी और कर्मी शामिल रहे।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया निर्देश

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं। डीसी ने सभी शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया।जनता दरबार के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पेंशन, आवास, कृषि, जलापूर्ति, बिजली आदि विभागों से संबंधित अनेक शिकायतें डीसी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। डीसी हेमंत सती ने मौके पर ही



संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्राप्त आवेदनों की भौतिक जांच कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को अनदेखा नहीं किया जाएगा और हर नागरिक को समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीसी ने विशेष रूप से सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन उपरांत उसकी रिपोर्ट डीसी कार्यालय को अनिवार्य रूप से समर्पित करें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और त्वरित होना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके। ज्ञात हो कि साहेबगंज जिले में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जिसमें जिलेवासी अपनी समस्याएं सीधे डीसी के समक्ष रख सकते हैं। इस पहल से प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद मजबूत हुआ है और शासन की योजनाएं ज़मीनी स्तर तक पहुंच रही हैं।

### शुक्रवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने एक खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दिया

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत राजमहल-उधवा मुख्य पथ पर मलका बाबा थान के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने एक खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में ई-रिक्शा चालक सहित तीन यात्री बुरी तरह घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार उधवा की ओर से एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा यात्री को लेकर राजमहल स्टेशन जा रहा था। इसी दौरान जेल के पास एक बस खड़ी थी और उसी में पीछे से ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में ई-रिक्शा चालक कोयला बाजार निवासी बजरंग मंडल 30 वर्षीय, भागलपुर के लैलक ममलखा का मुन्ना मंडल 24 वर्षीय, और श्याम सुंदर मंडल की पुत्री मुस्कान कुमारी 16 वर्षीया घायल हो गए। दोनों अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। वहीं आसपास के लोगों एवं राहगीरों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वही ड्यूटी में मौजूद डॉ. कलीमुद्दीन ने बताया कि घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है।

## पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न, डीसी ने कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पथ निर्माण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के प्रमुख पथ निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीसी ने विशेष रूप से कीताझोर-पहाड़पुर-तलबडिया सड़क निर्माण, बड़हरवा रिंग रोड तथा दिग्घी से केसरो होते हुए बरहेट-बड़हरवा मोड़



तक के पथ निर्माण कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मिजाचौकी-बोआरीजोर सड़क, खैरबनी से सनमनी पथ, बाँझी बाजार से मंडवा, कारीकान्दर, चरखी, दलदली, केरासोल पथ, तथा रांगा-सिमरा-हिरन-श्रीरामपुर-सिमलढाव मार्गों के कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त भोगनाडीह-मलभिट्ठा-लखीपुर सड़क के पुनर्निर्माण कार्यों पर भी समीक्षा की गई। डीसी ने स्पष्ट कहा कि जिन योजनाओं में विलंब हो रहा है, उनमें तत्परता से कार्य प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सड़क निर्माण से संबंधित गुणवत्ता, तकनीकी पहलुओं और सुरक्षा मानकों का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, पथ निर्माण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सहित विभाग के सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता मौजूद थे।

## उपायुक्त ने श्री अमड़ा स्थित नेत्रहीन विद्यालय एवं बाल गृह का किया निरीक्षण

**ललित कुमार पाल की रिपोर्ट।**

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा श्री अमड़ा स्थित नेत्रहीन विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत दृष्टिबाधित बच्चों से संवाद कर पठन-पाठन एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने निदेश दिया कि सभी दृष्टिबाधित बच्चों के नेत्रों की चिकित्सीय जांच कराई जाए। यदि किसी भी बच्चे की आंखों की रोशनी लौटने की संभावना हो, तो उनके



परिजनों की सहमति लेकर आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अध्ययन-अध्यापन में ब्रेल लिपि आधारित नवीन तकनीकों का अधिकतम उपयोग किया जाए तथा विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं के होस्टल का भी निरीक्षण किया तथा एक अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन बच्चों के लिए उपयुक्त सिलेबस तैयार कर पठन-पाठन की प्रक्रिया उसी अनुरूप संचालित की जाए। इस हेतु आवश्यक पुस्तकों एवं शिक्षण सामग्रियों की व्यवस्था का समस्त व्यय जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जाएगा।

उन्होंने सिविल सर्जन के सहयोग से सभी बच्चों का यूडीआईडी (UDID) नंबर शीघ्र जनरेट कराने का निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिया। साथ ही, छात्रावास में पर्याप्त रोशनी, पंखा, पर्दा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि दृष्टिबाधित बच्चों को कौशल विकास प्रशिक्षण से भी जोड़ा जाए ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने अनाथ बच्चों के लिए संचालित बाल गृह (बालक) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन में पोषण गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने तथा छात्रावास में रोशनी एवं पंखों की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# गिरिडीह समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने शिक्षा विभाग के तहत कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

- सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य : उपायुक्त
- बच्चों को नैतिक मूल्यों की जानकारी देना हमारी प्राथमिकताः उपायुक्त
- निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध बच्चों में जागरूकता आवश्यक : उपायुक्त




**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह, विशेष प्रतिनिधि।** समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के तहत कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही साथ बच्चों की उपस्थिति के बारे में भी जाना। वहीं जिले के सभी विद्यालय की बिन्दुवार चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित विभाग के पदाधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों से स्कूल में बच्चों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, बच्चों को मिल रही मौलिक सुविधा, मध्यान भोजन समेत कई विषयों पर विस्तृत जानकारी लिए। बैठक में सभी को निर्देशित करते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि सभी विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। जिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम है वे अपने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाएं। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा देने के साथ नैतिक मूल्यों के बारे में बताना सबकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के अलावा मिलने वाली मध्यान भोजन सहित मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही समाहरणालय सभागार में ÷निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान÷ कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें मादक पदार्थों से होने वाले दुष्परिणाम एवं उसकी रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि बच्चे हमारे समाज व देश की पूंजी हैं उनको सही दिशा देना हमारा कर्तव्य एवं दायित्व भी है नशा समाज की नींव को कमजोर बनाता है इस हेतु विद्यालयों में मादक पदार्थों की पहचान उनसे होने वाले दुष्परिणाम जीवन क्षति एवं इसकी रोकथाम के सभी उपायों से बच्चों को निश्चित रूप से अवगत कराया जाए विद्यालय प्रबंधन इसका विशेष ध्यान रखें जिससे कि बच्चों का समुचित शारीरिक ,मानसिक एवं नैतिक विकास संभव हो। मौके पर गिरिडीह उपायुक्त के अलावा, गिरिडीह अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत विभाग से संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## जमुआः प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा के छात्र -छात्राएं हर क्षेत्र में अव्वल! हमेशा रहता हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन

- विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा में संगोष्ठी का आयोजन
- ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए अधिकाधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकताः जमुआ विधायक मंजू कुमारी
- बच्चे अनुशासन में रहकर सम्यक तैयारी करेंः अमल जी
- पर्यावरण का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना है : प्राचार्य बिनोद कुमार



**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह,विशेष प्रतिनिधि।** पर्यावरण प्रदूषण आज ग्लोबल समस्या के रूप में जीव जगत के लिए चुनौती बन गया है। इससे निबटने के लिए एक एक जन को मन से लगने की जरूरत है। उक्त बातें जमुआ की विधायक मंजू कुमारी ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जमुआ प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा के प्रांगण में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाउस इफेक्ट के चलते भी ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हुई है। कहा कि जंगलों की अतिशय कटाई से जल, जंगल, जमीन तीनों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर हम धरती को बचा सकते हैं।

**बच्चे अनुशासन में रहकर सम्यक तैयारी करेंः अमल जी**
बीडीओ अमल जी ने कहा कि पेड़ पौधे लगाएं। बच्चे अनुशासन में रहकर सम्यक तैयारी करें।उन्होंने कहा अनुशासन ही देश को महान बनाता है। देश की गौरव शाली परम्परा को बचाने की जरूरत है।

**विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर हैः बिनोद कुमार**
इस मौके पर प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा के प्राचार्य बिनोद कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने और टिकाऊ जीवन शैली अपनाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने होंगे। पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के विकास से संबंधित विचार से विधायक मंजू कुमारी को अवगत कराया।

**शिक्षा का उद्देश्य जॉब प्राप्त करना नहीं बल्कि सम्यक और सफल जीवन जीना हैः सुधीर द्विवेदी**
समाज सेवी सुधीर द्विवेदी ने कहा पर्यावरण की रक्षा के साथ साथ हमें बेहतर शैक्षिक वातावरण भी तैयार करना है। कहा कि शिक्षा का उद्देश्य जॉब प्राप्त करना नहीं बल्कि सम्यक और सफल जीवन जीना है।मनुष्य को वास्तविक मानव के गुणों को आत्मसात करने की जरूरत है। बताते चलें कि विश्व पर्यावरण दिवस पर विचार संगोष्ठी में मोटिवेशन कार्यक्रम और पौधा रोपण कार्यक्रम भी किए गए एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया।

**इन्होंने ने भी अपने-अपने विचार रखें**
कार्यक्रम में जमुआ के बीडीओ अमल जी, जिप सदस्य प्रभा वर्मा, पिंकी देवी, समाजसेवी सह मोटिवेशनर सुधीर द्विवेदी, विजय वर्मा, पूर्व मुखिया गीता देवी, पूर्व मुखिया रमेश कुमार, शिक्षिका फूलमती कुमारी, हेमंत वर्मा, मिथलेश कुमार, लालजीत कुमार ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य बिनोद वर्मा ने किया।

**बच्चियों ने झारखंड की संस्कृति से जुड़े नागपुरी गाने पर नृत्य कर शमां बांधने का कार्य किया**
कार्यक्रम में जनता की आवाज के प्रतिनिधि निगम कुमार, छोटू कुमार राणा, निक्कू कुमार, सुधीर वर्मा समेत शिक्षक चरणजीत कुमार, सुशील कुमार, सुधीर कुमार, सहित कई लोग व्यवस्था में जुटे थे। एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। कार्यक्रम में बच्चियों ने झारखंड की संस्कृति से जुड़े नागपुरी गाने पर नृत्य कर शमां बांधने का कार्य किया। कई मोटिवेशन वक्ताओं ने छात्र छात्राओं को कैरियर संवारने के कई टिप्स दिए।

## खबर का असर, डीसी और पीएचडी विभाग ने लिया संज्ञान

- सरहचिया हरिजन टोला में ठीक हुआ जलमीनार लोगों में हर्ष
- लोगों ने डीसी और पीएचडी विभाग एसडीओ के प्रति जताया आभार

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखण्ड के डाहा पंचायत अन्तर्गत सरहचिया हरिजन टोला का जलमीनार को पीएचडी विभाग कर्मचारियों ने शुक्रवार को खराब जलमीनार मोटर बदलकर नया लगा दिया है जिससे लोगो में हर्ष है।बता दे की 2 दिन पहले मंगलवार को अख़बार में हरिजन टोला में 6 महीने से खराब पड़े जलमीनार से लोग 1 किलोमीटर दूर से पानी लाने को विवश थे।स्थानीय लोगों ने अख़बार संवाददाता को बताया था कि छः माह से जलमीनार खराब है जिसे ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द जलमीनार को चालू करवाने की मांग कर रहे थे। तमाम बार पीएचडी विभाग के अफसरों और स्थानीय मुखिया से मौखिक शिकायत की गई थी लेकिन पिछले छः माह से यह जलमीनार खराब था जिससे लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। लोगों को सभी से उम्मीदे टूट चूंकि थी। इसीलिए लोग 1 किलोमीटर दूर बिहिया गांव से पानी लाकर किसी तरह अपना प्यास बुझा रहे थे। अखबार में ख़बर छपने के बाद पीएचडी विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को जलमीनार में नया मोटर बदला गया वही जलमीनार को शुरू करा दिया है। हरिजन टोला के लोगों का कहना है की अखबार की वजह से हमारी समस्या का समाधान होने जा हुआ है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। लोगों ने इसके साथ चतरा डीसी कीर्तिश्री और पीएचडी विभाग एसडीओ फैसल अंसारी के प्रति आभार प्रकट किया है।

## गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाया, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन

**आमजनों की समस्याओं का समाधान हो प्राथमिकताः उपायुक्त रामनिवास यादव**



**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाया। आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए लोगों से उपायुक्त रामनिवास यादव ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि, दाखिल खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, पेयजल, शिक्षा, कल्याण, छात्रवृति आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जाय और जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ उन्हें लाभान्वित किया जाय। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि केवल जिला स्तर पर ही नहीं बल्कि प्रखंड स्तर पर भी जन समस्याओं को प्राथमिकता से देखते हुए उसका निदान किया जाए। इस हेतु सभी अंचल कार्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस में पूर्वाह्न 1ः00 बजे से 2ः00 बजे तक जनता की समस्याओं को सुनने एवं उसका निराकरण करने हेतु अंचलाधिकारी को निदेशित किया गया है। आम नागरिकों को परेशानी न हो एवं कार्यालयों का बार बार चक्कर न लगाना पड़े इसका सभी अधिकारी विशेष ध्यान रखें।

## त्याग एवं बलिदान का प्रतीक है बकरीदः झामुमो नेता कासिम अंसारी



**देवरी, प्रतिनिधि।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता कासिम अंसारी ने कहा कि पूरे विश्व में मनाए जाने वाले (ईद अल-जहां) बकरीद पर्व को महान त्याग एवं बलिदान का प्रतीक बताया है यह त्यौहार पैगंबर इब्राहिम और उनके पुत्र पैगंबर इस्माइल पर आधारित यह एक विश्व ख्याति प्राप्त पर्व है। कासिम अंसारी ने कहा कि हम बकरीद का पर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम और उनके पुत्र हजरत इस्माइल की कुर्बानियों को याद करने के लिए मनाया जाता है इस दिन पूरी दुनिया के मुसलमान बकरीद मनाते हैं। कासिम अंसारी ने कहा यह देश अनेकता में एकता है और सभी देशवासियों को बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए सभी से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की, उन्होंने यह भी कहा कि त्यौहार मनाते वक्त किसी की भावना को आहत न किया जाए।

## गांडेय के पूर्व विधायक एवं स्थानीय जिप सदस्य ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन



**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ प्रखंड के बदडीहा 01 में झारखंधाम मुख्य मार्ग पर शुक्रवार भारत पेट्रोलियम कम्पनी के द्वारा रामप्रसाद फ्यूल्स शुभारंभ पूर्व विधायक प्रोफेसर जय प्रकाश वर्मा, जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा, स्थानीय मुखिया आशुतोष कुशवाहा ज पंचायत समिति के सदस्य राजेश वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर ग्राम पंचायत धुरगडगी के मुखिया झरी महतो जी, सुधीर द्विवेदी, सुभाष पंडा, विवेकानंद झारखंड धाम भाजपा के मंडल अध्यक्ष गंगाधर प्रसाद वर्मा पंप के संचालक अनुज वर्मा जी की गरिमामई उपस्थिति रही। बताते चलें कि यह अनुज वर्मा पेट्रोल पंप है। पहले पेट्रोल पंप जमुआ कोडरमा मुख्य मार्ग पर इंडियन ऑयल भी इनहीं का है। उद्घाटन भाषण में प्रो जय प्रकाश वर्मा ने कहा सुदूर ग्रामीण अंचलों में पेट्रोल पम्प खुलवाकर केंद्र सरकार ईंधन सबको सुलभ करवा रही है। कहा आजादी के बाद 2014तक जितनी सड़कें बनी थी उससे ज्यादा और बेहतर सड़कें मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में हुआ। कहा केंद्रीय भूतल परिवहन व सड़क मंत्री नितिन गडकरी जी ने तो पूरे देश में अच्छी सड़कों की जाल बिछा दिया है।गांवों में शहरों जैसे साफ सुधरी और मजबूत सड़कें बनी हैं। जिप सदस्य प्रभा वर्मा ने कहा झारखंडधाम में वर्ष 2018 के बाद पर्यटन विभाग से कोई कार्य नहीं हुआ है। यहां के विकास के लिए जन प्रतिनिधियों को विशेष संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। कहा इस पेट्रोल पंप से आस पास के लोगों को बहुत सुविधा होगी और क्षेत्र का विकास होगा।

## जमुआः लंगटा बाबा इंटर कॉलेज मिर्जागंज में 12वीं की कला संकाय में रानी कुमारी 82 प्रतिशत के साथ कॉलेज टॉपर बनी



**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ प्रखंड अंतर्गत लंगटा बाबा इंटर कॉलेज मिर्जागंज ने जैक 12वीं कला संकाय में फिर से उत्कृष्टता का परचम लहराया है। सत्र 2023- 2025 के परीक्षा परिणाम में कॉलेज के विधार्थियों ने सफलता हासिल की। कला में कॉलेज की रानी कुमारी पिता जीवलाल पंडित 82 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पाया, वर्षा कुमारी पिता गणेश पंडित 81.2 प्रतिशत अंको के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है, रानी कुमारी पिता रिकेन्द्र साव 79.6 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुस्कान कुमारी पिता स्व. दयानंद रविदास 78.6 प्रतिशत अंक पाकर चौथा स्थान प्राप्त किया और कोमल पंडित पिता मनीष पंडित 75.6 प्रतिशत अंक पाकर पांचवाँ स्थान प्राप्त किया। विधार्थियों की सफलता मेहनत, शिक्षक , शिक्षकेत्तर के मार्गदर्शन और माता पिता के आशीर्वाद का नतीजा है। कॉलेज के सचिव राधुनाथ महतो, प्राचार्य निर्मल कुमार राय, प्रधान लिपिक विकाश कुमार विधार्थी, शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद राय, राजेश कुमार गौतम, मो. समीम, इंतेखाब आलम, प्रदीप यादव, श्रवन मिश्रा, ज्ञान प्रकाश ,दिलीप पासवान, सुधीर प्रसाद शर्मा, लक्ष्मी एवं अन्य शिक्षक , शिक्षकेत्तर ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंनें विधार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि यह सफलता केवल कॉलेज, बल्कि प्रखंड का भी नाम रोशन करने वाली है।

## धनबाद मंडल द्वारा मंडल में चलाया गया गहन टिकट चेकिंग अभियान



धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है 7 इसी क्रम में 5 जून 2025 को धनबाद मंडल में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, चन्द्रपुरा, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग किया गया। यह टिकट चेकिंग अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत दिन-रात चलाया गया। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप कुल 1640 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 9,31,815 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ देखी गयी। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा। धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने का अनुरोध करता है ताकि उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह जानकारी मोहम्मद इकबाल वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी के द्वारा दी गई।

## निर्जला एकादशी को झारखंडधाम श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**जमुआ, प्रतिनिधि।** निर्जला एकादशी शुक्रवार को दिन भर श्रद्धालुओं का झारखंडधाम आना जाना लगा रहा। बिना अन्न जल के श्रद्धालु इस तपती दुपहरी में भी झारखंडधाम आकर पूजा अर्चना में लीन रहे। श्रद्धालु उपवास में हैं। शनिवार की सुबह उपवास तोड़ने के पूर्व देवाधिदेव महादेव का दर्शन और पूजन करते हैं इसलिए शनिवार की सुबह को भारी भीड़ जुटने की संभावना है। कहा कि शनिवार की सुबह शर्बत और भंडारे की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की जा रही है। निर्जला एकादशी को लेकर पंडा समाज के लोग सुभाष पंडा,मनोज पंडा, निधि पंडा,राजेंद्र पंडा, सुजीत पांडा,अंकित पंडा,आशुतोष पंडा,महेश पंडा सभी तैयारियों में जुटे हैं।

## भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी रथ को मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सुदिव्य कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- मंत्री ने कहा कि यह प्रयास न केवल विज्ञान को गांव-गांव तक पहुंचाएगा, बल्कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना को भी सशक्त बनाएगा। यह पहल राज्य में विज्ञान शिक्षा को समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है
- 30 जून तक गिरिडीह के चयनित विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों को विज्ञान से संबंधित देगा जानकारी, प्रत्येक विद्यालयों में 3 दिनों का होगा ठहराव




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** समाहरणालय परिसर से भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी रथ को मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, झारखंड सुदिव्य कुमार, गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 30 जून तक जिले के चयनित विद्यालयों में पहुंच कर विद्यालय में तीन दिनों तक बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारी प्रदान करेगा। प्रथम दिन विद्यालय पहुंच कर इस रथ के माध्यम से विज्ञान की प्रदर्शनी की जाएगी और बस में उपस्थित मास्टर ट्रेनर के द्वारा बच्चों को विज्ञान की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। वहीं दूसरे दिन साइंस डिमॉन्स्ट्रेशन लेक्चर एवं अंतिम दिन विद्यालय कक्ष में फिल्म शो व टेलीस्कोप शो विद्यालय के दिशा निर्देश के आधार पर आयोजित किया जाएगा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की यह पहल विज्ञान की समझ को बच्चों में विकसित करने हेतु प्रयोग एवं प्रदर्शनी पर आधारित है ।बच्चे केवल पढ़ कर नहीं बल्कि देख कर ओर कर के सीखें।इसी उद्देश्य ओर सोच के साथ यह शिक्षा के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। मौके पर उपस्थित मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद और झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शुरू की गयी है।इस भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी रथ का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जोड़ना है, जो विज्ञान केंद्रों तक नहीं पहुंच पाते हैं। कहा कि यह प्रयास न केवल विज्ञान को गांव-गांव तक पहुंचाएगा, बल्कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना को भी सशक्त बनाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि यह पहल राज्य में विज्ञान शिक्षा को समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इसका उद्देश्य चयनित विद्यालयों में पहुंच कर बच्चों को रोचक तरीके से विज्ञान की जानकारी देना एवं विज्ञान से संबंधित घटनाओं में उनकी समझ को बढ़ाना है। मौके पर उपरोक्त के अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लाठी खाए बिहारी और नौकरी ले बाहरी, अब ये नहीं चलेगा रंजीत यादव

**● सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू करने के लिए प्रदर्शन**




**संवाददाता श्रीकान्त यादव**
बिहार की सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल लागू करने की मांग को लेकर गुरुवार को छात्रों ने प्रदर्शन किया। बिहार स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष दिलीप कुमार ने महाआंदोलन का आह्वान किया था। पटना कॉलेज से हजारों छात्र गांधी चौक, मुसल्लहपुर, भिखना पहाड़ी, नयाटोला, मछुआटोली, हथुआ मार्केट होते गांधी मैदान स्थित जेपी गोलंबर पहुंचे, जहां पुलिस ने रोक दिया। छात्रों ने नारा लगाया लाठी खाए बिहारी और नौकरी ले बाहरी वोट दे बिहारी और नौकरी ले बाहरी... अब ये नहीं चलेगा। काफी देर तक प्रदर्शन जारी रहा। बाद में सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन द्वारा वार्ता के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय ले जाया गया। प्रतिनिधिमंडल में छात्र नेता दिलीप कुमार के साथ रंजीत कुमार,शशिकला, सुष्मिता, दीपक पांडेय और रविशंकर सिंह शामिल थे। रंजीत ने कहा कि कुछ राज्यों में प्रत्यक्ष रूप से डोमिसाइल लागू है, जिससे बिहार के अभ्यर्थियों का नुकसान हो रहा है। कुछ राज्यों में परीक्षा की प्रक्रिया और सिलेबस ऐसा बनाया गया है, जिससे उस राज्य से संबंधित प्रश्न अधिक पूछकर वहां के अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाया जाता है यानी अप्रत्यक्ष रूप से डोमिसाइल लागू है। बिहार में शिक्षक भर्ती में सौ प्रतिशत डोमिसाइल लागू हो, क्योंकि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में देने से बच्चों को फायदा होता है। दारोगा, सिपाही, लाइब्रेरियन, बीएसएससी सहित बिहार की अन्य सभी सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत डोमिसाइल प्रत्यक्ष रूप से लागू हो। 10 प्रतिशत सीटें खुली रखी जाएं जिसमें बिहार से बाहर के अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर हो सकता है। लेकिन बिहार की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बिहार से संबंधित प्रश्न अधिक-से-अधिक पूछकर अप्रत्यक्ष रूप से भी डोमिसाइल लागू किया जाए। रंजीत ने कहा कि सात दिन के अंदर सरकार द्वारा डोमिसाइल पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो फिर से आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रियंका पटेल, फरहा खातून, खुशबू, अनामिका, मोना, रौशन, रवि दास, राजेश मालाकर, संतोष, विक्रम, आर्यन, अभिनव, आकांक्षा, रीतू, विकास आदि शामिल थे।

### अधिक शराब पीने से युवक की किडनी फेल हो गई मौंत



**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**
बांका कटोरिया क्षेत्र के जमदाहा पंचायत अतर्गत बोकनमा गांव में एक युवक की मौंत अधिक शराब पीने से किडनी फेल होने पर इलाज के दौरान हो गई। जानकारी के अनुसार गांव के भीम मोहली के 28 वर्षीय पुत्र मुकेश मोहली बीस दिन पहले चकाई जीला अपने ससुराल शाले के शादी समारोह में शामिल हुए थे। जहां मृतक युवक शराबी परवर्ती का होने से उन्होंने जमकर शराब पीया था। शादी के बाद दुल्हन घर हो जाने पर युवक कलकत्ता सेठ के घर में नोकरी करने चला गया। जहां पहुंचते ही अचानक युवक के पेट में जोरों का दर्द होने लगा एवं शरीर फुलने लगा। जिनको देखकर सेठ ने युवक को हॉस्पीटल डॉक्टर के पास इलाज के लिए भेजा। डॉक्टर ने जांच कर कहा की अधिक शराब पीने से युवक का किडनी में इन्फेक्शन होने से शरीर फुल गया एवं लीवर छतिग्रस्त हो गया। जिनका बचना मुस्किल है। इसके बाद हड़बड़ाहट में परिजन को सेठ ने खबर देकर अस्वस्थ युवक के पास बुलाया जहां बड़ा भाई ब्रह्मदेव मोहली पहुंचे तथा पुरी तरह बिमार भाई को घर लाने लगा। जहां धनबाद के पास रास्ते में ही युवक की मौत हो गई।
बताते चलें कि मृतक की पत्नी नीलम देवी के साथ दो पांच साल का जुड़वा पुत्र एवं दो वर्ष का छोटा पुत्र है जिनका रो-रोकर बुराहाल है। वही मृतक का बड़ा भाई ब्रह्मदेव मोहली ने बताया हमारे गांव में अधिकतर लोग जहरीले शराब सेवन करते हैं। जिनसे आये दीन अनेकों प्रकार की घटना होते रहता है। बिहार में शराब बंद है लेकिन ईलाके में शत-प्रतिशत लोग शराब पीकर अपना जीवन जान जोखिम में डाल रहे है। इसपर सरकार का अंकुश काम में नही आ रहा है।

### गंगा और हिमालय की पुकार : पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नई दिल्ली,(आरएनएस)।**
गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर राजधानी दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, लोधी रोड में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक था – हिमालय और गंगा को बचाओ - पर्यावरण की पुकार , जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय संकटों के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस सार्थक पहल के आयोजक किशोर उपाध्याय, ए. के. बाजपेयी एवं अधिवक्ता डॉ. हिमांशु उपाध्याय रहे।

# जमशेदपुर के अलकतरा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी आग, एक किलोमीटर तक फैला धुआं

**क्राइम संवाददाता द्वारा**
**जमशेदपुरः** पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय जमशेदपुर डिमना थाना क्षेत्र के मिर्जाडीह गांव में गुरुवार देर रात अलकतरा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लग गई। एसटीपी लिमिटेड नाम की कंपनी के फैक्ट्री में मौजूद एक टंकी के फटने से जोरदार धमाका हुआ। धमाके के साथ आग लगने और धुआं उठने से आसपास के लोग दहशत में आ गए।
फैक्ट्री में विस्फोट के बाद उठा धुआं करीब एक किलोमीटर तक फैल गया। जहरीले गैस के रिसाव ने ग्रामीणों के बीच दहशत को और बढ़ा दिया। स्थानीय लोगों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, खुजली और घबराहट महसूस होने लगा। बच्चों और बुजूर्गो को खांसी होने से लोगों परेशान होने लगे। कई ग्रामीण अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए।



डिमना चौक से उठा धुआं थोड़ी ही देर में पटमदा-बोड़ाम जाने वाली मेन रोड़ तक फैल गया। जिस वजह से वहां से गुजरने वाले लोग भी परेशानी में आ गए। दमकल विभाग ने दो घंटे की कड़ी मशशक्त के बाद आग पर काबू पाया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।
ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी में हुए विस्फोट के बाद उठा धुआं लगभग एक किलोमीटर तक फैल गया। जिसके कारण ग्रामीण काफी परेशान हो गए। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस धुआं के कारण कारण सांस लेने में कठिनाई, खुजली और घबराहट का सामना करना पड़ा। खासकर बच्चों और बुजुर्गो को खांसी की समस्या होने लगी, जिससे लोग और भी परेशान हो गए। कई ग्रामीण अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।
दमकल विभाग की तत्परता -डिमना चौक से उठे धुएं ने पटमदा-बोड़ाम जाने वाली मुख्य सड़क तक पहुंचकर वहां से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी में डाल दिया। दमकल विभाग ने दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।
ग्रामीणो का आरोप है कंपनी प्रबंधन प्रदुषण को रोकने के लिए कोई व्यापक प्रबंधन नही किया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र इस कंपनी को हटाने के लिए अंदोलन करना पड़ेगा।

# पीएम मोदी ने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

**ब्यूरो**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू में तिरंगा लहराकर दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च ब्रिज चिनाब सेतु का उद्घाटन किया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में एक साथ दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को रवाना किया, जो माता वैष्णो देवी (कटरा) से श्रीनगर के बीच चलेंगी। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक एवं तेज रफ्तार ट्रेन कश्मीर घाटी तक पहुंचेगी। इससे पहले पीएम मोदी ने चिनाव ब्रिज का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना में शामिल इंजीनियरों और कामगारों से भी मिले और उनकी भूमिका को सराहा। इस दौरान एलजी मनोज सिन्हा और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी शामिल रहे।



उधमपुर-बनिहाल-श्रीनगर रेल खंड पर इन दोनों ट्रेनों का कमर्शियल संचालन सात जून से शुरू होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए दोनों ट्रेनों में एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के डिब्बे लगाए गए हैं। सभी शुल्कों समेत श्रीनगर से कटरा के बीच चेयर कार का किराया 715 रुपये और एग्जीक्यूटिव क्लास का 1320 रुपये निर्धारित किया गया है। नई दोनों वंदे भारत ट्रेनों के संचालन के बाद जम्मू-कश्मीर में कुल चार वंदे भारत ट्रेनें चलने लगेंगी। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में दो वंदे भारत ट्रेनें नई दिल्ली से कटरा के बीच चल रही हैं।
ट्रेन संख्या 26401 सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह ट्रेन सुबह 8:10 बजे माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से रवाना होगी, 9:58 पर बनिहाल पहुंचेगी और 11:10 बजे श्रीनगर पहुंचेगी।
ट्रेन संख्या 26402, श्रीनगर से दोपहर 2:00 बजे रवाना होगी, बनिहाल होते हुए 5:05 बजे कटरा पहुंचेगी।
ट्रेन संख्या 26403 भी सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह ट्रेन दोपहर 2:55 बजे कटरा से चलेगी और शाम 6 बजे श्रीनगर पहुंचेगी।

### 1000 रूपए के दो इनामी कुर्की वारंटी को पुलिस में किया गिरफ्तार

**बांका फुल्लीडुमर से कामेश्वर साह की रिपोर्ट**
बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना की पुलिस शुक्रवार को1000 रुपए के इनामी दो कुर्की वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष बबलू कुमार के नेतृत्व में अपर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन ने अन्य सशस्त्र पुलिस जवानों के सहयोग शुक्रवार को थाना क्षेत्र के नगरडीह गांव में छापेमारी कि गई। जहां पुलिस ने 1000 रूपए के इनामी दो कुर्की वारंटी अभय पंजियारा पिता सुधीर पंजियारा एवं बिपिन पंजियारा पिता महेंद्र परियार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार 1000 रूपए के दोनों इनामी वारंटी को शनिवार सभी कागजी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुल्लीडुमर में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेजा जाएगा।



### असम के विश्वनाथ जिले में दो आबकारी अधिकारियों की घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार

**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
असम के सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय ने आज शुक्रवार को विश्वनाथ जिले के आबकारी विभाग के दो अधिकारियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उप अधीक्षक मर्मेश्वर दास और कांस्टेबल अभिजीत बरुआ को विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा है । बाद में मर्मेश्वर दास के घर की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने 2.63 लाख रुपये नकद बरामद किए। दिगंत बरा नाम का एक आदमी के द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर शराब की दुकान का लाइसेंस पाने के लिए दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद इन दोनों को गिरफ्तार किया गया है। बरा ने आरोप लगाया कि लाइसेंस स्वीकृत होने के बावजूद, अधिकारियों ने दुकान खोलने की अनुमति देने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसको बाद में घटाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया था। आबकारी विभाग के कार्यालय में जांच जारी है और फिलहाल दास और बरुआ दोनों से पूछताछ चल रही है। दिगंत बरा ने यह भी बताया कि यह पहली बार नहीं था जब उन्हें उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, उन्होंने कहा कि मर्मेश्वर दास ने पहले भी एक अन्य वाइन शॉप के लाइसेंस के मामले में उनसे पैसे और शराब की मांग किया था। आज दोनों आबकारी अधिकारी के गिरफ्तार के बाद शीघ्र ही इन दोनों के खिलाफ सचेत लोगों ने कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



### पांच साल के बच्ची के साथ दुष्कर्म

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के गांव में पांच साल की एक मासूम के साथ शुक्रवार की दोपहर दुष्कर्म को अंजाम दिया गया है ।मिली जानकारी के अनुसार गांव में एक व्यक्ति के यहां गुरुवार को शादी थी और शुक्रवार को लोग इस शादी की पार्टी मनाने में व्यस्त थे ,इसी दौरान मूरतों गांव निवासी 25 वर्षीय कर्मदेव उरांव शादी समारोह में पहुंची एक बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने गांव से थोड़ी दूर बगीचे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया बताया जाता है ।की घटना के बाद रोती हुई बच्ची खुद आई वह खून से लथपथ थी और इस घटना की जानकारी उसने अपने परिजनों को दी परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली परिजनों के साथ-साथ गुस्सा से ग्रामीणों ने आरोपी को गांव के अखरा में बांध दिया और उसकी जमकर धुनाई शुरू कर दी वहीं गंभीर रूप से घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्हो भेजा गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, रिम्स रेफर कर दिया गया वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस गांव पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने चली आई।

### बकरीद के मद्देनजर विधि व्यवस्था के सफल संधारण हेतु उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने जिले में किया फ्लैग मार्च

**सुस्मित तिवारी आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मनीष कुमार तथा पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने शुक्रवार की संध्या प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिले में फ्लैग मार्च किया।

# पाँच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन

**संवाददाता द्वारा**
**रांची।** सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय स्थित प्रकाश सभागार में दिनांक 06 जून, 2025 को पाँच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीसीएल के राजभाषा विभाग द्वारा केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 02 जून से 06 जून, 2025 तक आयोजित किया गया था।
इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीसीएल में प्रशासनिक कार्यों के दौरान हिंदी अनुवाद की गुणवत्ता, सटीकता तथा सुगमता को सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रतिदिन दो सत्रों में व्यावहारिक एवं प्रक्रियात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में अधिक दक्षता एवं भाषिक संवेदनशीलता के साथ हिंदी का प्रयोग कर सकें।



समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री संजय कुमार ठाकुर थे। उन्होंने केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो से पधारी सहायक निदेशक श्रीमती लेखा सरीन को पुष्पगुच्छ एवं झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को सक्रिय सहभागिता के लिए बधाई देते हुए कहा, इस कार्यक्रम की सफलता तभी पूर्ण रूप से सार्थक होगी जब प्रतिभागी प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान का समुचित उपयोग अपने कार्यस्थलों पर करें। उन्होंने अनुवाद के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास, तकनीकी उपकरणों की जानकारी एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग पर बल दिया।
प्रशिक्षण सत्रों का संचालन केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से पधारे सहायक निदेशक श्रीमती लेखा सरीन एवं डॉ. मोहन चंद्र बहुगुणा द्वारा किया गया। उन्होंने 'संघ की राजभाषा नीति', 'कार्यालयीन अनुवाद की प्रविधियाँ', तथा 'तकनीकी उपकरणों के प्रयोग' जैसे विषयों पर व्यावहारिक, विश्लेषणात्मक एवं सहभागितात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।
समापन अवसर पर केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल सीसीएल की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह कर्मचारियों की भाषाई दक्षता एवं व्यावसायिक क्षमता को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में भी उल्लेखनीय है।

# नवनिर्मित पूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का विधायक द्वारा फीता काटकर समारोह पूर्वक किया गया उद्धाटन

**बांका से कामेश्वर साह की रिपोर्ट**
बांका जिले के फुल्लीडुमर प्रखंड अंतर्गत तेलिया पहाड़ पंचायत के नौगांय में मनरेगा योजना द्वारा बनाए गए नवनिर्मित पुल एवं आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शुक्रवार को बेलहर विधायक मनोज यादव, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंदन कुमार, संबंधित पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह, पूर्व उप प्रमुख बिंदेश्वरी यादव सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से समारोह पूर्वक फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। वहीं उद्घाटन के मौके पर पहुंचे विधायक मनोज यादव का मुखिया विनय कुमार सिंह एवं संबंधित पंचायत वासियों द्वारा बैंड बाजे, ढोल नगाड़े के साथ गर्म जोशी से भव्य स्वागत किया गया। उद्घाटन के पश्चात विधायक मनोज यादव, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंदन कुमार, संबंधित पंचायत के सरपंच मोफिल मंडल एवं पूर्व उप प्रमुख बिंदेश्वरी यादव का मुखिया विनय कुमार सिंह के द्वारा बुके एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत एवं प्रखंड वासियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री यादव ने कहा जनता जिस उम्मीद से उन्हें चुना है, जनता के उम्मीद पर खरा उतरने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। आगे विधायक श्री यादव ने कहा उनके प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दिया गया। किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए कई बड़ी-बड़ी योजनाएं लेकर कार्य किया जा रहा है। उनके अथक प्रयास से गंगा नदी का पानी हनुमाना डैम एवं बिलासी बांध में लाये जाने का कार्य किया जा रहा है। बिजली, स्वास्थ्य सहित विधानसभा क्षेत्र में सभी विकास योजनाओं को उनके प्रयास से किया गया है। अंत में विधायक श्री यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का समर्थन मांगते हुए झूठा आश्वासन देने वाले नेताओं से सावधान रहने की अपील प्रखंड की जनता से की। वहीं कार्यक्रम को प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंदन कुमार, मुखिया विनय कुमार सिंह सहित अन्य ने भी संबोधित किया। उद्घाटन के मौके पर विधायक के समर्थन में पंचायत वासियों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। उद्घाटन समारोह के मौके पर मुख्य रूप से अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती, जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष विवेकानंद तांती, सरपंच मोफिल मंडल, बाराती मंडल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अनंत कुमार शाह, इंजीनियर लखनलाल देव, संजय मांझी, चतुरानंद यादव, अर्जुन दास, सन्नी कुमा,र पन्ना सिंह सहित काफी संख्या में प्रखंड एवं पंचायत के ग्रामीण जनता गण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# 8 जून को सुढ़ी समाज महा सम्मेलन के लिए पटना चलने का किया आह्वान

**● जिले भर में चलाया गया जनसंपर्क अभियान**

**आदिवासी एक्सप्रेस/ बौसी (बांका)**
आज बांका जिले के विभिन्न गांव व मोहल्ला में जनसंपर्क अभियान चला जिसमें आगामी 08 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित सूड़ी अधिकार महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए लोगों के बीच अपनी बातों को रखते भागलपुर प्रमंडलीय सहसंयोजक सह जिला उपाध्यक्ष (BJP) हीरालाल मण्डल हमारे बांका जिला के संरक्षक सह वरिष्ठ झारखण्ड आन्दोलनकारी (JMM) हीरालाल मण्डल एवं मनमीत साह नगर अध्यक्ष भाजपा सह(बीस सूत्री अध्यक्ष बौंसी), अजय मंडल (वार्ड सदस्य औरिया), धनंजय माँझी (वार्ड सदस्य केनुवाटीकर),
ने समाज के विभिन्न गांव जाकर जनसंपर्क के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति के लोगो के साथ अपनी मांगों को लेकर बातचीत कर कार्ययोजना बनाई।
जनसंपर्क दौरा में मुख्य रूप से पुरन मंडल, संजय मंडल, मोहन मंडल, शिवनारायण साह, अशोक साह, हरिहर मंडल, रूपेश मंडल व अन्य सम्मिलित हुए इस अभियान में सूड़ी समाज के संरक्षक महोदय ने कहा की राजेन्द्रनगर व पटना जानेवाली दोनो रेलगाड़ी दिनांक 07जून को बांका जिला के मन्दारहिल स्टेशन एवं बाराहाट जं. में रुकेगी जिसपर हमारी सहयोग टीम साथ-साथ पटना तक रहेगी। 08 जून को पटना पहुँचे ताकि सूड़ीअधिकार महासम्मेलन को सफल बनाया जा सके।



## भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, बेन स्टोक्स करेंगे कप्तानी

**लंदन।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत के खिलाफ शुरू होने वाली रोथसे टेस्ट सीरीज़ के पहले मैच के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह मुकाबला 20 जून से लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर खेला जाएगा। टीम की कमान एक बार फिर कप्तान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। खास बात यह है कि सरे के ऑलराउंडर जेमी ओवरटन की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार जून 2022 में हेडिंग्ले में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना डेब्यू मैच खेला था। हालांकि हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज़ के दौरान उनकी उंगली में चोट लगी थी और फिलहाल वे मेडिकल निगरानी में हैं ब्रायडन कार्स, जैकब बेटल और क्रिस वोक्स की भी टीम में वापसी हुई है। ये तीनों खिलाड़ी दिसंबर में न्यूजीलैंड दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा थे। वहीं, तेज़ गेंदबाज गस एटकिंसन को ज़िम्बाब्वे के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण चयन से बाहर कर दिया गया है।इंग्लैंड और भारत के बीच कुल पांच टेस्ट मैचों की सीरीज़ खेली जाएगी, जिसका अंतिम मुकाबला 4 अगस्त को लंदन के किआ ओवल में होगा।

**इंग्लैंड की टेस्ट टीमः** बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेटल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## प्राइम वॉलीबॉल लीग को मिला नया सदस्य, गोवा गार्जियंस बना 10वां फ्रेंचाइज़ी

**मुंबई।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती खेल लीगों में शामिल प्राइम वॉलीबॉल लीग ने अपने विस्तार की घोषणा करते हुए गोवा गार्जियंस को 10वां फ्रेंचाइज़ी के रूप में शामिल किया है। गोवा पर आधारित यह टीम लीग के चौथे सीज़न में पहली बार मैदान में उतरेगी, जिसकी शुरुआत 2 अक्टूबर 2025 से होगी। गोवा गार्जियंस टीम का मालिकाना हक़ राजू चेकुरी के पास है, जो नेटेनरिच कंपनी के चेयरमैन, प्रेसिडेंट और सीईओ हैं। खेलों के प्रति गहरी रुचि रखने वाले चेकुरी ने कहा, गोवा गार्जियंस के साथ प्राइम वॉलीबॉल लीग में शामिल होना सिर्फ एक टीम लॉन्च नहीं, बल्कि भारतीय वॉलीबॉल में एक दीर्घकालिक निवेश है। हमारा लक्ष्य है भारत के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की एथलेटिक प्रतिभा को निखारना और उन्हें वैश्विक मंच प्रदान करना।' उन्होंने कहा, 'मेरा सपना है कि भारत अगले दशक में ओलंपिक में वॉलीबॉल में प्रतिस्पर्धा करे। इसके लिए हमें एक लीग, एक सोच बनकर मिलकर काम करना होगा ताकि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक्सपोज़र और प्रशिक्षण मिल सके। गोवा गार्जियंस इसी मिशन के लिए समर्पित है।'

## पीयूष चावला ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास, दो बार रहे विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के विश्व कप विजेता लेग स्पिनर पीयूष चावला ने पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। 36 वर्षीय चावला ने इंस्टाग्राम पोस्ट करके इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'मैदान पर दो दशक से अधिक समय बिताने के बाद इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है।' चावला में 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीत में भारतीय टीम का हिस्सा थे। चावला ने पेशेवर क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 1000 से अधिक विकेट हासिल किए। 2012 में अपने अंतिम प्रदर्शन तक पांच वर्षों में भारत के लिए 3 टेस्ट, 25 वनडे और 7 टी20 मैच खेले जिसमें उन्होंने 43 विकेट लिए। चावला ने कहा, भारत का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक, इस अविश्वसनीय यात्रा में हर पल किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में रहेंगी। आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस को दिल से धन्यवाद जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया।

## जोफ्रा आर्चर वापसी की तैयारी में, भारत के खिलाफ खेलेंगे दूसरा टेस्ट

**लंदन।** इंग्लैंड के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा कि पारंपरिक प्रारूप में चार साल पहले अपना पिछला मुकाबला खेलने वाले स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अगले महीने भारत के खिलाफ टीम के दूसरे टेस्ट मैच के लिए वापसी कर सकते हैं। 5 मैच की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 2 से 6 जुलाई तक एजबस्टन में होगा। 30 वर्षीय आर्चर ने कई बार चोटिल होने के कारण 2021 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला है और हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के लिए टीम में उनके चयन के लिए भी विचार नहीं किया गया क्योंकि वह हाल ही में समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान अंगूठे में हुए फ्रेक्चर से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। राइट ने कहा कि जॉफ (आर्चर) काफी अच्छी तरह उबर रहे हैं। उनके लिए योजना यह है कि वह कुछ प्रथम श्रेणी मैच खेलें। ससेक्स की दूसरी टीम का हिस्सा बनें और फिर पहले टेस्ट के दौरान डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए खेलें। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह ससेक्स के लिए खेलेगा ।

# नॉर्वे शतरंज 2025 : कार्लसन अंतिम राउंड से पहले बढ़त पर, गुकेश ने किया दबाव तेज

**एजेंसी**

**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज 2025 का नौवां राउंड रोमांच से भरपूर रहा, जहां शीर्ष खिलाड़ियों के निर्णायक मुकाबलों ने अंक तालिका को पूरी तरह हिला कर रख दिया है। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फबियानो करूआना के खिलाफ अहम जीत दर्ज की। शुरुआत से ही कार्लसन ने बढ़त बना ली थी और एंडोगेम तक पहुंचते-पहुंचते करूआना की मजबूत डिफेंस को तोड़ते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं, मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश और चीन के शीर्ष खिलाड़ी वे यी के बीच मुकाबला बेहद रोचक रहा। शुरुआती दौर में वे यी की एक बड़ी चूक का फायदा उठाते हुए गुकेश ने आक्रामक खेल दिखाया और जीत की ओर बढ़ते चले गए। एंडगेम में उन्होंने सटीकता के साथ जीत को सुनिश्चित किया। हिकारु नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी के बीच



क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन अर्मागेडन गेम में नाकामुरा ने जीत हासिल कर अतिरिक्त अंक बटोर लिए। अंतिम राउंड से पहले मैग्नस कार्लसन आधा अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि गुकेश डी नजदीकी पीछा कर रहे हैं। फाइनल राउंड अब बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

नॉर्वे महिला शतरंजः कोनेरू हम्पी की बढ़त, पर खिताबी रेस अभी बाकी महिलाओं के टूर्नामेंट में भी नौवां राउंड बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। सभी तीन मुकाबले निर्णायक रहे, जिससे अंतिम दिन के पहले अंक तालिका में बड़ा उलटफेर हुआ है। वैशाली रमेशबाबू और सारा खादेमअलशारिया के बीच मुकाबला बेहद जटिल रहा। सारा ने समय पर दबाव बनाए रखा और अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबला जीत लिया। जू वेनजुन और अन्ना मुजिचुक की भिड़ंत में अन्ना ने शुरू में ही एक्सचेंज की कुर्बानी देकर खेल में पकड़ बनाई। जू की एक बड़ी रक्षात्मक गलती के चलते अन्ना ने आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। कोनेरू हम्पी और लेई तिंगजी के मुकाबले में हम्पी ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन एक बड़ी गलती ने गेम का रुख पलट दिया। लेई ने मौके का फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। अब अंतिम राउंड से पहले अन्ना मुजिचुक दो अंकों की बढ़त के साथ टॉप पर हैं, लेकिन हम्पी कोनेरू सहित शीर्ष चार खिलाड़ियों के पास अब भी खिताब जीतने का मौका है।

# इंडोनेशिया ओपन 2025: पी.वी. सिंधु प्री-क्वार्टर फाइनल में हारीं, ट्रीसा-गायत्री की जोड़ी भी बाहर

**एजेंसी**

**जकाता।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु का इंडोनेशिया ओपन 2025 में सफर प्री-क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के हाथों हार के साथ समाप्त हो गया। सिंधु ने मैच की अच्छी शुरुआत की और पहले गेम में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए गेम 21-18 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे गेम में चोचुवोंग ने आक्रामक खेल दिखाया और 10 अंकों की बढ़त बनाते हुए गेम 21-10 से जीत लिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ी लंबे समय तक बराबरी पर रहीं, लेकिन आखिरी क्षणों में चोचुवोंग ने बढ़त बनाते हुए गेम 21-18 से जीतकर मैच अपने नाम किया।

**ट्रीसा-गायत्री की जोड़ी भी हारीः** महिला युगल मुकाबले में भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी जापान की युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो के खिलाफ 13-21, 22-24 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

**पुरुष युगल में भारत की**




**उम्मीदें बरकरार**

भारत की चुनौती टूर्नामेंट में अभी बाकी है, क्योंकि पुरुष युगल वर्ग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी आज बाद में अपने मुकाबले में उतरेगी।

# फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में बड़ा उलटफेरः सबालेंका ने गत चैंपियन स्वियातेक को किया बाहर

**एजेंसी**

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन 2025 में महिला एकल वर्ग में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने चार बार की चैंपियन और गत विजेता इगा स्वियातेक को सेमीफाइनल में 6-7(1), 6-4, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस हार के साथ स्वियातेक की रोलां गैरो पर 26 मैचों की जीत की लय भी टूट गई। इगा स्वियातेक ओपन युग (1968 से) में पहली महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में थीं, जो पेरिस में लगातार चार खिताब जीततीं। हालांकि सबालेंका की ताकतवर खेल शैली के आगे वह टिक नहीं सकीं। उन्होंने मैच की शुरुआत से ही गलतियों की झड़ी लगा दी और पहले तीन गेम में ही सात अनफोर्स्ड एरर कर बैठीं। सेमीफाइनल में सबालेंका ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया और पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली। हालांकि स्वियातेक ने वापसी करते हुए पहला सेट टाईब्रेक में 7-6(1) से जीत लिया, लेकिन सबालेंका ने दूसरा सेट 6-4 से और निर्णायक सेट 6-0 से अपने नाम कर लिया। तीसरे सेट में सबालेंका पूरी तरह हावी रहीं और स्वियातेक उन्होंने सबालेंका के खेल की तारीफ करते हुए कहा, 'पहले और तीसरे सेट में उनकी गति और ताकत के



का खेल बिखरता चला गया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा, यह जीत मेरे लिए खास है, लेकिन मैं जानती हूं कि काम अभी पूरा नहीं हुआ है। तीसरे सेट में मैं अपनी सर्विस खोज पाई और यह मेरे लिए परफेक्ट रहा। मैच के बाद इगा स्वियातेक ने कहा, 'यहां खेलना हमेशा से खास रहा है। हालांकि मैं इस बार चैंपियन नहीं बन सकी, लेकिन मैं यहां फिर लौटूंगी।' आगे मैं संघर्ष करती रही।' अब सबालेंका का सामना फाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ से होगा, जिन्होंने फ्रांस की वाइल्डकार्ड एंट्री लोइस बॉइसन को आसानी से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा, जिसमें सबालेंका पहली बार फ्रेंच ओपन खिताब जीतने की कोशिश करेंगी।

# रॉब वॉल्टर बने न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के नए हेड कोच

**एजेंसी**

**वेलिंगटन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व व्हाइट-बॉल कोच रॉब वॉल्टर को न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है। वॉल्टर अगले तीन वर्षों तक टीम की कमान सभी फॉर्मेट्स–टेस्ट, वनडे और टी20–में संभालेंगे। 49 वर्षीय वॉल्टर दक्षिण अफ्रीका की कोचिंग से हाल ही में अलग हुए थे, जबकि उनके अनुबंध की मियाद अभी दो साल और बची थी। उनके नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, वहीं 2024 टी20 वर्ल्ड कप में टीम फाइनल तक पहुंची थी।

गौर करने वाली बात यह है कि वॉल्टर की फैमिली पहले से ही न्यूजीलैंड में रहती है और उन्होंने हॉक्स बे में अपना ठिकाना बनाया हुआ है। न्यूजीलैंड की घरेलू टीमों ओटागो वोल्ट्स और सेंट्रल स्टैग्स के साथ कोचिंग अनुभव भी उनके खाते में है। वॉल्टर ने 2022-23 सीज़न में सेंट्रल स्टैग्स को फोर्ड ट्रॉफी और प्लंकेट शील्ड जीत दिलाई थी। इसके अलावा वह 2022 में भारत दौरे पर गई न्यूजीलैंड ए टीम के कोच भी रह चुके हैं और आईपीएल में असिस्टेंट कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। वॉल्टर न्यूजीलैंड के मौजूदा कोच गैरी स्टीड की जगह लेंगे। हालांकि, शुरुआत में न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने अलग-अलग फॉर्मेट्स के लिए अलग कोच नियुक्त करने का विचार किया था, लेकिन बाद में उन्होंने एक ही व्यक्ति को तीनों फॉर्मेट की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया। उनका कार्यकाल अगले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल, 2027 वनडे वर्ल्ड कप, 2026 और 2028 टी20 वर्ल्ड कप, और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक चलेगा।नियुक्ति के बाद वॉल्टर ने कहा, ब्लैककैप्स लंबे समय से एक सफल और विश्वसनीय टीम रही है, और इस टीम के साथ काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक बेहद रोमांचक अवसर है, जहां कई बड़े टूर्नामेंट और



द्विपक्षीय सीरीज सामने हैं। मैं इस सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने वॉल्टर की नियुक्ति पर कहा, रॉब एक विश्वस्तरीय कोच हैं जिनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट में उनकी सफलता और हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के साथ उनकी उपलब्धियां उन्हें ब्लैककैप्स के लिए आदर्श कोच बनाती हैं।

# शुभमन गिल की टेस्ट कप्तानी की शुरुआतः 'स्पष्टता और आत्मविश्वास' को बनाना चाहते हैं टीम की पहचान

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने अपने पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने नेतृत्व के दृष्टिकोण को लेकर पूरी स्पष्टता और आत्मविश्वास दिखाया। 25 वर्षीय गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ से अपनी कप्तानी की शुरुआत करने जा रहे हैं और उनका लक्ष्य है – टीम के भीतर विश्वास और पारदर्शिता की संस्कृति को विकसित करना। मुंबई में मीडिया से बात करते हुए गिल ने कहा, 'मेरे पास कोई खास कप्तानी का स्टाइल नहीं है। जितना ज़्यादा खेलते हो, उतना ज़्यादा अनुभव आता है और आपकी अपनी शैली खुद सामने आती है। मेरे लिए सबसे जरूरी चीज़ है खिलाड़ियों से संवाद, उन्हें उनकी ताकत और कमजोरी को लेकर सहज महसूस कराना। अगर खिलाड़ी सुरक्षित महसूस करते हैं, तभी वे



अपना 100फीसदी दे पाते हैं। गिल ने रोहित शर्मा की नेतृत्व शैली की तारीफ करते हुए कहा, 'रोहित भाई की सबसे बड़ी खूबी थी उनकी साफ़-साफ़ बात करने की शैली। वे जानते थे कि खिलाड़ियों से क्या चाहिए और उसे साफ़ तरीके से बताते थे। मैं भी वही अपनाना चाहूंगा।' भारत को हाल में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ में हार झेलनी पड़ी, जिससे टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई थी। ऐसे में गिल को बड़ी चुनौती के साथ कप्तानी सौंपी गई है। इस पर गिल ने कहा, हर दौरे में दबाव होता है। हमारे पास अच्छा कॉम्बिनेशन है – अनुभव और टैलेंट का। नए सिरे से शुरुआत करने का मौका है और हम इसके लिए तैयार हैं। गिल भारत के पांचवें सबसे युवा टेस्ट कप्तान हैं और 1988 में एक टेस्ट के लिए कप्तान बने रवि शास्त्री के बाद सबसे कम उम्र के टेस्ट लीडर हैं। गिल ने बताया कि टीम का बल्लेबाजी क्रम अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा,'हम 10 दिनों का कैंप करेंगे और 13 से 16 जून के बीच एक इंट्रा-स्क्वॉड मैच भी होगा। उसी के बाद हम तय करेंगे कि कौन किस क्रम पर खेलेगा।' गौरतलब है कि भारत की 18 सदस्यीय टीम में पहली बार शामिल हुए हैं बी. साई सुधर्शन, जबकि 8 साल बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं करुण नायर। अभिमन्यु ईश्वरन को भी बरकरार रखा गया है। ऑलराउंडर विकल्पों में नितीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर और रवींद्र जडेजा शामिल हैं।

# एसएलआई को लेकर उत्साहित अंजुम मौदगिल, बोलीं- युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी प्रतियोगिता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल ने शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) की शुरुआत को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि यह पहली बार हो रहा है कि निशानेबाजी के लिए कोई लीग आयोजित की जा रही है और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं पिछले 17 वर्षों से इस खेल से जुड़ी हूं और मैंने इसे लगातार आगे बढ़ते देखा है। अब जब इसकी एक प्रतियोगिता होने जा रही है, तो यह खेल को और मजबूती देगी और लोग इसके बारीक पहलुओं को भी समझ पाएंगे। देश में निशानेबाजी को बढ़ावा देने के लिए नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने पिछले महीने शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की थी। यह लीग इस वर्ष 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच खेली जाएगा। लीग में देश एवं विदेश के प्रमुख निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल ने एनआरएआई की ओर से जारी बयान में कहा कि यह प्रतियोगिता भारतीय खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर की तैयारियों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि हम वरिष्ठ खिलाड़ियों ने वर्षों से एक तय ढांचे में खेला है, लेकिन जो नई पीढ़ी आ रही है, वह बहुत आत्मविश्वासी है और ज्यादा से ज्यादा अनुभव लेना चाहती है। ऐसे में इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके लिए बहुत सहायक होंगी।

# मध्य प्रदेश लीग सीजन-2 का भव्य उद्घाटन, ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले- एमपीएल बना खिलाड़ियों का लॉन्चपैड

**एजेंसी**

**ग्वालियर।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में बहुप्रतीक्षित मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) सीजन-2 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों, आयोजकों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए क्रिकेट के सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव को रेखांकित किया। सिंधिया ने कहा, क्रिकेट आज केवल एक खेल नहीं, बल्कि देशवासियों की भावनाओं का प्रतीक बन चुका है। यह खेल लोगों को जोड़ता है, और एमपीएल जैसे आयोजन युवाओं के लिए अवसरों के द्वार खोलते हैं। उन्होंने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए बताया कि उन्हें अपने पिता, स्वर्गीय माधवराव सिंधिया जी के साथ दुनिया के दिग्गज क्रिकेटरों से मिलने का सौभाग्य मिला था। केंद्रीय मंत्री ने




हाल ही में आईपीएल 2025 की विजेता बनी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा, यह पूरे मध्य प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि आरसीबी की कप्तानी हमारे राज्य के रजत पाटीदार ने की और टीम को पहली बार चैंपियन बनाया। रजत ने न केवल शानदार खेल दिखाया बल्कि नेतृत्व के अद्भुत गुण भी प्रस्तुत किए। एमपीएल के इस सीजन में महिला टीमों को भी शामिल किया गया है, जिसे लेकर सिंधिया ने कहा, महिला खिलाड़ियों की भागीदारी ने इस आयोजन को सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल बना दिया है। मैं आश्वस्त हूं कि पुरुषों की पांच टीमों के साथ महिला खिलाड़ियों की तीन टीमें भी इस बार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक नया इतिहास रचेंगी। सिंधिया ने एमपीएल को एक लॉन्चपैड करार देते हुए कहा कि एमपीएल वह मंच है जहां आईपीएल सहित अन्य राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के चयनकर्ता खिलाड़ियों को देखने आते हैं। पिछले साल इसी लीग से 11 खिलाड़ियों का चयन आईपीएल के लिए हुआ था। यह मध्य प्रदेश के खेल विकास की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने इस तरह की पेशेवर राज्य स्तरीय क्रिकेट लीग की शुरुआत की है।

## 'विराट कोहली ने सिर्फ 18 साल इंतजार किया, तेंदुलकर का इंतजार और भी लंबा था' : सहवाग

**नई दिल्ली।** विराट कोहली का IPL ट्रॉफी के लिए लंबा इंतजार मंगलवार रात को खत्म हुआ जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। RCB के स्टार खिलाड़ी 2008 में लीग की शुरुआत से सिर्फ RCB जुड़े हैं और खिताब का सूखा खत्म करने में उन्हें 18 साल लग गए। लेकिन भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि तेंदुलकर का विश्व कप ट्रॉफी जीतने का इंतजार और भी लम्बा था और फिर भी उन्होंने कभी उम्मीद नहीं खोई। सहवाग ने एक क्रिकेट वेबसाइट से कहा, 'उन्होंने (कोहली ने) ट्रॉफी जीतने के लिए केवल 18 साल इंतजार किया। सचिन तेंदुलकर ने 1989 से 2011 तक इंतजार किया। इसलिए, कोहली को कम इंतजार करना पड़ा और फिर भी सचिन ने कभी उम्मीद नहीं खोई।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया को लेकर भारतीय निशानेबाजों में उत्साह, एनआरएआई ने किया लोगो का अनावरण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में गुरुवार दोपहर नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का लोगो औपचारिक रूप से लॉन्च किया। इस मौके पर म्यूनिख में 8 से 15 जून तक होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2025 की तैयारी में जुटे कई भारतीय निशानेबाज भी मौजूद रहे और लीग के पहले संस्करण को लेकर अपनी खुशी जाहिर की।

टॉप शूटर्स हुए शामिल

पेरिस ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह के साथ देश के कई नामी निशानेबाज जैसे अर्जुन बाबूटा, संदीप सिंह, एलावेनिल वलारिवन, रमिता, सिफ्ट कौर समरा, अंजुम मौदगिल, वरुण तोमर, अर्जुन सिंह चीमा, चैन सिंह, किरण अंकुश जाधव, आशी चौकसे, श्रियांका सदांगी, सरुचि, पलक, सिमरनप्रीत कौर बरार, अखिल श्योराण, सैन्यम, निश्चल और राही जीवन सरनोबत ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**लोगो से मिला मनोबल, सिफ्ट समरा ने कही दिल की बात**

50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन की विश्व रिकॉर्डधारी सिफ्ट कौर समरा ने कहा, हम एनआरएआई के आभारी हैं कि उन्होंने हमें इस शुभ अवसर का हिस्सा बनने का मौका दिया। भारत में शूटिंग के प्रति बढ़ती जागरूकता और इस तरह की लीग का आयोजन, खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ावा देता है, खासकर वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले।

2022 एशियाड मेडलिस्ट आशी चौकसे ने नए लोगो की सराहना करते हुए कहा, ÷इस लोगो में जिस प्रकार से बोल्ड रंगों का इस्तेमाल किया गया है, वह भारतीय खिलाड़ियों की ताकत और आत्मविश्वास को दर्शाता है। यह सिर्फ एक चिह्न नहीं बल्कि एक संदेश है, जिसे हमें खिलाड़ियों के तौर पर निभाना है। अनुभवी राइफल शूटर श्रियांका सदांगी ने कहा, यह लोगो वही संदेश देता है जो एनआरएआई इस लीग के माध्यम से दुनिया तक पहुंचाना चाहता है। पेरिस ओलंपिक में भारत की सफलता के बाद शूटिंग में रुचि बढ़ी है और यह लीग उस रूचि को नई ऊंचाई पर ले जा सकती है। शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का पहला सीजन 20 नवंबर से 2 दिसंबर 2025 के बीच आयोजित होगा। इसमें मिक्स्ड टीम इवेंट्स-पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजिशन), शॉटगन (ट्रैप और स्कीट), इवेंट्स होंगे।

# गुवाहाटी में ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन के बॉक्सिंग अकादमी का उद्घाटन

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंता बिस्वा सरमा और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने उत्तर गुवाहाटी के बारचंद्रा में लोवलीना बोर्गोहेन बॉक्सिंग अकादमी का भव्य उद्घाटन किया। यह ऐतिहासिक पहल न केवल पूर्वोत्तर भारत में खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें विश्व स्तरीय मुक्केबाज़ बनाने का सपना भी साकार कर रही है। यह बॉक्सिंग अकादमी गुवाहाटी की अपनी तरह की पहली पहल है, जो युवाओं को बेहतरीन प्रशिक्षण सुविधाएं, अत्याधुनिक 26म26 साइज की बॉक्सिंग रिंग और पूरी तरह सुसज्जित जिम प्रदान करती है। यह अकादमी न केवल प्रशिक्षुओं को बुनियादी ढांचे से सशक्त करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार भी करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ हिमंता बिस्वा सरमा ने लवलीना की सराहना करते हुए कहा, लवलीना ने ओलंपिक में पदक जीतकर असम और भारत को गौरवान्वित किया है। अब वह एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं और इस अकादमी के माध्यम से उन्होंने असम के युवाओं के लिए सुनहरा मंच तैयार किया है। राज्य सरकार अकादमी को 2 करोड़ रुपये की सहायता राशि देगी और हॉस्टल निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण



तथा अन्य खर्चों में भी सहयोग करेगी। लवलीना ने अकादमी की शुरुआत की यात्रा को याद करते हुए बताया, 2024 ओलंपिक के बाद मुझे कुछ समय मिला और 2021 में खरीदी गई जमीन पर मैंने अपने सीमित संसाधनों से एक बुनियादी अकादमी बनाने का फैसला किया। इसमें एक अच्छी बॉक्सिंग रिंग, कुछ पंचिंग बैग और एक जिम की व्यवस्था की गई है जो विद्यार्थियों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी उपलब्ध है। अपने विजन को साझा करते हुए उन्होंने कहा, मेरा सपना है कि 2028 तक हम ऐसे मुक्केबाज तैयार करें जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकें। मैं युवाओं को एक ऐसा मंच देना चाहती हूं, जहाँ वे अपने सपनों को साकार कर सकें। सभी वर्गों के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण मिल सके, इसके लिए अकादमी में न्यूनतम शुल्क ?500 प्रतिमाह रखा गया है। इसमें तीन आयु वर्ग बनाए गए हैंः 8 से 12 वर्ष, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वाले खिलाड़ी। यह पहल न सिर्फ असम बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है और निश्चित रूप से भारत के खेल भविष्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगी।

## कॉर्पोरेट सीएसआर हस्तक्षेप के एक हिस्से के रूप में, श्री एस सुब्रमण्यन

**एजेंसी**

**नवी मुंबई।** ईडी (डब्ल्यूआर-आई) और श्री जसबीर सिंह, ईडी (सीएसआर) ने 3 जून 2025 को टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी), नवी मुंबई के एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एजुकेशन इन कैंसर



(एक्ट्रेक) में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग को औपचारिक रूप से सीटी सिम्युलेटर सिस्टम सौंपा। रेडिएशन थेरेपी में एक आवश्यक उपकरण के रूप में यह अत्याधुनिक सीटी सिम्युलेटर सटीक उपचार योजना को सक्षम करने और देखभाल की डिलीवरी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे देश में कई कैंसर रोगियों को लाभ होगा। सीटी सिम्युलेटर सिस्टम को 6.70 करोड़ की लागत से वित्त पोषित किया गया है। डॉ. तेजपाल गुप्ता, विभागाध्यक्ष (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग) तथा एसीटीआरईसी और पावरग्रिड के अन्य अधिकारी।

## मारुति सुजुकी के खरखौदा और मानेसर में सौर क्षमता में 30 एमडब्ल्यूपी का विस्तार

**नई दिल्ली।** अपने परिचालन में नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देते हुए यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने दो नई परियोजनाओं के साथ अपनी सौर क्षमता में 30एमडब्ल्यूपी का विस्तार करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि हरियाणा के खरखौदा में अपने नए संयंत्र में 20एमडब्ल्यूपी क्षमता वाली सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की और अपने मानेसर संयंत्र में 10एमडब्ल्यूपी क्षमता की एक अन्य सौर क्षमता शुरू की गयी है। इसके साथ, पिछले एक साल में मारुति सुजुकी की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 49एमडब्ल्यूपी से बढ़कर 79 एमडब्ल्यूपी हो गई है। इसके अलावा, कंपनी अपने उपभोग के लिए राज्य बिजली बोर्ड से प्राप्त हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ा रही है। सौर ऊर्जा और हरित ऊर्जा से जुड़ी इन पहलों से कंपनी को रिन्यूएबल एनर्जी पर अपनी निर्भरता को सार्थक रूप से बदलने में मदद मिलेगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी ताकेउचि ने कहा, हमारी पैरेंट कंपनी सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पर्यावरण विजन 2050 और भारत सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने के साथ हम अपने ऑपरेशंस में नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल को व्यवस्थित रूप से बढ़ा रहे हैं। वित्त वर्ष 2030-31 तक मारुति सुजुकी की योजना 925 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश से 319एमडब्ल्यूपी की सौर क्षमता तक पहुंचने की है।

## शक्कर में पूछपरख, खाद्य तेल में सुधार, दलहन- दाल मजबूत, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख रही। खाद्य तेलों में कामकाज सुधार लिए रहा। तिलहन में लिवाली रही। मंडी बंद रही। प्रायवेट में दलहन तथा दालों में मांग बताई गई। चावल में उठाव रहा।किराना बाजार सियागंज किराना बाजार में शक्कर में कांउटर सेल सुधार लिए रहा। जिससे भाव बने रहे। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला दिसावर के साथ मजबूत रहा। खोपरा बूरा में मांग से तेजी हुई। हल्दी में ग्राहकी रही। तेल-तिलहन खाद्य तेलों में आज मूंगफली तेल 10 रुपये ऊंचा होकर बिका। तिलहन में पूछपरख रही। दाल-दलहन संयोगितागंज अनाज मंडी महेश जयंती पर बंद रही। प्रायवेट में दलहन जिन्सों में मांग रही। दालों में उठाव बना बताया गया। चावल में काउंटर सेल रही।

## अमूल’ ने स्पेन में किया दूध लॉन्च

**आणंद।** गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (अमूल) ने स्पेन में दूध लॉन्च किया और स्पेन की सहकारी संस्था कोऑपरेटिवा गनेडेरा डेल वैले डे लॉस पेड्रोचेस (सीओवीएपी) के साथ साझेदारी की है। अमूल के प्रबंध निदेशक श्री जयेन मेहता ने बुधवार को यहां जारी अपने बयान में कहा कि अमूल ने स्पेन और यूरोपीय संघ (ईयू) में अमूल दूध लॉन्च किया है। इसके लिए अमूल ने स्पेन की प्रमुख प्रथम श्रेणी की सहकारी संस्था कोऑपरेटिवा गनेडेरा डेल वैले डे लॉस पेड्रोचेस के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। लॉन्च समारोह भारत के दूतावास, मैड्रिड में आयोजित किया गया, जिसमें दिनेश के. पटनायक, स्पेन के भारतीय राजदूत, डी. फर्नांडो हेरिडिया नोगुएरा, उप निदेशक अंतरराष्ट्रीय संबंध, कृषि, मत्स्य एवं खाद्य मंत्रालय, रिकार्डो डेलगाडो विस्कैनो, अध्यक्ष सीओवीएपी तथा अमूल के वरिष्ठ अधिकारीगण और स्पेन में अमूल के चैनल पार्टनर्स की उपस्थिति रही। अमूल ब्रांड को विश्व की सबसे शक्तिशाली डेयरी ब्रांड और भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद समूह ब्रांड के रूप में मान्यता प्राप्त है। 36 लाख से अधिक डेयरी किसानों के साथ अमूल दुनिया की सबसे बड़ी किसान-स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी संस्था है।

# मई में 211 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण लेनदेन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आधार संख्या धारकों ने मई 2025 में 211 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण लेनदेन किए, जिससे ऐसे लेनदेन की स्थापना के बाद से अब कुल संख्या 15,223 करोड़ से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त मई 2025 में 15.49 करोड़ फेस प्रमाणीकरण लेनदेन दर्ज किए गए। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आज यहां इस संबंध आंकड़े जारी करते हुये कहा कि मई में आधार प्रमाणीकरण लेनदेन पिछले महीने की तुलना में अधिक हैं। मई 2024 में 201.76 करोड़ ऐसे लेनदेन हुये थे। यूआईडीएआई ने कहा कि बढ़ती संख्या दर्शाती है कि कैसे आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रभावी कल्याण वितरण में एक सुविधाजनक भूमिका निभा रहा है, और सेवा प्रदाताओं द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं का स्वेच्छा से लाभ उठा रहा है। यह लाखों लोगों के




लिए जीवन को आसान बनाने का उत्प्रेरक है। प्रमाणीकरण की बढ़ती संख्या आधार के व्यापक उपयोग और उपयोगिता तथा देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को दर्शाती है। यूआईडीएआई के एआई/एमएल आधारित आधार फेस प्रमाणीकरण समाधानों में भी लगातार वृद्धि देखी जा रही है। मई 2025 में, 15.49 करोड़ फेस प्रमाणीकरण लेनदेन दर्ज किए गए, जो इस प्रमाणीकरण पद्धति को अपनाने और आधार संख्या धारकों को इससे होने वाले लाभ को रेखांकित करता है। मंत्रालयों और विभागों, वित्तीय संस्थानों, तेल विपणन कंपनियों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं सहित 100 से अधिक संस्थाएँ लाभ और सेवाओं के सुचारू वितरण के लिए फेस प्रमाणीकरण का उपयोग कर रही हैं। इसी तरह, मई में 37 करोड़ से अधिक ई-केवाईसी लेनदेन किए गए। आधार ई-केवाईसी सेवा ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं सहित क्षेत्रों में व्यापार करने में आसानी को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## केवीआईसी ने 8,794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत देशभर में 8,794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि मंत्रालय के खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत मंगलवार को वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर देशभर के 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की। यह संवितरण करीब 884 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के एवज में किया गया। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्यक्रम केवीआईसी केंद्रीय कार्यालय, इरला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने लाभार्थियों को वर्चुअल माध्यम से सब्सिडी जारी की। इस अवसर पर केवीआईसी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रूप राशि सहित केंद्रीय कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# आरबीआई ने नीतिगत ब्याज दर को 0.50 फीसदी घटाकर 5.50 फीसदी किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महंगाई दर में नरमी के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को 0.50 फीसदी घटाकर 5.50 फीसदी कर दिया है। रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज द्वैमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद यह एलान मुंबई में किया। आरबीआई के इस फैसले से होम लोन और कार लोन की ईएमआई कम होने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, ऐसा बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के एलान के बाद ही हो पाएगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महंगाई दर में नरमी के बीच आरबीआई ने घरेलू अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से प्रमुख नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 0.50 फीसदी घटाकर 5.50 फीसदी कर दिया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, चालू वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.50 फीसदी रहने का अनुमान है, जो




हमारे पहले के पूर्वानुमान के अनुसार जारी रहेगी, जिसमें पहली तिमाही 6.50 फीसदी, दूसरी तिमाही 6.7 फीसदी, तीसरी तिमाही 6.6 फीसदी और चौथी तिमाही 6.4 फीसदी रहेगी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने साल 2025 में लगातार तीसरी बार एमएमसी की बैठक में नीतिगत ब्याज दरों रेपो रेट में कटौती का एलान किया है। इससे पहले आरबीआई ने इस वर्ष फरवरी और अप्रैल में लगातार दो बार रेपो रेट में 0.25-0.25 फीसदी तक की कटौती की थी, जिससे यह घटकर 6 फीसदी पर आ गई थी, जो इस बार की कटौती के बाद घटकर 5.50 फीसदी हो गई है।

# राफेल लड़ाकू विमान की मेल बॉडी अब बनेगी भारत में

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन (टीएएसएल) के साथ चार उत्पादन हसतांतरण करार किये हैं जिसमें तहत राफेल लड़ाकू विमान की मेन बॉडी का निर्माण भारत में किया जायेगा। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। इन दोनों कंपनियों ने यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह करार देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है और उच्च परिशुद्धता विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगी। साझेदारी के दायरे में, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों




के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पूरी बॉडी का निर्माण किया जायेगा। वित्त वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से पहला फ्यूजलाज बनने की उम्मीद है, इस सुविधा से हर महीने दो पूर्ण फ्यूजलाज तैयार होने की उम्मीद है। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल फ्यूजलाज का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल निर्माण में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

# भारत ने समुद्री बुनियादी ढांचे के लिए 20 अरब अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 20 अरब अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स, बंदरगाह संपर्क और व्यापार सुविधा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि सोनोवाल ने ओस्लो में नोर-शिपिंग सम्मेलन में बोलते हुए भारत की बढ़ती समुद्री क्षमताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें अनुकूल नीति प्रेरित निवेश वातावरण, सिद्ध जहाज निर्माण शक्ति और क्षेत्रीय विकास में तेजी लाने के लिए नवीन वित्तपोषण योजनाएं शामिल हैं। सर्बानंद सोनोवाल ने




ओस्लो में नॉर-शिपिंग में नाविकों की भर्ती के लिए अधिक भागीदारी का आह्वान किया। पोत परिवहन मंत्री ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी), पूर्वी समुद्री गलियारा (ईएमसी) और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) जैसे रणनीतिक गलियारों के साथ समुद्री संपर्क और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स, बंदरगाह संपर्क और व्यापार सुविधा बढ़ाने पर केंद्रित बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। सोनोवाल ने कहा, नीतिगत प्रोत्साहनों, व्यापार में आसानी और बुनियादी ढांचे में वृद्धि के माध्यम से, हम 2047 तक भारत को शीर्ष पांच जहाज निर्माण देशों में से एक के रूप में उभरने की नींव रख रहे हैं। सोनोवाल नॉर्वे और डेनमार्क की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

## वित्त मंत्रालय ने राज्यों से बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों से बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा करने और जनता के लिए निर्बाध बैंकिंग सेवाएं बनाए रखने को कहा है।

सरकार का यह कदम हाल ही में बैंक परिसरों में असामाजिक तत्वों द्वारा बैंक कर्मचारियों के साथ आक्रामक व्यवहार करने की परेशान करने वाली घटनाओं के बाद आया है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों से बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बैंकिग सुविधाओं तक जनता की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कहा है। नागराजू ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को संबोधित एक पत्र में बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा और जनता के लिए दैनिक वित्तीय जरूरतों और आर्थिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए निर्बाध बैंकिंग सेवाओं को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। डीएफएस सचिव एम नागराजू ने मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा, हाल के दिनों में समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया कवरेज ने बैंक परिसर के भीतर असामाजिक तत्वों द्वारा बैंक कर्मचारियों के साथ आक्रामक व्यवहार करने की परेशान करने वाली घटनाओं को उजागर किया है, जिसमें मौखिक दुर्व्यवहार, शारीरिक हमला और यहां तक कि परिचालन में बाधा डालना भी शामिल है। उन्होंने कहा, बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा और बैंकिंग तक निर्बाध सार्वजनिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निवारक कानूनी उपायों के साथ ऐसी कार्रवाइयों से दृढ़ता और तत्परता से निपटा जाना चाहिए।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 444 अंक उछला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन भी घरेलू शेयर बाजार में खरीदारी दिखी। कारोबार के अंत में दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक?सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 443.79 अंक यानी 0.55 फीसदी की उछाल के साथ 81,442.04 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.53 फीसदी की बढ़त के साथ 24,750.90 के स?तर पर बंद हुआ है विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। कारोबार के दौरान



सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सर्वाधिक 4.50 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। इसके साथ ही पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। इसके उलट इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। इसके अलावा एशिया के अन्य प्रमुख बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि जापान का निक्की 225 नुकसान में रहा। यूरोपीय बाजार दोपहर कारोबार के दौरान बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.35 फीसदी बढ़कर 65.14 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इससे पहले बुधवार को भी शेयर बाजार में तेजी रही। बीएसई का सेंसेक्स 260 अंक की बढ़त के साथ 80,998 के स्तर पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी में भी 78 अंक की बढ़त के साथ 24,620 के स्तर पर बंद हुआ था।

# भारत और किर्गिस्तान के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि लागू हुई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और किर्गिज गणराज्य की सरकार के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही भारत-किर्गिजस्तान के बीच बीआईटी आज से लागू हो गया। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिज गणराज्य के विदेश मंत्री झीनबेक कुलुबाएव मोल्दोकानोविच के बीच आज नई दिल्ली में हस्ताक्षर हुए। भारत और किर्गिज़ सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) आज से लागू हो गई है। यह नई बीआईटी 12 मई, 2000 को लागू किए गए पहले के समझौते का स्थान लेगी, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश की सुरक्षा में निरंतरता सुनिश्चित होती है। वित्त मंत्रालय ने



कहा कि भारत-किर्गिज बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षित तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य एक दूसरे के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है।

## सुदर्शन वेणु टीवीएस मोटर के अध्यक्ष नियुक्त, 25 अगस्त को संभालेंगे कार्यभार

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने सुदर्शन वेणु को कंपनी का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। वह 25 अगस्त से अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अपना पदभार संभालेंगे। टीवीएस मोटर कंपनी ने एक बयान में बताया कि निदेशक मंडल ने



सर्वसम्मति से सुदर्शन वेणु को कंपनी का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। निदेशक सुदर्शन वेणु 25 अगस्त से कार्यभार संभालेंगे। टीवीएस बोर्ड का यह निर्णय ऐसे समय में आया है, जब वर्तमान चेयरमैन राल्फ स्पेथ ने पुनर्नियुक्ति लेने से इनकार कर दिया है। वे 22 अगस्त को कंपनी की एजीएम के बाद पद छोड़ देंगे। सुदर्शन वेणु ने नियुक्ति के बाद कहा, वर्तमान अध्यक्ष सर राल्फ स्पेथ कंपनी को वैश्विक स्तर पर और अधिक विकसित करने के लिए मार्गदर्शन देने में एक प्रमुख व्यक्ति रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह स्पेथ से निरंतर मार्गदर्शन की उम्मीद करते हैं।

# 2030 तक एक हजार हाईड्रोजन चालित ट्रकों के संचालन का लक्ष्य

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के निदेशक अभय बाकरे ने कहा कि 2030 तक सरकार का लक्ष्य एक हज़ार से अधिक हाइड्रोजन-संचालित ट्रकों के संचालन का है, जिसमें परिवहन क्षेत्र हरित हाइड्रोजन की मांग पैदा करने वाला पहला क्षेत्र होगा और इससे तीन वर्षों के भीतर डीजल के साथ 25से 30 प्रतिशत लागत अंतर को कम करने में मदद मिलेगी। श्री बाकरे ने सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर ‘मोबिलिटी में क्रांति लाना- ऑटोमोटिव उद्योग को स्वच्छ और सर्कुलर भविष्य की ओर ले जाना’ विषय पर आयोजित 5वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि परिपक्व प्रौद्योगिकी और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ, 7-8 साल पहले अपनी शुरुआत के बाद से भारत में ईवी ने तेजी से विस्तार किया है। 2035 तक सियाम के पेशेवर मार्गदर्शन और आईएम की प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर सड़कों पर हाइड्रोजन वाहनों की एक महत्वपूर्ण संख्या की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विकेन्द्रीकृत पहुँच को सक्षम करने के लिए 10 स्वीकृत हाइड्रोजन ईंधन भरने वाले गलियारों के साथ हरित हाइड्रोजन अवसंरचना विकसित हो रही है। 2030 तक, हमारा लक्ष्य एक हज़ार से अधिक हाइड्रोजन-संचालित ट्रकों का है, जिसमें परिवहन क्षेत्र हरित हाइड्रोजन की मांग पैदा करने वाला पहला क्षेत्र होगा, जो तीन वर्षों के भीतर डीजल के साथ 25 से30 प्रतिशत लागत अंतर को कम करेगा। भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. हनीफ कुरैशी ने कहा, भारत में पहले से ही 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण हासिल किया गया है और 11 से अधिक कंपनियां फ्लेक्स-फ्यूल इंजन विकसित कर रही हैं। स्वच्छ तकनीकें भविष्य हैं, और हरित अर्थव्यवस्था के साथ-साथ, हम विनिर्माण के स्वदेशीकरण को प्राथमिकता दे रहे हैं। हाइड्रोजन को अपनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है और पुराने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए डीजल ट्रकों को स्क्रैप करने और स्थानीय रूप से निर्मित घटकों को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ आवंटित करने के साथ एक इलेक्ट्रिक ट्रक कार्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारत 14,000 इलेक्ट्रिक बसें चला रहा है, जो अपनी तरह का सबसे बड़ा टेंडर है, साथ ही हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक एम्बुलेंस के लिए पहल भी कर रहा है। सियाम के अध्यक्ष और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड एवं टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, सर्कुलर इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के लिए, हमें तीन प्रमुख हस्तक्षेपों की आवश्यकता है- पहला, ओईएम को हल्के वजन वाली तकनीक और कुशल वाहन जीवनचक्र प्रबंधन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक मजबूत नीतिगत ढांचा; दूसरा, 125 स्वीकृत स्क्रैपिंग सुविधाओं की मदद से, जिनमें से 65 चालू हैं, जीवन-अंत वाहनों को स्क्रैप करने को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन या हतोत्साहन तंत्र; और तीसरा, प्रभावी ईओएल, वाहन संग्रह केंद्र स्थापित करने के लिए संयुक्त उद्योग-सरकारी अभियानों के माध्यम से रीसाइक्लिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करना। इस सम्मेलन में सरकार, उद्योग जगत, थिंक टैंक और इंजीनियरिंग के लोगों ने भाग लिया और पर्यावरण के प्रति जागरूक मोबिलिटी सिस्टम, सर्कुलरिटी, बदलाव में तेजी लाने और जिम्मेदार कार्रवाई को सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया।



## बिग बॉस 19 में 'बबीता जी' की एंट्री?

# मुनमुन दत्ता

## को मिला ऑफर, सलमान के शो में आ सकती हैं नजर!

जब से सुपरस्टार सलमान खान के मशहूर रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन की वापसी की पुष्टि हुई है, तब से इस शो को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. कहा जा रहा है कि कलर्स टीवी का ये रियलिटी शो जल्द ही शुरू हो सकता है. इसी बीच, शो में नजर आने वाले संभावित कंटेस्टेंट के नामों पर अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं. अब खबर आ रही है कि पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की 'बबीता जी' यानी मुनमुन दत्ता भी इस बार 'बिग बॉस' के घर का हिस्सा बन सकती हैं.

बिग बॉस के सीजन 19 में मेकर्स सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को नहीं बल्कि सिर्फ एक्टर्स को शामिल करना चाहते हैं और यही वजह है कि वो टीवी और फिल्मों के ऐसे एक्टर्स को अप्रोच कर रहे हैं, जो उन्हें अच्छा कंटेंट दे पाएं. टीवी9 हिंदी डिजिटल को सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हमेशा की तरह इस बार भी बिग बॉस की टीम ने मुनमुन को संपर्क किया है. दोनों के बीच बातचीत चल रही है. लेकिन अब तक मुनमुन ने इस शो में शामिल होने के लिए हां नहीं कहा है.

**कई बार मिल चुका है बिग बॉस का ऑफर**

पिछले 10 सालों से मुनमुन दत्ता 'बिग बॉस' के लिए अप्रोच किया जा रहा है. लेकिन अक्सर वो इस शो में शामिल होने से इनकार कर देती हैं. अब इस बार मुनमुन शो का हिस्सा बनती हैं या नहीं, यह देखना दिलचस्प होगा. हालांकि, इस खबर ने सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, और मुनमुन दत्ता को लेकर खूब चर्चा हो रही है.

विवादों से भी रहा है 'बबीता जी' का नाता

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में 'बबीता जी' का किरदार निभाकर मुनमुन दत्ता ने घर-घर में अपनी पहचान बनाई है, लेकिन उनका नाम कुछ विवादों से भी जुड़ा रहा है. उनकी निजी जिंदगी में उम्र में 10 साल छोटे को-स्टार राज अनादकट के साथ उनके रिश्ते और गुपचुप सगाई की खबरें भी सुर्खियां बटोर चुकी हैं.

## तारक मेहता... की भिड़े भाभी की बेटी की खूबसूरती देख दीपिका-आलिया को भूल जाएंगे, हो गई हैं इतनी बड़ी



टीवी का मशहूर सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दर्शकों के लिए एक इमोशन बन गया है. इस शो के हर किरदार ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है, फिर चाहे वो जेठालाल और दयाबेन हों या फिर भिड़े मास्टर और उनकी पत्नी माधवी भिड़े. माधवी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सोनालिका जोशी ने अपनी सादगी और 'अचार-पापड़' के बिजनेस से सबको खूब हंसाया है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि असल जिंदगी में भी उन्हें 'सोनू' की तरह एक बेटी है. सोनालिका की रियल लाइफ 'सोनू' का नाम आर्या जोशी है. आर्या अब काफी बड़ी हो गई हैं. खुद को कैमरा की नजरों से दूर रखने वाली आर्या खूबसूरती में दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट को पीछे छोड़ सकती हैं.

सोनालिका जोशी की बेटी आर्या जोशी को ज्यादातर लोग नहीं जानते. तारक मेहता के फैंस ने छोटी आर्या को ज्यादातर अपनी मां के इंटरव्यू में देखा होगा लेकिन अब आर्या बड़ी हो गई हैं और उनके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं. इन वीडियो में आर्या बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिख रही हैं. उनकी खूबसूरती ऐसी है कि लोग उनकी तुलना बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस, जैसे दीपिका पादुकोण या आलिया भट्ट से करने लगे हैं. आर्या का मॉडर्न अंदाज़, आत्मविश्वास और उनकी सादगी का मेल लोगों को खूब पसंद आ रहा है. उनका स्टाइल अपनी मां से बिल्कुल अलग है.

**पढ़ाई पर है आर्या का पूरा फोकस**

आर्या जोशी फिलहाल ग्लैमर की दुनिया से थोड़ी दूर हैं और अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे रही हैं. हालांकि, उनकी मां सोनालिका जोशी अक्सर अपनी और आर्या की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं. दोनों मां-बेटी को एक साथ गाना गाना बहुत पसंद है. उनके म्यूजिक वीडियो पर भी फैंस खूब प्यार लुटाते हैं.

आर्या एक अच्छी सिंगर ही नहीं बल्कि टैलेंटेड डांसर भी हैं. लेकिन फिलहाल वो कैमरे की नजरों से दूर रहना चाहती हैं और यही वजह है कि आर्या ने अपनी पर्सनल सोशल मीडिया प्रोफाइल प्राइवेट रखी है, फिलहाल सोशल मीडिया पर उनके महज 344 फॉलोअर्स हैं.

